फोनः-4103333, 2362400 फैक्सः-0141-2373513 वर्षः 74 संख्याः 155 प्रभात जयपुर, शुक्रवार 5 जनवरी, 2024 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 2.75 रु.

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

Rashtradoot

Metro

epaper.rashtradoot.com

ARBiT



**Assam Rifles Has Riflewomen**

Women have been used by some terrorist groups as terrorists, but in the Valley, terrorists have used women as couriers for illicit smuggling

**Parenting Resolutions for the New Year**

Even while resolutions are sometimes broken as the year goes on, establishing attainable and realistic goals might improve your family's dynamic




## जयपुर के स्कूलों में 13 जनवरी तक अवकाश

जयपुर, 4 जनवरी (का.सं.)। जयपुर जिला कलक्टर प्रकाश राजपुरोहित ने एक आदेश जारी कर जिले के समस्त राजकीय एवं गैर राजकीय विद्यालयों में कक्षा 1 से 8वीं तक के विद्यार्थियों के लिए 6 जनवरी से 13 जनवरी, 2024 तक अवकाश घोषित किया है। आगामी दिनों में तापमान गिरने से सर्दी का प्रकोप और बढ़ने और शीतलहर चलने की संभावना को देखते जिला कलक्टर ने अवकाश के आदेश जारी किये हैं। हालांकि, इस दौरान शिक्षकों एवं अन्य संचालित परीक्षाओं का समय यथावत रहेगा। आदेश की अवहेलना करने वाले राजकीय एवं निजी विद्यालयों के खिलाफ नियमानुसार कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

- **जिला कलैक्टर ने 1 से 8वीं कक्षा तक के विद्यार्थियों के लिए अवकाश घोषित किया और कहा कि, आदेश सभी स्कूलों पर लागू होगा।**

# कांग्रेस ने राहुल गांधी की भारत न्याय यात्रा का नया नामकरण किया

## पार्टी ने इसमें ''जोड़ो'' शब्द जोड़ दिया है अब इसका नाम ''भारत जोड़ो न्याय यात्रा'' है

-डॉ. सतीश मिश्रा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 4 जनवरी। कांग्रेस ने राहुल गांधी की भारत न्याय यात्रा में ''जोड़ो'' शब्द और जोड़ दिया है, अब यह यात्रा, ''भारत जोड़ो न्याय यात्रा'' कहलाएगी। सभी को न्याय दिलाने के साथ-साथ परस्पर जोड़ने के उद्देश्य से यह यात्रा निकाली जायेगी।

राहूल गांधी के नेतृत्व में भारत जोड़ो यात्रा का यह दूसरा चरण 14 जनवरी से मणिपुर से शुरु होगी। इस यात्रा का उद्देश्य उत्तर पूर्वी राज्यों के निवासियों की पीड़ा और जो अन्याय उन पर राज्य और केन्द्र की असंवदेनशील सरकारों द्वारा किया जा रहा है पर ध्यान दिलाना है।

- **यात्रा 14 जनवरी को मणिपुर से शुरू होगी, जिसने हाल ही में भारी हिंसा देखी है और अभी भी वहां हालात सामान्य नहीं हुए हैं। पूर्व में यात्रा अरूणाचल प्रदेश से शुरू होने वाली थी।**
- **पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि, राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा को भारी सफलता मिली थी, उस यात्रा के प्रभाव को पुनः सृजित करने के लिए भारत न्याय यात्रा में ''जोड़ो'' शब्द जोड़ा गया है।**
- **राहुल गांधी की यात्रा का उद्देश्य आम जनता के लिए राजनैतिक, आर्थिक एवं सामाजिक न्याय सुनिश्चित करना है।**


जातीय दंगों के महीनों बाद भी मणिपुर सामान्य नहीं हो पाया है।

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्षों व विधायक दल के नेताओं के साथ साढ़े तीन घंटे चली बैठक के बाद कांग्रेस महासचिव जयराम ने प्रैस वार्ता में कहा कि यह निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया है।

66 दिन तक चलने वाली और 6700 किमी लंबी यात्रा अब भारत जोड़ो न्याय यात्रा है और महात्मा गांधी के जन्म स्थान पोरबंदर (गुजरात) पहुँचने के पहले यह 15 राज्यों और 100 लोकसभा चुनाव क्षेत्रों से होकर गुजरेगी। कांग्रेस पहले ये यात्रा अरूणाचल प्रदेश से शुरू करना चाहती थी लेकिन इम्फाल से शुरू करने का मकसद पूरे उत्तर पूर्व का संदेश देना है कि वो जून 2023 से शुरू हुये दंगों से बहुत व्यथित है।

यात्रा के दूसरे चरण की शुरुआत

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )




## 'सरकारी आवास में रहने दिया जाए'

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 4 जनवरी। दिल्ली हाई कोर्ट ने लोकसभा की निष्कासित सदस्य व तृणमूल नेता महुआ मोइत्रा से गुरूवार को सुनवाई के दौरान कहा कि, वे उन्हें आवंटित सरकारी आवास में निवास करते करने की अनुमति प्राप्त करने के लिए, ''डायरैक्टोरेट ऑफ एस्टेट'' (सम्पदा निदेशालय) के पास जाएं।

- **निष्कासित सांसद महुआ मोईत्रा ने दिल्ली हाई कोर्ट से अनुमति मांगी, कोर्ट ने कहा, डायरैक्टोरेट ऑफ एस्टेट से अपील कीजिए।**

न्यायाधीश सुब्रमण्यम प्रसाद ने कहा कि, नियमों में प्राधिकारियों को यह शक्ति प्राप्त होती है कि वे अपवाद स्वरूप विशेष परिस्थितियों में कुछ निश्चित समयावधि के लिए सरकारी आवास में और अधिक निवास करने की

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# केजरीवाल और भाजपा की जंग हास्यास्पद रूप लेती जा रही है

-सुकुमार साह-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 4 जनवरी। देश की राजधानी में जो ड्रामा चल रहा है, वह किसी हास्य नाटिका से कम नहीं है। दिल्ली के मुख्यमंत्री एवं आम आदमी पार्टी (आप) के संयोजक अरविन्द केजरीवाल ने दिल्ली एक्साइज पॉलिसी केस में एनफोर्समैन्ट डायरैक्टोरेट (ई.डी.) के समक्ष उपस्थित होने से तीसरी बार इन्कार कर दिया है। उन्होंने भाजपा पर आरोप लगाया है कि वह उन्हें गिरफ्तार करने का एक कुटिल इरादा रखती है। प्रश्न यह पूछा जा रहा है कि क्या ई.डी. कोई त्वरित कार्रवाई करेगा? और क्या भाजपा यह जोखिम लेने के लिए तैयार है कि उसे एक गंदी राजनीति करने वाली पार्टी के रूप में देखा जाए? इसको लेकर एक ''वेटिंग गेम'' चल रहा है।

- **केजरीवाल ने लगातार तीसरी बार ई.डी. का सम्मन ठुकरा दिया और अब आप पार्टी के नेता कह रहे हैं कि, ई.डी. सी.एम. हाउस पर रेड करके केजरीवाल को गिरफ्तार कर सकता है।**
- **भाजपा ई.डी. के मुद्दे पर केजरीवाल को ''विक्टिम कार्ड'' नहीं खेलने देना चाहती है। शायद यही कारण है कि, कोई एक्शन लेने के बजाय ई.डी. चौथी बार सम्मन भेजने पर विचार कर रही है।**
- **केजरीवाल और उनकी पार्टी चाहती हैं कि, ई.डी. कोई एक्शन ले और उन्हें भाजपा को ''डर्टी पॉलिटिक्स'' के आरोप में बदनाम करने का मौका मिल जाए।**

एजेन्सियों की खबरों के अनुसार ई.डी. उसके समक्ष उपस्थित ना होने को लेकर केजरीवाल द्वारा भेजे गए प्रत्युत्तर की जांच कर रही है। आधिकारिक सूत्रों ने यहां गुरुवार को बताया कि कथित एक्साइज़ पॉलिसी केस की जांच में उपस्थिति को लेकर ई.डी. उन्हें चौथा समन भेज सकती है।

केजरीवाल ने ई.डी. के समक्ष उपस्थिति होने से तीसरी बार इन्कार करते हुए कहा कि ई.डी. का ''नाम डिस्कलोज़र'' और ''नॉन रैस्पॉनस'' रुख कानून और न्याय की कसौटी पर नहीं टिक सकता और ई.डी. जज, जूरी और जल्लाद की भूमिका निभा रही है।

आप नेता आतिशी और पार्टी के कुछ अन्य नेताओं ने बुधवार रात्रि ''एक्स'' पर डाली गई एक पोस्ट में लिखा कि ई.डी. केजरीवाल के आवास पर रेड डालकर उन्हें गिरफ्तार कर सकती है।

आप सूत्रों ने गुरुवार को दावे से कहा कि अरविन्द केजरीवाल के आवास को जाने वाली सड़कों को ब्लॉक कर दिया गया है तथा सभी दरवाजों पर पुलिसकर्मी तैनात कर दिए गए हैं क्योंकि ई.डी. मुख्यमंत्री पर रेड डालने व उन्हें गिरफ्तार करने की तैयारी कर रही है।

तथापि, दिल्ली पुलिस ने कहा कि चूंकि आप नेताओं ने दावा किया था कि केजरीवाल के आवास पर रेड डालकर उन्हें गिरफ्तार किया जाएगा, इसलिए वहां मीडियाकर्मी एकत्रित हो गए हैं और उन्हें ''मैनेज'' करने के लिए सी.एम. हाउस के आसपास सुरक्षा कड़ी की गई है। आम आदमी पार्टी के एक सूत्र ने कहा कि सी.एम. हाउस की ओर जाने वाली सड़कों को बंद कर सभी निकास व प्रवेशद्वारों पर पुलिसकर्मी तैनात कर दिए गए हैं। यहां तक कि मुख्यमंत्री आवास पर तैनात स्टाफकर्मियों को भी अंदर नहीं जाने दिया गया।

''आप'' के इस आरोप पर कि लोकसभा चुनावों में प्रचार करने से रोकने के लिए ही भारतीय जनता पार्टी केजरीवाल को गिरफ्तार करना चाहती

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## उत्तर भारत में ''कोल्ड डे अलर्ट'' जारी

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 4 जनवरी। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने गुरुवार को दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान व उत्तर प्रदेश में अत्यधिक कंपकंपा देने वाली शीत लहर चलने के साथ ही आगामी दो दिनों तक ''जबरदस्त शीत दिवस'' बने रहने की चेतावनी जारी की है इसके साथ ही राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली सहित इसके आस-पास के क्षेत्रों में घने कोहरा पड़ने की चेतावनी दी है। कड़ाके की सर्दी, घने कोहरे व कम दृश्यता

- **मौसम विभाग ने अगले दो दिन तक राजस्थान, दिल्ली, पंजाब, हरियाणा व उत्तर प्रदेश में घना कोहरा छाए रहने की भविष्यवाणी की तथा ''कोल्ड डे अलर्ट'' जारी किया।**

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# आखिर किस बात की जल्दी है नीतीश कुमार को?

## क्यों वे लोकसभा चुनाव के साथ ही विधानसभा चुनाव करवाना चाहते हैं?

-श्रीनंद झा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 4 जनवरी। चर्चा है कि, बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार इस वर्ष होने वाले लोकसभा चुनावों के साथ-साथ विधानसभा चुनाव करवाने के लिए लॉबीइंग कर रहे हैं।

पिछले पूरे पखवाड़े में, नीतीश कुमार किसी ना किसी कारण से खबरों में बने हुए हैं। एक थ्योरी यह है कि, कुमार इसलिए नाराज़ हैं क्योंकि, इण्डिया ब्लॉक का कनवीनर बनाए जाने की उनकी मांग नहीं मानी गई तथा वो एन.डी.ए.में पुनः प्रवेश की बात पर विचार कर रहे हैं। ये तर्क भी दिए जा रहे हैं कि, कुमार के ऊपर राजद का भारी दबाव है कि वो तेजस्वी यादव के लिए मुख्यमंत्री पद खाली कर दें। तीसरा विचार है कि, निष्फलता के कगार पर पहुँच चुके नीतीश कुमार अपना राजनीतिक जीवन बढ़ाने के लिए एक बार फिर अपने आप में कुछ बदलाव और नयापन लाने की कोशिश कर रहे हैं।

- **चर्चा है कि, नीतीश कुमार कई कारणों से एन.डी.ए. में लौटना चाहते हैं।**
- **एक तो वह इंडिया ब्लॉक का संयोजक नहीं बनाए जाने से नाराज हैं।**
- **दूसरा कारण यह है कि, उन पर मुख्यमंत्री की कुर्सी छोड़ने के लिए राजद की ओर से भारी दबाव डाला जा रहा है। लालू यादव अपने बेटे तेजस्वी को मुख्यमंत्री बनाना चाहते हैं।**

वैसे भी, लग रहा है कि कुमार काफी जल्दी में हैं। एन.डी.ए. पार्टनर के रुप में अपने लंबे कार्यकाल में कुमार ने स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी व लालकृषण अडवानी सहित भाजपा के वरिष्ठ नेताओं के साथ अच्छे संबंध बना लिए थे और अपनी शर्तों पर राजनीतिक लाभ लेने में सफल रहे थे। मोदी-शाह के कार्यकाल में भी वो मुख्यमंत्री पद पाने में सफल रहे

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# आंध्र में कांग्रेस के ''रिवाइवल'' का श्रीगणेश

## मुख्यमंत्री जगन मोहन की बहन शर्मीला समर्थकों सहित कांग्रेस में शामिल हुईं

-लक्ष्मण वैंकट कुची-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 4 जनवरी। एकीकृत आंध्र प्रदेश के पूर्व दिग्गज वाय.एस. राजशेखर रेड्डी की पुत्री वाय.एस. शर्मीला द्वारा अपनी पार्टी का कांग्रेस में विलय करने की सहमति प्रदान करने के साथ ही आंध्र प्रदेश में कांग्रेस के पुनरुत्थान की पहली वास्तविक कार्यवाही सामने आ गई है। राजशेखर रेड्डी ने आंध्र में दो बार लोकसभा की 30 से ज्यादा सीटें जितवाकर केन्द्र में दो बार यू.पी.ए. सरकार गठित करवाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

बुधवार को कांग्रेस ने एक घोषणा की थी कि ''एक बड़ी शख्सियत कल सुबह 10:30 बजे पार्टी में शामिल होने वाली हैं। कांग्रेस ने यह घोषणा कुछ वैसे ही की थी, जैसी कि भाजपा प्रायः अपने कानाफूसी अभियान और सोशल मीडिया की सुर्खियों के माध्यम से करती है। शर्मीला अपनी पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ गुरुवार सुबह ए.आई.सी.सी. मुख्यालय पहुंची और कांग्रेस में शामिल हो गई, इस मौके पर पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी उपस्थित थे।

इससे, कांग्रेस का आंध्र प्रदेश में निश्चित रूप से उत्साहवर्धन हुआ, जिसने पिछले 10 वर्षों में अपने लोगों को पार्टी छोड़कर दूसरी पार्टियों में ही शामिल होते देखा है और आंध्र में उसका वोट शेयर भी 2 प्रतिशत से कम हो गया है। संयोग से, कांग्रेस का वोट शेयर वाय.एस.आर. के पुत्र जगन मोहन की पार्टी ने हथिया लिया है और कांग्रेस के पुराने नेता भी कांग्रेस से छोड़ कर उनकी नवगठित युवजन श्रमिक रायूत कांग्रेस पार्टी (वाय.एस.आर.सी.पी.) में शामिल हो गए थे।

जगन मोहन रेड्डी ने इसकी प्रतिक्रिया में कहा कि कुछ पार्टियां अपने राजनीतिक लाभ के लिए परिवारों में विभाजन तक करवा देती है। इसके तुरन्त बाद उन्होंने तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री के. चन्द्रशेखर राव से बात की, जो खुद भी कांग्रेस से चोट खाए है।

- **गुरूवार को सुबह 10.30 बजे शर्मीला अपने समर्थकों के साथ ए.आई.सी.सी. कार्यालय पहुंचीं और पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी की मौजूदगी में कांग्रेस में शामिल हो गईं।**
- **आंध्र प्रदेश में दस साल से कांग्रेस ने सिर्फ पार्टी छोड़ने वालों को ही देखा, इसका वोट बैंक भी दो प्रतिशत से कम हो गया था, क्योंकि कांग्रेस के नेता और वोट बैंक सब जगन मोहन के पाले में चले गए थे।**
- **जगन मोहन रेड्डी ने इस विलय पर प्रतिक्रिया दी कि, कुछ पार्टियां राजनैतिक लाभ के लिए परिवार तक को तोड़ देती हैं। उसके बाद उन्होंने तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री के. चन्द्रशेखर राव से भी बात की।**
- **शर्मीला ने कहा कि, वे खुश हैं क्योंकि अब वे राहुल गांधी को प्रधानमंत्री बनाने के अपने पिता के सपने के लिए काम करेंगी।**
- **आंध्र में शर्मीला का बड़ा जनाधार है। जब उनके भाई 2012-13 में जेल में थे तब उन्होंने 3100 किमी लम्बी पद यात्रा निकाली थी और 2019 में वाय.एस.आर.सी.पी. को जिताने में अहम् भूमिका निभाई थी। पर बाद में उनके अपने भाई के साथ मतभेद बढ़ गए थे।**

शर्मीला ने कहा कि उन्हें खुशी है कि वह राहुल गांधी को प्रधानमंत्री बनाने के अपने स्वर्गीय पिता के सपने को साकार करने की दिशा में काम करेंगी। उन्होंने कांग्रेस में शामिल होकर अपनी पार्टी युवजन श्रमिक रायूत (वाय.एस.आर.) तेलंगाना पार्टी के भी उसमें विलय की घोषणा की।

खड़गे और राहुल गांधी द्वारा भेंट किए गए कांग्रेस के निशान युक्त वस्त्र गले में पहनने के बाद शर्मीला ने कहा कि ''मैं इससे बहुत खुश हूं कि वाय.एस.आर. तेलंगाना पार्टी आज के बाद से कांग्रेस का अंग बनने जा रही है।

शर्मीला ने अपने भाई के साथ गंभीर मतभेद होने के बाद वर्ष 2021 में अपनी क्षेत्रीय पार्टी का गठन किया था। उन्होंने कहा कि मेरे पिता राजशेखर रेड्डी तेलुगू भाषी लोगों के प्रसिद्ध नेता थे। उन्होंने कांग्रेस पार्टी की सेवा में अपना पूरा जीवन लगा दिया था और आज उन्हें बहुत खुशी होगी कि उनकी पुत्री उनके पदचिन्हों पर चलकर कांग्रेस पार्टी का हिस्सा बनने जा रही है। कांग्रेस ने हमारे देश की नींव रखी है और सभी समुदायों की निष्पक्ष सेवा कर भारत के सभी वर्गों को एकजुट किया है और इसीलिए मैं कांग्रेस में शामिल हुई हूं।''

शर्मीला ने मीडियाकर्मियों से कहा कि ''एक ईसाई होने के नाते मैं यह भी कहना चाहूंगी की मणिपुर में हुई बर्बरता से मैं बहुत आहत हुई हूँ। दो हजार चर्च तोड़े गए और 60 हजार लोग बेघर हुए और उस तरह की नृशंसता को मैं आज तक नहीं भूल पाई हूं। उस दिन मैंनें सोचा, यह बात अचानक मेरे दिमाग में आई कि जब कोई धर्मनिरपेक्ष पार्टी सत्ता में नहीं होती है, तब ऐसा ही होता है।''

कुछ दिन पूर्व हुई एक रणनीतिक मीटिंग के बाद हुआ उनका प्रवेश कांग्रेस के सुनिश्चित पुनरुत्थान का संकेत है। रणनीतिक मीटिंग में निर्णय लिया गया

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## सुप्रीम कोर्ट से पवन खेड़ा को राहत नहीं

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 4 जनवरी। सुप्रीम कोर्ट ने गुरूवार (4 जनवरी) को कांग्रेस के प्रवक्ता पवन खेड़ा की उस याचिका को खारिज कर दिया जिसमें उन्होंने उनके खिलाफ चल रहे आपराधिक मामले की कार्यवाही को रद्द करने की गुहार लगाई थी। खेड़ा ने मुम्बई में आयोजित एक प्रैस कॉन्फ्रैंस में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ एक व्यक्तिगत टिप्पणी की थी, इसलिए उनके खिलाफ केस दायर

- **कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा की, प्रधानमंत्री पर की गई कथित टिप्पणी के विरोध में दर्ज अपराधिक मामले को रद्द करने की याचिका सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दी।**

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## विचार बिन्दु

धन से हम जीवन की सारी सुख सुविधा तो हासिल कर सकते हैं, पर जीवन में सुकून केवल अच्छे कर्मो से ही आता है। - अरविन्द कटोच

# नव वर्ष, हर्ष नव, जीवन उत्कर्ष नव, नव उमंग, नव तरंग, नवल चाह, जीवन का नव प्रवाह, नव वर्ष 2024 में भारत, विश्व में नई उम्मीद बनकर उभरेगा

बड़े-बड़े ज्योतिषियों की भविष्यवाणी अथवा अंतर्राष्ट्रीय भविष्य के ज्ञाता नास्त्रेदमस, संत अच्युतानंदन, बाबा बेंगा की भविष्यवाणी को समझे तो यह स्पष्ट होगा कि वर्ष 2024 में युगांतकारी परिवर्तन आएंगे। जलवायु परिवर्तन (ग्लोबल वार्मिंग) के कारण ऋतु परिवर्तन होंगे। बे-मौसम बरसात होगी। भूकंप-सुनामी कहर ढाएगी। तूफान देशों को निगल जाएंगे, भूचाल आएगा। सर्द देश गर्म होंगे और गर्म देशों (रेगिस्तान) में स्नोफॉल होगा। समुद्र अपनी सीमाएं लांघेगा। धरती की उपजाऊ क्षमता कम होगी। एटम बम के बाद अब घातक मिसाइलों का युग प्रारंभ होगा। गाजा, इजरायल, हमास, यूक्रेन व रूस की लड़ाई शीघ्र ही विश्वयुद्ध में परिवर्तित हो सकती है। दलाई लामा ने सही कहा है, तीसरा विश्वयुद्ध होगा। जापान में जो भूकंप आया है, उसने दुनिया को हिला दिया है। गाजा, यूक्रेन व यमन ने दुनिया की टेंशन बढ़ा दी है। इसरो ने नया इतिहास लिखा है। भारत में जो नए डवलपमेंट हो रहे हैं, उनके अनुसार भारत बुलेट ट्रेन से 5 गुनी रफ्तार से नई प्रकार की ट्रेन चलाएगा। भारत एक बड़ी आर्थिक शक्ति होकर रहेगा। भारत ने जो विकास की गति प्राप्त की है, उसे कोई नहीं रोक पाएगा। धरती मां भारत का साथ दे रही है। लिथियम व टाइटेनियम जैसे रेयर अर्थ का भंडार धरती ने उसे दिये हैं जो विकास का नया इतिहास लिखेंगे। नई गाडियां (कार) आएंगी। उनके हॉर्न भी नहीं बजेंगे। 2024 में भारत की संसद के चुनाव होंगे। इसी समय पाकिस्तान-बांग्लादेश में भी आम चुनाव होंगे। अमेरिका-ब्रिटेन में भी चुनाव होंगे। 40 देशों में चुनाव होंगे। ऐसा अनुमान है कि 4 अरब आबादी मतदान करेगी। ये चुनाव संघर्षमय होंगे।

**केजरीवाल का ममता के साथ, बीजेपी घटकों के साथ कांग्रेस के विरूद्ध एकजुट होना संभव नहीं है। मायावती क्या खेल खेलेगी, अभी कहा नहीं जा सकता है। टिकटों का बंटवारा इंडिया में हो सकेगा, संभव प्रतीत नहीं होता। इंडिया से कौन प्रधानमंत्री बनेगा, इस पर सहमति होना असंभव दिखाई दे रहा है। नीतीश कुमार पर क्या इंडिया घटकों को विश्वास हो सकता है?**

पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को चुनाव लड़ने के लिए अयोग्य माना गया है। रूस के पूर्व राष्ट्रपति को, ट्रंप को भी वहां की कोर्ट ने चुनाव में खड़े होने के लिए अयोग्य ठहराया है। भारत की राजनीति में परिवर्तन आया है। बीजेपी का अंतिम ऑपरेशन हो चुका है। मोदी ने आरएसएस को बदला है, उसकी विचारधारा को बदला है। मोदी-शाह व बीजेपी के अध्यक्ष नड्डा ने स्पष्ट कर दिया है कि नेताओं की सीनियोरिटी का अधिक महत्व नहीं है। राजस्थान, मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ के चुनावों के बाद जिस प्रकार नई सरकार का गठन किया है, उसने सबको चौका दिया है। बड़े-बड़े नेताओं के स्थान पर कार्यकर्ताओं को अधिक महत्व दिया गया है। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल का चयन अद्भुत ही कहा जाएगा। मुख्यमंत्री भजनलाल के मंत्रिमंडल में 22 मंत्रियों में 17 ऐसे हैं, जो पहली बार विधायक बने है। भाजपा ने प्रत्येक वोट बैंक को प्रतिनिधित्व दिया है। विधायक बाबूलाल खराड़ी को मंत्री बनाकर आदिवासी क्षेत्रों को संदेश दिया है कि उन जैसा आम आदमी भी मंत्री बन सकता है। भारत की राजनीति में एक नया मोड़ आया है। 2024 में संसद के चुनावों में न सीनियोरिटी चलेगी और न व्यक्ति का पद। संसद का टिकट उसी को मिलेगा, जो स्वयं के बल पर अपनी सीट जीत सके। टिकट उसी को मिलेगा, जिसे मोदी-शाह व बीजेपी अध्यक्ष की स्वीकृति मिलेगी। तीन राज्यों में चुनाव के बाद वहां जो सरकार का गठन हुआ है, उसने स्पष्ट संकेत दे दिया है कि धुरंधर नेता को भी घर बिठाया जा सकता है, उसका पत्ता काटा जा सकता है। मोदी के चेहरे अथवा मोदी के चुनाव प्रचार का अधिक लाभ नहीं मिल सकेगा। चुनाव यदि बीजेपी बनाम इंडिया हुआ तो गणित कहता है कि इंडिया के घटकों के पास बीजेपी व उसके घटकों से अधिक मत है। यह आकलन है कि सांसद भी अधिक है और 3 करोड़ मतदाता अधिक है। प्रश्न यही है कि क्या गठबंधन संगठित रह सकता है। केजरीवाल व ममता क्या करेंगे, स्पष्ट नहीं कहा जा सकता। केजरीवाल का ममता के साथ, बीजेपी घटकों के साथ कांग्रेस के विरूद्ध एकजुट होना संभव नहीं है। मायावती क्या खेल खेलेगी, अभी कहा नहीं जा सकता है। टिकटों का बंटवारा इंडिया में हो सकेगा, संभव प्रतीत नहीं होता। इंडिया से कौन प्रधानमंत्री बनेगा, इस पर सहमति होना असंभव दिखाई दे रहा है। नीतीश कुमार पर क्या इंडिया घटकों को विश्वास हो सकता है? राहुल गांधी पीएम का चेहरा होते हैं तो खरगे का क्या होगा। कांग्रेस 295 सीटों पर भाजपा से चुनाव लड़ेगी। केजरीवाल को पंजाब में किसी अन्य पार्टी का दखल स्वीकार नहीं है। कांग्रेस क्या राहुल गांधी के अतिरिक्त अन्य चेहरे पर सहमत हो सकती है। नीतीश कुमार इंडिया गठबंधन के संयोजक होंगे, क्योंकि उन्हें बनाकर ही इंडिया गठबंधन को बचाया जा सकता है। क्या बीजेपी गठबंधन इंडिया के किसी घटक (शरद पंवार) को अपने साथ ले सकता है। कहने का अर्थ है, स्थिति किसी भी प्रकार स्पष्ट नहीं है। समय की हमें प्रतीक्षा करनी होगी। यह भी चर्चा का विषय है कि कांग्रेस 9 राज्यों से चुनाव में गठबंधन कर सकती है। यह अजीब-सा लगता है कि चुनाव के समय राहुल गांधी अपनी न्याय यात्रा पर रहेंगे। मोदी भाईजान अथवा मुस्लिम महिलाओं का सम्मेलन भारत की राजनीति को क्या रंग देगा, यह तो भविष्य ही बतला सकेगा। मोदी ने बिसात बिछाई है, उसे क्या कोई चुनौती दे पायेगा? इंडिया के घटकों के कई नेताओं पर ईडी की कार्यवाही चल रही है, कहा जाता है कई नेता जेल जा सकते हैं, फिर उनकी पार्टी का क्या होगा। 22 जनवरी को अयोध्या में श्रीराम मंदिर के उद्घाटन व प्राण-प्रतिष्ठा के समय मोदी विरोधी पार्टियों के नेताओं के निमंत्रण ने उन्हें संकट में डाल दिया है। इसका असर भी संसद के चुनावों पर पड़ सकता है। मोदी का विकास मंत्र अपना प्रभाव डाल रहा है। यह कहा गया है कि 2024 में भारत 24 हजार करोड के रक्षा उपकरण निर्यात करेगा। जलवायु परिवर्तन (क्लाइमेट चेंज) वास्तविक घटना है। उसी प्रकार विश्व की इकोनॉमी है। यह वर्ष ग्लोबल इकोनॉमी के लिए चुनौतीपूर्ण रहेगा। अमरीका व चीन दोनों ही आर्थिक महाशक्तियां है, किंतु दोनों ही देश स्ट्रक्चरल समस्याओं से जूझ रहे हैं। अमरीका में भयंकर आर्थिक मंदी है और चीन का विशिष्ट आर्थिक मॉडल नष्ट हो रहा है। चीन की अर्थव्यवस्था मंदी की ओर बढ़ रही है। अमरीका व चीन की गिरती हुई आर्थिक व्यवस्था का असर भारत पर भी पडेग़ा, किंतु यह सिर उठाकर कहा जा सकता है कि भारत की आर्थिक व्यवस्था नियंत्रित है। हां, विश्व अर्थव्यवस्था पर इजरायल-हमास, रूस-यूक्रेन का युद्ध तीसरे महायुद्ध की झांकी है। यह माना जा सकता है कि यदि युद्ध हुआ और तेल उत्पादक देश इसमें शामिल हुए, तो कई देशों की अर्थव्यवस्था डगमगा जाएगी। भारत भी इससे प्रभावित होगा। ताइवान को लेकर चीन का भय उसे खाये जा रहा है। भाजपा जानती है कि दक्षिण-भारत में वह कमजोर है। मोदी इसे पूरा करने के लिए विकास की चुनावी बाजी खेल रहे हैं। 2-3 जनवरी को मोदी ने 19,850 करोड की विकास योजनाओं का शिलान्यास किया है। इंडिया के पास देश के विकास हेतु ऐसी कोई योजना नहीं है। उसके पास दो नारे हैं, एक तो " हम जाति आधारित सर्वेक्षण कराएंगे" तथा दूसरा ओबीसी का विस्तार हमारी प्राथमिकता है।" क्या चुनाव से पूर्व विकास की योजना की घोषणा को फ्रीबिज नहीं कहा जा सकता। इसे परिभाषित करना आवश्यक है। चुनाव कानून में इस बाबत प्रावधान किया जाना आवश्यक है। इंडिया अथवा भाजपा घटक कोई भी चुनाव जीते, देश का विकास तो करना ही होगा। उसे संविधान के चेप्टर-4 व अनुच्छेद 51 में दिए गए कर्तव्यों की पालना करनी होगी। भारत में जगत गुरु बनने की क्षमता है तथा उसे सबको रोजगार उपलब्ध कराना होगा और भ्रष्टाचार के पाप को मिटाना होगा। चीनी राष्ट्रपति जिनपिंग ने नए वर्ष के प्रारंभ पर यह स्वीकार किया है कि ज्यादा राजनीतिक नियंत्रण से चीन में भयावह आर्थिक संकट पैदा हुआ है। भारत को भी यानी वर्तमान मोदी सरकार को इससे सीख लेना चाहिए कि अधिक राजनीतिक नियंत्रण देश के लिए उचित नहीं है। धर्म को राजनीति से दूर रखना ही होगा। अयोध्या के राम मंदिर को राजनीति में लाना खतरों को निमंत्रण देना है। यह स्वीकृत सिद्धांत है कि अहम् के पैर नहीं होते। अहम् पतन का मार्ग है। 2024 का यह नया वर्ष विश्व के अस्तित्व के लिए एक बड़ी चुनौती है। अब तक की घटनाएं बतला रही है कि युद्ध जमीन पर ही नहीं समुद्र पर भी लड़ा जाएगा। भारत ने अपने कई युद्ध पोत हिंद महासागर में उतार दिए है। रूस-यूक्रेन का युद्ध आकाश में मिसाइलों द्वारा लड़ा जा रहा है। यदि ये लोकल युद्ध तीसरे विश्वयुद्ध में परिवर्तित हुए तो मानव सभ्यता के अस्तित्व को ही खतरा हो जाएगा। जापान में आया भूकंप और सुनामी, जलवायु परिवर्तन के कारण और महायुद्ध के साये में हम जी रहे हैं। पुतिन ने बदले की भावना से संकल्प लिया है कि वह यूक्रेन को पूर्ण रूप से तबाह करेगा, अत: रूस वहां पर बारूद की वर्षा कर रहा है, मिसाइल दाग रहा है और उसने यूक्रेन के कुछ भाग को अपने कब्जे में भी ले लिया है। नाटो देश व ब्रिटेन यूक्रेन की सहायता कर रहे हैं। अत: पुतिन आग-बबूला है। इसका परिणाम होगा तीसरा महायुद्ध। इन सब विपरीत परिस्थितियों में यह कयास करना कठिन नहीं है कि संभवत: हम 2025 को देख भी पाएंगे या नहीं।

सबको सन्मति दे भगवान।

**अतिथि सम्पादक**
**पानाचन्द जैन**
**पूर्व न्यायाधीश,**
**राजस्थान हाई कोर्ट**

# आप भरे पेट होकर भी भूख से ग्रसित हो सकते हैं

**ब्रिटेन** विश्व की प्रथम सात अर्थव्यवस्थाओं में से एक है। 22 दिसंबर को वहां के एक मुख्य अखबार 'द गार्जियन' में छपी एक खबर के अनुसार सन् 2022 के दौरान वहां के अस्पतालों में कोई आठ लाख ऐसे रोगी भर्ती हुए जो कुपोषण से संबंधित बीमारियों से पीड़ित थे। भारत के किसी भी मोहल्ले के क्लिनिक पर देखा जा सकता है कि अधिकतर रोगी किसी न किसी कुपोषण की वजह से ही विभिन्न लक्षणों एवम् बीमारियों से ग्रसित हैं। पांच ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था का दावा भारत भी कर रहा है परंतु टेलीविजन पर देश के प्रधानमंत्री स्वयं विज्ञापनों द्वारा प्रचार करते हैं कि अस्सी करोड़ लोगों को दो वक्त की रोटी भारत सरकार अनुदान स्वरूप देती है। ये सब बातें इंगित कर रही हैं कि भूख का सम्राज्य पूरी दुनिया पर आज भी स्थापित है। सूडान, माली, इथियोपिया आदि की तो बात ही छोड़िए अमेरिका में भी बेघर तथा भूखे लोगों की एक बड़ी दुनिया है।

मामूली-सा धनी बना मध्यम वर्ग अपने चारों तरफ फैली गरीबी, भूख और अन्न असुरक्षा के प्रति पूरी तरह से उदासीन है। वह इस बात को अनदेखा कर रहा है कि भूख एक दिन उसके घर पर भी दस्तक दे सकती है। जिस तरह से दुनिया में लोग दीर्घायु हो रहे हैं, आबादी बढ़ रही और कृषि भूमि कम हो रही है उसके अनुपात में कृषि विकास पर धन का व्यय नहीं हो रहा है। बहुत से किसान सरकारी मुआवजे की उम्मीद में निष्क्रिय होने लगे हैं, मनरेगा में कोई स्थाई कार्य नहीं हो रहा है। चुनावी वायदों में अल्पकालीन लाभ की ही बातें होती हैं, दीर्घकालीन योजनाओं पर न तो कोई बात होती है और न ही कोई सवाल पूछे जाते हैं। इस सारे माहौल के पीछे वैश्विक भूख अपना क्षेत्र बढ़ाती जा रही है। भूख का बड़ा विस्फोट किसी भी समय हो सकता है।



डॉ. रामावतार शर्मा

2030 तक विश्व की खाद्य समस्या समाप्त करने की बात अब एक सपना बनती दिख रही है। विश्व खाद्य संगठन के अनुसार दुनियाभर में 80 करोड़ लोग हर समय कुपोषण से पीड़ित रहते हैं। ये वे लोग हैं जिन्हें पर्याप्त भोजन नहीं मिल रहा है। दूसरी तरफ उच्च मध्य और धनी वर्ग में अत्यधिक असंतुलित और कैलोरी की अधिकता वाला भोजन हानिकारक होता जा रहा है। भोजन की उपलब्धता का मतलब यह नहीं है कि संतुलित तथा आवश्यकतानुसार भोजन लिया जा रहा है। भारत की बात की जाए तो खाद्य पदार्थों का रख रखाव सही नहीं है, भोजन को पकाने के कितने ही तरीके सही नहीं हैं और स्वच्छ पानी की उपलब्धता नहीं के बराबर है। संतुलित भोजन एवम् संबंधित विषयों के बारे में जन चेतना का अभाव है तथा इस संदर्भ में लोगों के ज्ञान में भी बड़ी कमियां देखी जाती हैं।

पौष्टिक और ऑर्गेनिक भोज्य पदार्थ बहुत महंगे और एक सामान्य नागरिक की पहुंच से परे हो गए हैं। धरती के विभिन्न भागों में युद्ध, वातावरण में होने परिवर्तन, मुद्रास्फीति, प्राकृतिक आपदाएं और कृषि अनुसंधान के लिए धन की कमी आदि कई कारण बनते जा रहे हैं जो आने वाले समय में लोगों को भूखा रख सकते हैं। राजनीति कारणों से धन लोकप्रिय एवं वोट बटोरने वाली योजनाओं में जा रहा है जिसके फलस्वरूप कृषि विकास के लिए धन कम ही आवंटित होता है। इन नीतियों के दुष्परिणाम अगले दस पंद्रह साल में सामने आने लगेंगे। कई विशेषज्ञ मानते हैं कि अगली भुखमरी वातावरण तथा भौगोलिक घटनाओं के कारण यकायक आ सकती है। भारत सहित दुनिया के कई देश इस स्थिति का सामना करने के लिए तैयार नहीं हैं। भारत की भूमि का कोई तीस प्रतिशत (9.6 करोड़ हेक्टेयर) हिस्सा बंजर हो चुका है या ऐसा होने के करीब है। धरती का उपजाऊपन तेजी से गिरता जा रहा है परंतु इस दिशा में कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। रात दिन फूहड़ राजनीति में व्यस्त नेता लोगों और जनता ने अपनी हर समस्या का समाधान राम भरोसे छोड़ रखा है।

विज्ञान आधारिक ज्ञान गुम होता जा रहा है और हर कोई अलौकिक चमत्कार के भरोसे निष्क्रिय बैठा है। एक तरफ तो युवा शक्ति कृषि के क्षेत्र में भागीदारी की जगह नारेबाजी में व्यस्त है और दूसरी तरफ सरकार के गोदामों में पहले से कम अनाज उपलब्ध है। फल, सब्जी, डेयरी, पोल्ट्री और मछली पालन आदि को यदि कृषि में समाहित नहीं किया जाता है तो संतुलित आहार और आर्थिक संपन्नता संभव नहीं है पर इस दिशा में होने वाले प्रयास प्रभावित नहीं कर रहे हैं। हर तिमाही देश में दवाओं की बिक्री बढ़ती जा रही है जो कुपोषण के फलस्वरूप गिरते स्वास्थ्य की तरफ इशारा कर रही है। पेट को भर लेना मात्र भोजन नहीं होता है। भोजन की गुणवत्ता ही महत्वपूर्ण होती है और इस गुणवत्ता में लगातार गिरावट आती जा रही है। खाली पेट वालों के साथ कितने ही भरे पेट लोग भी गुणविहीन भोजन के कारण तकनीकी तौर पर भूखे ही माने जायेंगे।

**डॉ. रामावतार शर्मा**

# 121 दुकानों की भूमि को रेलवे ने अपनी बताकर नोटिस जारी किया

## संबंधित दुकानदारों के पास पालिका की ओर से जारी किए गए पट्टे व रजिस्ट्रियां है

- **जिन दुकानों के नगरपालिका ने पट्टे जारी किए, उस भूमि को रेलवे ने अपनी बताकर जारी किया नोटिस**
- **पूर्व में मामले में संबंधित दुकानदार बीकानेर डीआरएम से भी मिले थे और अपना पक्ष रखा था**

**रायसिंहनगर, (निसं)।** शहर के कचहरी रोड के दुकानदार रेलवे प्रशासन की ओर से अपनी भूमि बताकर बार-बार दिए जा नोटिसों के साए में जी रहे हैं। रेलवे की ओर से जारी किए गए नक्शे के अनुसार कचहरी रोड के पूर्व दिशा में बनी 121 दुकानों की भूमि रेलवे की बताकर नोटिस जारी किए गए हैं। जबकि संबंधित दुकानदारों के पास नगरपालिका की ओर से जारी किए गए पट्टे व रजिस्ट्रियां है। दुकानदारों के अनुसार वे इस जगह पर पांच दशक से पूर्व दुकानें चलाकर अपनी रोजी रोटी कमा रहे है।

उन्होंने नगरपालिका की ओर से निर्धारित शुल्क जमा करवाकर पट्टे भी जारी किए गए है। फिर भी रेलवे विभाग की ओर से बार-बार नोटिस जारी कर संबंधित दुकानदारों को परेशान किया जा रहा है। जिसको लेकर दुकानदारों की ओर से अपनी समस्या को लेकर डीआरएम को अवगत करवाया था। लेकिन प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई और फिर नोटिस जारी कर दिया गया।

वहीं दूसरे पक्ष के आरटीआई कार्यकर्ता नक्षत्र सिंह ने उक्त दुकानों को रेलवे की भूमि पर नाजायज कब्जा बताते हुए रेलवे सुविधाओं में विस्तार जैसे रेलवे लाइनों का विद्युतिकरण, जंक्शन निर्माण, पावर स्टेशन के निर्माण के अलावा कचहरी रोड़ की यातायात व्यवस्था में बाधा पैदा होने का हवाला देते हुए अतिक्रमण हटाने को लेकर न्यायालय में प्रकरण दायर कर रखा है। दुकानदारों के अनुसार 1933 में रेलवे विभाग ने एक आदेश जारी कर रेलवे विभाग की निर्धारित जगह 2 सौ फिट से घटाकर 175 करके अपनी हद में दीवार निकाल दी गई। वहीं, पूर्व में चल रहे सिंचाई विभाग के खाला संचालित था जो आबादी बसने के बाद बंद हो गया। जिसके चलते खाले की करीब 16 फिट जगह और शेष रही भूमि पर संबंधित दुकानदार दुकानें बनाकर अपनी रोजी रोटी चलाने लगे। उसके बाद नगरपालिका ने संबंधित दुकानदारों को पट्टे जारी कर दिए। लेकिन रेलवे विभाग ने 2002 को उक्त दुकानों की जगह को अतिक्रमण मान कर संबंधित दुकानदारों अतिक्रमण हटाने को लेकर नोटिस जारी कर दिया। जिसको लेकर संबंधित दुकानदार बीकानेर डीआरएम से भी मिले और अपना पक्ष रखा था।

रमेश फूलिया, अध्यक्ष, रेलवे संघर्ष समिति रायसिंहनगर ने बताया कि संबंधित दुकानदारों को नगरपालिका की ओर से निर्धारित शुल्क जमा करवाकर पट्टे जारी किए गए है। वहीं रेलवे की ओर से अपनी निर्धारित जगह पर निकाली गई दीवार के बाद शेष बची जगह पर उक्त दुकानों का आवंटन किया गया है। अब रेलवे विभाग उक्त भूमि को अपना बताते हुए बार बार नोटिस जारी कर दुकानदारों को परेशान किया जा रहा है। इसके बारे में डीआरएम से मिलकर दुकानदारों की समस्या के बारे से अवगत करवाया गया है।

अनिल कुमार पाल, स्टेशन अधीक्षक, रायसिंहनगर का कहना है कि कहीं न कहीं रिकार्ड में उक्त भूमि रेलवे की है तो ही संबंधित दुकानदारों को रेलवे की भूमि से अतिक्रमण हटाने को लेकर नोटिस जारी किए गए हैं।

# अजमेर डिस्कॉम व जलदाय विभाग के अधिकारियों की बैठक में कई मुद्दों पर चर्चा

- **पेयजल आपूर्ति के दौरान होने वाली बिजली ट्रिपिंग की समाधान पर चर्चा की**
- **नसीराबाद, गोयला व केकड़ी में लगाया जाएगा आटोमेटिक बस ट्रांसफर सिस्टम**

**अजमेर, (कासं)।** अजमेर विद्युत वितरण निगम के पंचशील स्थित मुख्यालय पर अजमेर डिस्कॉम व जलदाय विभाग के अधिकारियों की बैठक हुई। बैठक में जलापूर्ति के दौरान होने वाली बिजली ट्रिपिंग की समस्या के निदान के लिए नसीराबाद, केकड़ी व गोयला में आटोमेटिक बस ट्रांसफर सिस्टम को लगाने पर सहमति बनी है।

अजमेर विद्युत वितरण निगम के प्रबंध निदेशक एन एस निर्वाण ने बताया कि विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी के निर्देश पर आज पंचशील स्थित निगम मुख्यालय पर पीएचईडी व अजमेर डिस्कॉम के उच्च अधिकारियों के बीच जलापूर्ति के दौरान होने वाली बिजली ट्रिपिंग की समस्या के निराकरण के लिए बैठक हुई। बैठक की जानकारी देते हुए प्रबंध निदेशक एन एस निर्वाण ने बताया कि अजमेर शहर में पानी की आपूर्ति में कई तकनीकी कारणों से व्यवधान पड़ता है, जलदाय विभाग द्वारा एक कारण बिजली ट्रिपिंग भी बताया जाता है। इसके लिए दोनों विभागों ने विस्तृत चर्चा कर एक सिस्टम पर सहमति बनाई है। निर्वाण ने बताया कि अजमेर के तीन पंप हाउस गोयला, नसीराबाद व केकड़ी पर ऑटोमेटिक बस ट्रांसफर सिस्टम लगाया जा रहा है जिससे ट्रिपिंग की शिकायत नहीं रहे। इस सिस्टम के तहत लगातार विद्युत आपूर्ति बनी रहेगी और ट्रिपिंग की संभावनाएं लगभग शून्य रहेगी। इसके लिए दोनों विभागों द्वारा समस्त औपचारिकताएं पूरी कर ली गई है। बैठक के दौरान यह निश्चित किया गया कि दोनों विभागों के मुख्य अभियंता से लेकर सहायक अभियंता तक के अधिकारी एक व्हाट्सएप ग्रुप से जुड़ेंगे ताकि किसी भी प्रकार की समस्या आने पर उसका शीघ्र समाधान निकाल सके। अजमेर डिस्कॉम की विद्युत लाइन की पेट्रोलिंग सहायक इंजीनियर द्वारा सुनिश्चित की जाएगी।

निर्वाण ने बताया कि 2 जनवरी को 11 ट्रिपिंग की जगह तीन ट्रिपिंग आई थी। दो ट्रिपिंग 132 केवी लाइन से संबंधित थी व एक ट्रिपिंग 33 केवी लाइन में हुई जिसका कारण घना कोहरा होना पाया गया।

**क्या है ऑटोमेटिक बस ट्रांसफर सिस्टम :** ऑटोमेटिक बस ट्रांसफर सिस्टम (एबीटीएस) या बस ट्रांसफर सिस्टम (बीटीएस) उद्योगों में बिजली आपूर्ति की निरंतरता व विश्वसनीयता बढ़ाने के लिए अपनाई गई एक योजना है। इस एबीटीएस के तहत सामान्य बिजली आपूर्ति विफल होने या ट्रिप होने पर लोड बस को वैकल्पिक स्रोत में स्थानांतरित किया जाता है, जिससे विद्युत आपूर्ति की निरंतरता बनी रहती है।

# राजस्व मंडल का नवाचार : अब मुकदमों के फैसले वेबसाइट पर अपलोड होंगे

- **प्रतिदिन होने वाली सुनवाई की ऑर्डरशीट भी अपलोड होगी**
- **जिससे पक्षकार को तत्काल उसी दिन फैसले की प्रतिलिपि मिल सकेगी**

**अजमेर, (कासं)।** राजस्व मंडल अजमेर ने नवाचार करते हुए राजस्व मंडल में प्रतिदिन होने वाले मुकदमों की हस्ताक्षरशुदा फैसले की प्रति उसी दिन मंडल की वेबसाइट पर अपलोड किए जाएंगे। प्रतिदिन होने वाली सुनवाई की ऑर्डरशीट भी अपलोड होगी, जिससे पक्षकार को तत्काल उसी दिन फैसले की प्रतिलिपि मिल सकेगी।

राजस्व मंडल ने राज्य सरकार से 37 मल्टी फंक्शनल डिवाइस की मांग की थी, जिस पर पूर्व की गहलोत सरकार ने बजट घोषणा में प्रावधान किया था। अजमेर स्थित राजस्व मंडल में वर्थ रिकॉर्ड (डब्ल्यूआर) सहित सभी फैसले वेबसाइट पर अपलोड होते हैं। इससे पक्षकार को घर बैठे ही उसके मुकदमों के फैसले की जानकारी मिल जाती है, लेकिन वह इस फैसले का आगे उपयोग नहीं कर पाता, क्योंकि इसका मुख्य कारण मंडल कोर्ट में सुनाए गए फैसले में सदस्य के हस्ताक्षर व सील होती है।

स्कैनर नहीं होने से यह फैसले स्कैन नहीं हो पाता है, इसलिए इस फैसले की कॉपी की बजाए फैसले की कम्प्यूटर में टाइप किए गए फैसले की पीडीएफ ही अपलोड की जाती है। लेकिन अब स्कैनर उपलब्ध होने से मूल फैसलों को स्कैन का वेबसाइट पर अपलोड किया जाएगा। इससे पक्षकार इसका नकल के रूप में उपयोग कर सकेंगे और पालना करवाने के लिए भी प्रस्तुत कर सकेंगे। इसी प्रकार राजस्व मंडल के अलावा अधीनस्थ राजस्व अदालतों संभागीय आयुक्त, अतिरिक्त संभागीय आयुक्त, राजस्व अपील अधिकारी, कलेक्टर कोर्ट में ई-साइंड जजमेंट जारी किए जाते हैं, जिसका उपयोग पक्षकार कर सकते हैं।

## राशिफल



पंडित अनिल शर्मा

**शुक्रवार 5 जनवरी 2024**

पौष मास कृष्ण पक्ष, नवमी तिथि, विक्रम सम्वत 2080, चित्रा नक्षत्र सायं 3.50 तक, सुकर्मा योग शनिवार प्रात: 6.49 तक, तैतिल करण दिन 10.56 तक, चन्द्रमा आज तुला राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति -** सूर्य-धनु, चन्द्रमा-तुला, मंगल-धनु, बुध-वृश्चिक, गुरु-मेष, शुक्र-वृश्चिक, शनि-कुम्भ, राहु-मीन-केतु-कन्या राशि में संचार करेगा।

आज सवार्थ सिद्धि योग सूर्योदय से रात्रि 9.23 तक है।

**श्रेष्ठ चौघडिया -** चर - सूर्योदय से 8.14 तक, लाभ-अमृत 8.14 से 11.14 तक, शुभ - 12.32 से 1.50 तक।

**राहुकाल -** 10.30 से 12.00 तक

**सूर्योदय -** 7.21 सूर्यास्त 5.43



**मेष**

परिवार में प्रसन्नता हर्षोउल्लास का माहौल रहेगा। परिवार में धार्मिक सामाजिक समारोह संपन्न हो सकते हैं। सामुहिक प्रयासों से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है।



**वृष**

मित्रों-रिश्तेदारों से चल रहे मतभेद दूर होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। विवादित मामलों से राहत मिलेगी। अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा।



**मिथुन**

व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा।



**कर्क**

घर-परिवार में सुख शांति बनी रहेगी। सुख-सुविधाएं बडेगी। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। अथितियों का आगमन बना रहेगा।




**सिंह**

परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। घर-परिवार में मनोरंजन मौज-मस्ती के कार्यक्रम बन सकते हैं।



**कन्या**

धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। आज समय अर्नगल कार्यों में खराब हो सकता है।




**तुला**

व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता अभी यथावत बनी रहेगी। नौकरी पैशा व्यक्तियों को अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है।



**वृश्चिक**

आर्थिक वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक व आर्थिक कार्य शीघ्रता सुगमता से बनने लगेंगे।



**धनु**

नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक प्रयासों से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है।




**मकर**

नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। परिवार में धार्मिक कार्य संपन्न हो सकते हैं।



**कुंभ**

नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। नौकरी पैशा व्यक्तियों को अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है।



**मीन**

चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। शुभ कार्यों में व्यवधान सामने आ सकते हैं। आज बनते कार्य बिगड़ सकते हैं। नवीन कार्यों में परेशानी हो सकती है।

# जयपुर में डी.जी.-आई.जी. का तीन दिवसीय सम्मेलन आज से

## सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल व राज्यों तथा केंद्रशासित प्रदेशों के पुलिस महानिदेशक सहित कई लोग लेंगे भाग

**जयपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 6 से 7 जनवरी को जयपुर के झालाना स्थित राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित डीजी-आई के अखिल भारतीय सम्मेलन-2023 में भाग लेंगे। सम्मेलन में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल और

- **पुलिस व्यवस्था और आंतरिक सुरक्षा के मुद्दों व्यापक विचार-विमर्श होगा**
- **नए आपराधिक कानूनों को लागू करने के लिए रोड मैप पर और पुलिस व्यवस्था तथा सुरक्षा से संबद्ध भविष्य के विषयों पर चर्चा होगी**

राज्यों के डीजी-आईजी के साथ ही कई एजेंसियों के प्रमुख भी शामिल होंगे।

राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में 5 से 7 जनवरी तक आयोजित हो रहे इस तीन दिवसीय सम्मेलन में साइबर अपराध, पुलिस व्यवस्था में प्रौद्योगिकी, आतंकवाद विरोधी चुनौतियां, वामपंथी उग्रवाद, जेल सुधार और आंतरिक सुरक्षा मुद्दों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया जाएगा। सम्मेलन का एक अन्य प्रमुख एजेंडा नए आपराधिक कानूनों के कार्यान्वयन के लिए रोड मैप पर विचार-विमर्श है। पुलिस व्यवस्था और सुरक्षा में भविष्य के विषयों जैसे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और डीपफेक जैसी नई प्रौद्योगिकियों द्वारा उत्पन्न चुनौतियों और उनसे निपटने के तरीकों पर भी चर्चा होगी। सम्मेलन ठोस कार्य बिंदुओं की पहचान करने और उनकी प्रगति की निगरानी करने का अवसर भी प्रदान करता है, जिसे प्रत्येक वर्ष प्रधानमंत्री के समक्ष प्रस्तुत किया जाता है। सम्मेलन पहचान किए गए विषयों पर जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर के पुलिस और खुफिया अधिकारियों के व्यापक विचार-विमर्श का निष्कर्ष है। प्रत्येक विषय के अंतर्गत राज्यों व केंद्रशासित प्रदेशों की सर्वोत्तम प्रथाओं को सम्मेलन में प्रस्तुत किया जाएगा ताकि राज्य एक-दूसरे से सीख सकें। वर्ष 2014 के पश्चात प्रधानमंत्री ने पुलिस महानिदेशकों के सम्मेलन में गहरी रुचि ली है। मोदी सम्मेलन के सभी प्रमुख सत्रों में उपस्थित रहते हैं। इससे वरिष्ठ पुलिस अधिकारी देश को प्रभावित करने वाले प्रमुख पुलिस व्यवस्था और आंतरिक सुरक्षा मुद्दों पर अपने विचार साझा करेंगे।




**जयपुर में आयोजित होने वाले डी.जी.-आई.जी. के तीन दिवसीय सम्मेलन के लिये राजस्थान इंटरनेशलन सेंटर के बाहर स्वागत द्वार बनाकर इसकी सजावट की गई।**



**सम्मेलन में प्रधानमंत्री मोदी समेत अन्य वी.वी.आई. पी. मूवमेंट को लेकर गुरूवार को सुरक्षा बलों ने एयरपोर्ट से राजभवन तक रिहर्सल की।**

## कांफ्रेंस की सभी तैयारियां पूर्ण

- **सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम : डी.जी.पी.**

**जयपुर।** जयपुर के झालाना स्थित राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में शुक्रवार से होने वाले डीजी-आई के अखिल भारतीय सम्मेलन की सभी तैयारी पूरी कर ली गई है। इस दौरान सुरक्षा के लिए पुख्ता इंतजाम किए गए हैं।

पुलिस महानिदेशक यू आर साहू ने बताया कि हर वर्ष भारत सरकार द्वारा डीजी-आईजी कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष यह आयोजन जयपुर में 5 से 7 जनवरी तक किया जाना है। इस कांफ्रेंस में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह सहित केंद्रीय गृह विभाग से संबंधित अधिकारी भाग लेंगे।

साहू ने बताया कि इस सम्मेलन में मुख्य रूप से पुलिस एवं आंतरिक सुरक्षा के संबंध में अलग-अलग विषय पर अलग-अलग समय में चर्चा की जाएगी। जहां तक वीवीआइपी और अतिथियों की सुरक्षा का सवाल है, नियम और आदेशों के मुताबिक जो व्यवस्था और सुरक्षा व्यवस्था राजस्थान पुलिस को करनी चाहिए, वह सारी व्यवस्थाएं की गई है।

उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा इस कॉन्फ्रेंस के संबंध में दो बार बैठक लेकर राजस्थान सरकार के विभिन्न विभागों को सही तरह से तैयारियों के इंतजाम करने और व्यवस्थाओं को सुचारु करने के निर्देश दिए गए। मुख्यमंत्री की निर्देश के अनुसार सभी विभाग कॉन्फ्रेंस को सफल बनाने में अपना अपना योगदान दे रहे हैं।

## जयपुर एयरपोर्ट से राजभवन तक सौ से ज्यादा गाड़ियों के साथ रिहर्सल की

- **रिहर्सल के दौरान रास्ते में कई जगहों पर ट्रैफिक रोकने से लम्बा जाम लगा**
- **सुरक्षा के लिए जगह-जगह पुलिस जाब्ता भी तैनात किया गया**

**जयपुर।** राजधानी जयपुर के झालाना स्थित राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में होने वाली डीजी-आई कॉफ्रेंस को लेकर गुरूवार को सौ से ज्यादा गाड़ियों के साथ रिहर्सल की गई। हालांकि इससे शहर में कई जगह जाम की स्थिति बन गई।

डीजी-आईजी कॉन्फ्रेंस में सुरक्षा के लिए जयपुर कमिश्नरेट पुलिस ने तमाम इंतजाम किए हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अमित शाह के जयपुर में आने और जाने को लेकर रिहर्सल पूरी कर ली गई है। गुरुवार को 100 से ज्यादा गाड़ियों ने एयरपोर्ट से राजभवन, राजभवन से एयरपोर्ट और एयरपोर्ट से सहकार मार्ग स्थित आरएसईबी के क्वार्टर तक रिहर्सल की थी। इस दौरान रास्ते में कई जगहों पर ट्रैफिक भी रोका गया था। इससे कई जगह लम्बा जाम लग गया। सुरक्षा के लिए जगह-जगह पुलिस जाब्ता भी तैनात किया गया था।

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और एनएसए डायरेक्टर अजीत डोभाल शुक्रवार को दोपहर 1 बजे विशेष विमान से जयपुर एयरपोर्ट पहुंचेंगे, जहां से सीधे राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर जाएंगे। इस दौरान जयपुर एयरपोर्ट से जेएलएन मार्ग पर ट्रैफिक रोका जाएगा। अमित शाह और अजीत डोभाल के लिए जयपुर में रुकने के लिए अलग-अलग व्यवस्था की गई हैं। वहीं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को शाम साढ़े पांच बजे जयपुर एयरपोर्ट पहुंचेंगे, जहां से सीधे कॉन्फ्रेंस में जाएंगे। इस दौरान भी ट्रैफिक रोका जाएगा।

पुलिस मुख्यालय और अभय कमांड से रहेगी रूट पर नजर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अमित शाह के जयपुर आने के दौरान उनके रूट पर और उनके वाहनों पर अभय कमांड रूम से नजर रखी जाएगी। ट्रैफिक कंट्रोल रूम अभय कमांड सेंटर और अभय कमांड सेंटर पुलिस मुख्यालय में अभय कमांड को जानकारी देकर अपडेट करता रहेगा।

### एसपीजी ने संभाला मोर्चा

डीजी-आईजी कॉन्फ्रेंस में प्रधानमंत्री के इतने लम्बे समय पर रहने के कारण एसपीजी ने पिछले 10 दिन से मोर्चा संभाला हुआ है। एसपीजी ने राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर को अपने कब्जे में ले लिया है। यहां आने और जाने के हर मार्ग पर पुलिस का बड़ा पहरा लगा हुआ हैं। एसपीजी ने सुरक्षा और व्यवस्था की जिम्मेदारी खुद ले रखी हैं। स्टेट पुलिस को इंतजाम करने के लिए कहा गया है।

### वीवीआईपी मूवमेंट को लेकर ट्रैफिक रोका जाएगा

कॉन्फ्रेंस के दौरान जयपुर एयरपोर्ट से जेडीए चौराहा तक, जवाहर लाल नेहरू मार्ग, भवानी सिंह रोड, 22 गोदाम सर्किल से राममंदिर, राजभवन तक, 22 गोदाम सर्किल से परिवहन आयुक्त कार्यालय तक, सहकार मार्ग और पोलो सर्किल से विधायक आवास विधानसभा के पास तक के रास्ते पर वीवीआईपी मूवमेंट रहेगा। इसके चलते इन रास्तों पर कुछ समय के लिए सुरक्षा कारणों को ध्यान में रखते हुए ट्रैफिक को रोका जाएगा।

### विधायक क्वार्टर में की मेहमानों के रहने की व्यवस्था

कॉन्फ्रेंस में भाग लेने आने वाले अधिकारियों के लिए राजस्थान पुलिस की ओर से विधायक क्वार्टर में रहने की व्यवस्था की गई है। इन क्वार्टर और उसके चारों तरफ सुरक्षा बढ़ा दी गई है। यहां पर 125 फ्लैट को बुक किया गया है। इसके अलावा 20 और फ्लैटों को रिजर्व में रखा गया है। एक फ्लैट में 4 कमरे हैं। इसके अलावा एक सर्वेट रूम भी है। कमरों में मेहमानों को किसी भी प्रकार की कोई परेशानी न हो, इसके लिए 30 और 31 दिसंबर को कुछ अधिकारियों को इनमें रुकवाया गया था। इस दौरान जो कमियां मिली, उन पर काम कर लिया गया है। एमएलए क्वार्टर पर ही एक मिनी कंट्रोल रूम बनाया गया है। यह कंट्रोल रूम अधिकारियों की जानकारी समय-समय पर देता रहेगा।

### डीजीपी राजस्थान को मिला निमंत्रण

तीन दिन होने वाली डीजी-आईजी कॉन्फ्रेंस में डीजीपी राजस्थान को भी बुलाया गया है। इसके अलावा किसी भी अधिकारी को इस कार्यक्रम में आने के लिए नहीं कहा गया है। गृह विभाग से यह निमंत्रण सभी राज्यों के डीजी को पास गया था। हर राज्य को एक या दो अधिकारी ब्रीफ करेंगे।

## डॉ.मंजू बाघमार ने पदभार संभाला

**जयपुर।** भजनलाल सरकार के मंत्रिमंडल के सदस्यों का पदभार ग्रहण करने का सिलसिला जारी है। गुरुवार को सचिवालय में राज्यमंत्री डॉ. मंजू बाघमार ने पदभार ग्रहण किया। इस दौरान मंजू बाघमार के परिजन और समर्थक भी मौजूद रहे। पदभार ग्रहण के दौरान मंजू बाघमार ने कहा कि भाजपा जो विजन को लेकर जनता के बीच गई थी, उस विजन को अब पूरा किया जाएगा। डबल इंजन की सरकार जनता को राहत देने का काम करेगी, इसके साथ पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार की गलत नीतियों को भी ठीक किया जाएगा।

मंजू बाघमार ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार की योजनाओं और भारत संकल्प यात्रा पर सभी मंत्रिमंडल के सदस्य और भाजपा के विधायक काम कर रहे हैं। पूर्ववर्ती सरकार के दौरान जो योजनाएं चलाई गई थी, उन योजनाओं को ठीक करने का काम किया जाएगा। उन्होंने पूर्ववर्ती सरकार के महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम स्कूलों की दशा सुधारने को लेकर भी अपनी बात रखी।

राज्य मंत्री मंजू बाघमार ने कहा कि महिला सुरक्षा, महिलाओं के सर्वांगीण विकास पर काम करना है। विभागों के बंटवारे के सवाल पर मंजू बाघमार ने कहा ये मुख्यमंत्री का अधिकार है, मंत्रिमंडल के सदस्यों को विभागों का बंटवारा किया जाएगा और सभी मंत्री अपना-अपना काम संभालेंगे। पसंदीदा विभाग को लेकर उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जो भी विभाग देंगे, उसमें पूरी जिम्मेदारी के साथ काम करेंगी और आम जनता को राहत पहुंचाएंगी।

## पेपर लीक के आरोपी को जमानत नहीं

**जयपुर, (का.सं.)।** अतिरिक्त सत्र न्यायालय क्रम-1 महानगर द्वितीय ने कांस्टेबल भर्ती-2021 की परीक्षा के पेपर लीक में शामिल आरोपी कमल कुमार वर्मा को जमानत देने से इनकार कर दिया है। इसके साथ ही अदालत ने अभियुक्त की ओर से पेश तीसरे जमानत प्रार्थना पत्र को खारिज कर दिया है। अदालत ने अपने आदेश में कहा की सीसीटीवी फुटेज में आरोपी अन्य आरोपी के पेपर निकालने के दौरान निगरानी करता दिख रहा है। इसके साथ ही एक वीक्षक का फर्जी कार्ड भी आरोपी के घर से बरामद हुआ है। अदालत ने कहा की किसी भी परीक्षा का पेपर लीक करना विधि द्वारा स्थापित व्यवस्था को भंग करने वाला होकर परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों के लिए पीडादायक होता है। इसलिए आरोपी को जमानत नहीं दी जा सकती।

जमानत प्रार्थना पत्र में कहा गया कि उसे प्रकरण में फंसाया गया है और वह लंबे समय से जेल में है। इसके अलावा कई अन्य आरोपियों को जमानत मिल चुकी है। इसलिए उसे जमानत पर रिहा किया जाए। गौरतलब है कि 16 मई, 2022 को एसओजी के निरीक्षक मोहनलाल ने एसओजी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसमें कहा गया कि 14 मई को आयोजित भर्ती परीक्षा का प्रश्न पत्र सोशल मीडिया पर पहले ही आ गया था।

जांच में पता चला कि लीक पेपर झोटवाड़ा की एक स्कूल का है। इस पर मौके पर जाकर की गई जांच में पता चला की आरोपी सहित अन्य लोगों ने स्ट्रॉग रूम से छेडछाड कर पेपर निकाले हैं। इस पर एसओजी ने आरोपियों को गिरफ्तार किया।

## पूर्व राज्यमंत्री केसावत को एक साल की सजा

**जयपुर।** चैक अनादरण मामलों की विशेष अदालत क्रम-12, महानगर प्रथम ने चेक बाउंस के मामले में अभियुक्त पूर्व राज्यमंत्री गोपाल केसावत को एक साल की सजा सुनाई है। इसके साथ ही अदालत ने अभियुक्त पर बीस लाख रुपए का जुर्माना लगाया है। जुर्माना राशि अदा नहीं करने पर दो माह की सजा अतिरिक्त भुगतनी पडेगी। अदालत ने यह आदेश ऋषिकेश शर्मा के परिवाद पर दिए। परिवाद में कहा गया कि अभियुक्त गोपाल केसावत ने निजी जरूरत के लिए परिवादी से पन्द्रह लाख रुपए उधार लिए थे। जब परिवादी ने रुपए वापस मांगे तो अभियुक्त ने अक्टूबर और नवंबर, 2017 में दो चेक परिवादी को दिए। परिवादी ने राशि भुनाने के लिए चेक बैंक में पेश किए तो वह खाते में पर्याप्त राशि नहीं होने के चलते बाउंस हो गए। इस पर परिवादी की ओर से अभियुक्त को लीगल नोटिस भेजकर रुपए लौटाने को कहा, लेकिन अभियुक्त ने रुपए नहीं लौटाए।

## श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण किया डॉ. बैरवा ने

**जयपुर, (का.सं.)।** उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा गुरुवार को जयपुर स्थित विद्याधर नगर में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ समारोह में पहुंचे। उन्होंने वहां श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण किया और उपस्थित संत महात्माओं का आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर आयोजकों की ओर से उप मुख्यमंत्री को दुपट्टा ओढ़ाकर उनका अभिवादन किया गया।

वृंदावन से आए कथा वाचक पंडित मृदुल कृष्ण गोस्वामी ने अपनी मधुर वाणी में कथा का वाचन कर श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया। सात दिवसीय कथा आयोजन के दूसरे दिन गुरुवार को नारद व्यास प्रसंग का वाचन किया गया। 3 से 9 जनवरी तक चलने वाली इस श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन गिर्राज संघ परिवार की ओर से किया गया है।

## 'उच्च डिग्री के आधार पर पदोन्नति का अधिकार'

**जयपुर।** हाईकोर्ट ने कहा है कि कर्मचारी ने सेवा में रहने के दौरान या पूर्व में यदि शैक्षिणक योग्यता अर्जित की है तो उसका सर्विस बुक में इंद्राज कर बढ़ी हुई योग्यता के आधार पर उसे पदोन्नति का लाभ दिया जाए। जस्टिस इन्द्रजीत सिंह ने यह आदेश पीएचईडी में कनिष्ठ अभियंता के तौर पर कार्यरत याचिकाकर्ता पवन कुमार की याचिका पर दिए।

## डाक विभाग पर लगाया हर्जाना

**जयपुर, (का.सं.)।** जिला उपभोक्ता आयोग जयपुर-प्रथम ने डाक विभाग की ओर से 30 ग्राम वजन के स्पीड पोस्ट का चार्ज उपभोक्ता से 17 रुपए की बजाय 40 रुपए वसूलने को सेवादोष करार दिया है। इसके साथ ही आयोग ने पोस्ट ऑफिस सांभर लेक व अन्य को आदेश दिए हैं कि वह अधिक वसूले गए 23 रुपए परिवाद दायर करने की तारीख 24 नवंबर 2015 से नौ प्रतिशत ब्याज सहित परिवादी को अदा करे। इसके साथ ही परिवादी को हुई परेशानी को देखते हुए आयोग ने डाक विभाग पर पांच हजार रुपए का हर्जाना अलग से अदा करने को कहा है। आयोग के अध्यक्ष डॉ. सूबे सिंह यादव व सदस्य नीलम शर्मा ने यह आदेश सांभर लेक निवासी किरन देवी नागला के परिवाद पर दिए।

परिवाद में बताया गया कि उसने 18 सितंबर 2015 को सांभर लेक पोस्ट ऑफिस से स्पीड पोस्ट किया।

## शीतलहर ने छुड़ाई धूजणी, कोहरे के कारण जनजीवन प्रभावित

**-कार्यालय संवाददाता-**

**जयपुर ।** राजधानी जयपुर समेत पूरे प्रदेश में कडाके की सर्दी का सितम बढ़ता जा रहा है। बीते 3 दिनों से एकाएक बढ़ी शीतलहरों ने लोगों की कंपकंपी छुडा रखी है। गुरूवार को दिनभर घना कोहरा छाया रहा। हालात ऐसे थे कि जो लोग सुबह मॉर्निंग वॉक पर निकले, उन्हें पार्कों व सड़कों पर कुछ भी नजर नहीं आया, इस कारण कुछ लोग वापस घर लौट गए। जबकि कुछ लोग सड़कों पर अलाव तापते दिखे। जयपुर शहर दोपहर तक कोहरे की आगोश में लिपटा नजर आया, दोपहर बाद सूर्यदेव ने दर्शन दिए, लेकिन शाम करीब 6 बजे बाद पुन: तेज सर्दी और शीत लहरों ने धूजणी छुड़वा दी। शाम होते-होते जैसे-जैसे सर्दी बढ़ी, वैसे-वैसे कोहरे ने भी अपना असर दिखाना शुरू कर दिया। तेज सर्दी के कारण शहर की सड़कें भी दिनभर सूनी-सूनी नजर आई। बाहरी इलाकों में रात 10 बजे बाद सड़कों पर ऐसे सन्नाटा पसरा, जैसे कोई कर्फ्यू लगा हो।

वहीं दूसरी ओर जयपुर कलेक्टर ने शीतलहर के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए जिले में कक्षा 1 से आठवीं तक के बच्चों के लिए 13 जनवरी तक अवकाश घोषित कर दिया है। ऐसे में अब जयपुर जिले की तमाम सरकारी और निजी स्कूल अब मकर संक्रांति के बाद ही पुन: शुरू होंगी।

उधर मौसम विशेषज्ञों की मानें तो 7 जनवरी को राजस्थान में नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होगा। ऐसे में प्रदेश में अगले 3 दिन तक घने कोहरे और अतिशीत दिन रहने की संभावना बनी रहेगी। बताया जा रहा है कि 7 जनवरी को उदयपुर, कोटा संभाग में कहीं-कहीं हल्की बारिश होने और 8 व 9 जनवरी को जयपुर, अजमेर, कोटा, बीकानेर, भरतपुर संभाग के कुछ भागों में मेघगर्जन के साथ हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है।

देखा जाए तो प्रदेश के अधिकांश जिलों में दिन और रात में सर्दी बढ़ती जा रही है, कोहरे के साथ सर्द हवाओं ने ठिठुरन बढ़ा दी है। न्यूनतम तापमान और अधिकतम तापमान भी भारी गिरावट आ रही है। गुरुवार को सबसे कम न्यूनतम तापमान 0 डिग्री माउंट आबू में दर्ज किया गया। इसके अलावा सीकर में एक और फतेहपुर में 2.8 डिग्री दर्ज रात का पारा दर्ज किया गया। इधर, गुरुवार को अलवर, भरतपुर, भीलवाड़ा, बूंदी, दौसा, धौलपुर, जयपुर, झुंझुनं, करौली, बीकानेर, चूरू, हनुमानगढ़, श्रीगंगानगर में शीत दिन दर्ज किया गया। सीकर में शीतलहर चली। सवाईमाधोपुर दिन में से ठंडा रहा। यहां दिन का अधिकतम तापमान सबसे कम 10 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम केन्द्र जयपुर ने शुक्रवार को अलवर, भरतपुर, धौलपुर, जयपुर, झुंझुनूं, करौली, बीकानेर, चूरू, हनुमानगढ़, श्रीगंगानगर में कोल्ड डे का अलर्ट जारी किया है।



**राजधानी जयपुर में कड़ाके की सर्दी के साथ ही शीतलहर का प्रकोप बीते तीन दिन से हो रहा है। इससे लोगों की कंपकंपी छूट रही है। लोग घने कोहरे के बीच दिन में भी अलाव जलाकर तापने को मजबूर हैं।**

**तीये की बैठक**



अत्यंत दुख के साथ सूचित किया जाता है कि मेरी धर्मपत्नी **श्रीमती नाथीदेवी** का स्वर्गवास 03.01.2024 को हो गया। जिनकी तीये की बैठक 05.01.2024 को 2 से 3 बजे हमारे निवास स्थान बागडों की ढाणी, महापुरा, अजमेर रोड, जयपुर पर होगी।

**शोकाकुल-** गोविन्दनारायण (पति), शंकर लाल, कैलाश, रामस्वरूप (देवर), कन्हैयालाल, बाबूलाल, सीताराम, कृष्णमुरारी, सत्यनारायण, राकेश (पुत्र), सन्तोष, राजेश, महेश, राकेश, जूगलकिशोर, राम, श्याम, आर्यन (पौत्र), गिर्राज, सौरभ, नीरव, विवान (प्रपौत्र) समस्त सीमावत परिवार

9828422412, 9509911320

**नम्बर मिलाइए 9587884433**



सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

**राजस्थान राज्य सहकारी आवासन संघ लि., जयपुर**
5वीं व 6ठीं मंजिल नेहरू सहकार भवन 22, गोदाम सर्किल, जयपुर
Phone: 0141-271805, E-mail: rschfjaipur@yahoo.com
क्रमांक-1183/24 दिनांक-02.01.2024

**आम सूचना** संघ की आवासीय योजना कमला नेहरू नगर, अजमेर रोड, जयपुर का भवन संख्या-2-च-13, श्री बहादुर सिंह शर्मा पुत्र स्व. श्री सुल्तान सिंह को वर्ष 1983 में आवंटित किया गया था। श्री बहादुर सिंह द्वारा उक्त भवन की वसीयत उनके पौत्र श्री सुदीप कौशिक पुत्र श्री राजेन्द्र सिंह कौशिक के नाम दिनांक 01.04.2005 को कर दी गई थी। श्री सुदीप कौशिक द्वारा आवश्यक दस्तावेजों की फोटो प्रति प्रस्तुत कर उपरोक्त भवन अपने नाम ट्रांसफर कराने हेतु निवेदन किया गया है। जिस किसी को उक्त भवन पर आपत्ति हो तो संघ कार्यालय में 15 दिवस में प्रमाण सहित प्रस्तुत करें, अन्यथा उक्त भवन संख्या 2-च-13, श्री सुदीप कौशिक पुत्र श्री राजेन्द्र सिंह कौशिक के नाम हस्तान्तरण कर दिया जावेगा।

(ज्योति गुप्ता) प्रबंध निदेशक

**उद्घोषणा ( इश्तिहार ) न्यायालय ( राज. )**
व्यवहार मिश्रित ( मुतफरिक ) वाद सं. 280/2023
विषय: उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन प्राप्त करने हेतु प्रार्थना-पत्र।
1818
05.12.2023
प्रार्थी-नाम दुष्यन्त बील पुत्र स्व. श्री कृष्ण कुमार बील, जाति- शर्मा
विवाद स्थान- विद्याधर नगर, जयपुर।
मृतक- रतनी देवी बील एवं कृष्ण कुमार बील की सम्पत्ति के विषय में।
पेशी दिनांक 18.01.2024
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, उपरोक्त प्रार्थी/ प्रार्थीगण ने इस न्यायालय में इस आशय का प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है कि मृतक, नाम रतनी देवी बील पत्नी श्री कृष्ण कुमार बील पुत्र चिरंजी लाल बील जाति निवासी 1/511 विद्याधर नगर, जयपुर का उत्तराधिकारी स्वीकार कर उसके पक्ष में उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र, प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन, प्रदान किया जावे।
अत: उक्त प्रार्थना-पत्र की स्वीकृति में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह इस न्यायालय में दिनांक 18 माह 01 सन् 2024 को न्यायालय में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रमाण सहित प्रस्तुत करें। उक्त दिवस के पश्चात् कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।
आज दिनांक 5 माह 12 सन् 2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुद्रांकन से जारी किया गया।
उद्घोषणा की प्रतियाँ, न्यायालय के सहायक परिसेवी को भेजकर निर्देश दिया जाता है कि एक प्रति मृतक के अन्तिम निवास स्थान पर दूसरी प्रति निवास स्थान के सार्वजनिक दृश्य स्थान पर ढोल बजाकर, तीसरी प्रति न्यायालय के सूचना पट्ट पर चस्पा की जाकर चतुर्थ प्रति पर, तामिली रिपोर्ट अंकित कर पेशी के पूर्व वापिस लौटाई जावे।
कोर्ट मुहर
आज्ञा से
वरिष्ठ मुंसरिम
जिला एवं सैशन न्यायालय
जयपुर महानगर द्वितीय

**खोया पाया**
मेरे मकान 4-जे-34, नाहरी का नाका जयपुर के मूल दस्तावेज आवंटन पत्र, कब्जा पत्र, डिक्लेरेशन, नियमितिकरण व अदेय प्रमाण पत्र नाहरी का नाका जयपुर में कहीं गिर गये है। मिलने पर सूचित करें-रानी बूलचन्दानी 9636825280

**आम सूचना** सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा अभिभाष्य चांद खाँ पुत्र बशीर खान, निवासी मकान नम्बर-221, लोक नायक व्यास कॉलोनी, इब्ने अब्बास मस्जिद के सामने, नाहरी का नाका, शास्त्री नगर, जयपुर का रहने वाला है, जिनका पुत्र मोहसीन खान जिन्दरान जो कि मेरे अभिभाष्य के कहे में नहीं है और परिवार के खिलाफ अनुचित गतिविधियों में लिप्त है जो कि अपने माता-पिता से अलग सी-195 आर.के. होटल के पास, भट्टा बस्ती, शास्त्री नगर, जयपुर में रह रहा है तथा अपने माता-पिता के साथ बदअखलाकी, बदकलामी, बदसलुकी तथा बेईज्जती करता है। इस कारण मेरा अभिभाष्य अपने पुत्र मोहसीन खान जिन्दरान को अपनी समस्त चल अचल सम्पति से बेदखल करता है आज के पश्चात मेरे अभिभाष्य के पुत्र मोहसीन खान जिन्दरान से मेरे अभिभाष्य व उसके परिवार का कोई संबंध नहीं है एवं मेरी अभिभाष्य की सम्पति में मोहसीन खान जिन्दरान का कोई हक व अधिकार नहीं होगा और जो कोई मेरे अभिभाष्य के पुत्र मोहसीन खान जिन्दरान से किसी प्रकार का संव्यवहार व लेन देन करेगा वो अपनी स्वयं की जिम्मेदारी पर करेगा।
जयपुर (अन्सार अहमद) एडवोकेट
दिनाक-4.1.24 मो.9414362324

**उद्घोषणा (इश्तिहार) न्यायालय (राज.)**
व्यवहार मिश्रित (मुतफरिक) वाद सं. 26/2023
विषय- उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन प्राप्त करने हेतु प्रार्थना-पत्र।
प्रार्थी नाम रामजीलाल बैरवा पुत्र स्व. प्रहलाद बैरवा जाति बैरवा विवाद स्थान पीरोतान की ढाणी, कपूरावाला, तहसील सांगानेर जिला जयपुर, राज.
मृतक प्रहलाद बैरवा की सम्पत्ति के विषय में।
पेशी दिनांक- 28.08.2023
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त प्रार्थी/प्रार्थीगण ने इस न्यायालय में इस आशय का प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है कि मृतक, नाम प्रहलाद बैरवा पुत्र मंगलाराम बैरवा जाति बैरवा निवासी महासिंहपुरा उर्फ कपूरावाला सांगानेर, जयपुर का उत्तराधिकारी स्वीकार कर उसके पक्ष में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र, प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रिशन, प्रदान किया जावें।
अतः उक्त प्रार्थना-पत्र की स्वीकृति में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह इस न्यायालय में दिनांक 09 माह 11 सन् 2023 को न्यायालय में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रमाण सहित प्रस्तुत करें। उक्त दिवस के पश्चात् कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।
आज दिनांक 22 माह 08 सन् 2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुद्रांकन से जारी किया गया।
मोहर अदालत
आज्ञा से-वरिष्ठ मुंसरिम
अपर जिला एवं सैशन न्यायालय
संख्या 10, जयपुर महानगर
न्यायालय सांगानेर

**आम सूचना** सर्व साधारण को मेरे अभिभाष्य किशोर सैनी पुत्र अनुप कुमार सैनी, 81, प्रेम कॉलोनी, नेहरू नगर जयपुर की ओर से सूचित किया जाता है कि मेरे उक्त अभिभाष्य के स्वामित्व के औद्योगिक भूखण्ड 30, अनुकृति इण्डस्ट्रीयल एस्टेट, फेज प्रथम, ग्राम लोहारवाडा, तहसील चौमूं, जिला जयपुर का विक्रय इकरारनामा दिनांक 25.06.2023 जो क्रेता भरत केडिया पुत्र दामोदर केडिया नामपल्ली हैदराबाद, तेलंगाना से किया गया था जो निरस्त व प्रभावशून्य हो गया है, जिसकी सूचना उक्त क्रेता को हैं। उक्त क्रेता से उक्त चूंकि बाबत कोई भी संव्यवहार करेगा वह स्वयं की रिस्क एवं कॉस्ट पर करेगा।
जयपुर सतीश मोदी, एडवोकेट
दिनाक मो.9314833316

**नाम परिवर्तन**

मैं दिव्या सैन पुत्री बंसीलाल सैन R/o-4-A, बैराठी नगर 1st नियर मूर्ति वालों का मंदिर करतारपुरा जयपुर 302015 सैन दिव्या बंसीलाल, दिव्या बंसीलाल सैन और दिव्या सैन ये सारे नाम मेरे है आगे से मुझे दिव्या सैन नाम से जाना जाये।

मैं सपना शेखावत पत्नी सुल्तान सिंह आर्मी नंबर 15196883 एल, लांस नायक, निवासी-जालसू कलां, तह. डेगाना, नागौर, (राजस्थान) 341514 से कानूनी तौर पर विवाहित हूँ। मैंने अपना नाम सपना कंवर जो कि मेरे पति के सेना रिकार्ड में गलत दर्ज है से बदलकर सपना शेखावत रख लिया है जिसका शपथ पत्र जिला नोटरी झोटवाड़ा, जयपुर के समक्ष दिनांक 30.12.2023 को प्रस्तुत किया गया है।

मेरे शैक्षणिक दस्तावेजों में मेरा नाम संजय कुमार शर्मा है जबकि मेरे सरकारी दस्तावेजों में मेरा नाम संजय शर्मा है। दोनों नाम मेरे ही है। भविष्य में मुझे संजय शर्मा पुत्र श्री ओम दत्त शर्मा, निवासी 811, ए-2, महावीर नगर, दुर्गापुरा, टोंक रोड, जयपुर के नाम से जाना जायें।

I have changed my name from Shobha Devi to Shobha Devi Kedia for all purpose. R/o 124 Rameshwardham kediya place Murlipura Jaipur.(Raj)

# व्याख्याता भर्ती परीक्षा में डमी अभ्यर्थी बैठाने के मामले में दो लेक्चरर गिरफ्तार

जयपुर। पेपर लीक की घटनाओं की रोकथाम की दिशा में गठित एसआईटी के निर्देशन में स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप द्वारा स्कूल व्याख्याता प्रतियोगिता परीक्षा-2022 में डमी अभ्यर्थी बैठाने के मामले में दो राजकीय व्याख्याता को गिरफ्तार किया गया है।

अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस तकनीकी सेवाएं एवं पेपर लीक की घटनाओं की रोकथाम के लिए गठित

- **जोधपुर में सामान्य ज्ञान एवं राजनीति विज्ञान विषय की डमी कैंडिडेट के रूप में परीक्षा दी थी**

एसआईटी के प्रमुख वी के सिंह ने बताया कि राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा 17 अक्टूबर 2022 को स्कूल व्याख्याता (स्कूल शिक्षा) प्रतियोगिता परीक्षा 2022 आयोजित कराई गई थी। थाना सिविल लाइन अजमेर में दर्ज प्रकरण में अनुसन्धान के दौरान एसओजी ने बुधवार को राजकीय उच्च


अर्जुन


अशोक

माध्यमिक विद्यालय साविधर जसवंतपुरा जालोर में राजनीति विज्ञान के व्याख्याता पद पर कार्यरत अभियुक्त अशोक कुमार को गिरफ्तार किया था। एडीजी सिंह ने बताया कि अशोक कुमार ने इस परीक्षा में लाखाराम पुत्र जूथा राम निवासी रुचियार थाना भीनमाल जिला जालौर के स्थान पर महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय जालोरी गेट जोधपुर में सामान्य ज्ञान एवं राजनीति विज्ञान विषय की डमी कैंडिडेट के रूप में परीक्षा दी थी।

सिंह बताया कि इसी प्रकरण में गुरुवार को अर्जुन कुमार पुत्र करनाराम विश्नोई (37) निवासी डूगरवा थाना बागोड़ा जिला जालौर को गिरफ्तार किया गया है। अर्जुन राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय भागल सेफटा तहसील भीनमाल जिला जालौर में राजनीति विज्ञान विषय के व्याख्याता के पद पर है। इसने परीक्षार्थी लाखाराम और डमी कैंडिडेट अशोक कुमार के बीच कड़ी के रूप में कार्य किया था।

## आरएएस प्री परीक्षा-2014 : वांछित फिजियोथैरेपिस्ट गिरफ्तार

जयपुर। पेपर लीक की घटनाओं की रोकथाम की दिशा में गठित एसआईटी के निर्देशन में स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप

- **कपिल वर्तमान में महुवा हॉस्पिटल में फिजियोथैरेपिस्ट के पद पर पदस्थापित है**

द्वारा आरएएस प्री परीक्षा 2014 पेपर लीक प्रकरण में लंबे समय से वांछित एक गवर्नमेंट फिजियोथैरेपिस्ट को गिरफ्तार किया गया है।

अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस तकनीकी सेवाएं एवं पेपर लीक की घटनाओं की रोकथाम के लिए गठित एसआईटी के प्रमुख वी के सिंह ने बताया कि आरएएस प्री परीक्षा 2014 पेपर लीक प्रकरण में थाना एसओजी पर दर्ज प्रकरण में लंबे समय से वांछित


कपिल

चल रहे आरोपी कपिल कुमार भारद्वाज पुत्र रमाकांत (36) निवासी मोहन नगर थाना नई मंडी हिंडौन सिटी जिला गंगापुर को एसओजी ने हिरासत में लिया है। कपिल वर्तमान में महुवा हॉस्पिटल में फिजियोथैरेपिस्ट के पद पर पदस्थापित है।

# आयकर कार्रवाई में करोड़ों की अघोषित संपत्ति के खुलासे की संभावना

## करोड़ों की नकदी और जेवरात बरामद

उदयपुर, (निसं)। आयकर विभाग द्वारा बुधवार से उदयपुर के दो होटल ग्रुप रॉकवुड होटल एंड रिसोर्ट्स ग्रुप और फतह कलेक्शन ग्रुप पर की जा रही छापे की कार्यवाही में अब तक 4 करोड़ 50 लाख रूपये नकद और चार करोड़ रूपये मूल्य के जेवरात बरामद हो चुके हैं।

उल्लेखनीय है कि आयकर विभाग ने बुधवार को रॉकवुड होटल एंड रिसोर्ट्स ग्रुप के होटल रेडिसन ब्लू और फतह कलेक्शन ग्रुप के फतहगढ होटल और रामप्रताप पैलेस होटल पर छापे की कार्यवाही की थी। आयकर विभाग की टीमों ने इन दोनों ग्रुप के 27 से अधिक ठिकानों पर एक साथ दबिश दी थी। रॉकवुड ग्रुप होटल संचालन के अलावा हॉस्पिटेलिटी, इवेंट, कैटरिंग, मार्बल, रियल एस्टेट इंडस्ट्री में भी काम करता है, वहीं फतह कलेक्शन ग्रुप के उदयपुर में फतहगढ, रामप्रताप पैलेस होटल सहित 4 होटल्स और रणथंभोर

- **टीम को 20 लॉकर्स के दस्तावेज भी मिले हैं, जिनका खोला जाना शेष है**
- **आयकर विभाग ने उदयपुर के दो होटल ग्रुप पर छापे की कार्यवाही की**
- **दोनों ग्रुप के 27 से अधिक ठिकानों पर एक साथ दबिश दी थी**

में एक होटल्स, कुंभलगढ में दो कुल सात होटल्स हैं।

आयकर विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार कार्रवाई के दौरान मिले दस्तावेजों की जांच की जा रही है, वहीं बैंक लॉकर्स को भी खोला जाना शेष। इस जांच कार्यवाही के पूरा होने के बाद ही दोनों ग्रुप की अघोषित संपत्ति का खुलासा हो सकेगा।

फिलहाल 4.50 करोड रूपये नकद और करीब 4 करोड़ रूपए के जेवरात मिले है, जिसके संबंध में भी पडताल की जा रही है। ऐसे में एक-दो दिन बाद ही ग्रुप की अघोषित संपत्ति और आयकर चोरी का पता चल सकेगा। कार्यवाही के दौरान आयकर टीमों ने दोनों ही ग्रुप की होटल्स, निदेशकों के घरों, कार्यालयों सहित अन्य संबंधित ठिकानों से लेन-देन संबंधित कई दस्तावेज भी बरामद किए हैं। इसके अलावा टीम को दोनों ग्रुप के करीब 20 लॉकर्स के दस्तावेज भी मिले हैं, जिनका खोला जाना भी शेष है। संभावना जताई जा रही है कि दोनों ग्रुप से करोडों रूपए की अघोषित संपत्ति का खुलासा हो सकता है।

## मदद के नाम पर महिला से दुष्कर्म

जोधपुर, (कासं)। नागौरी गेट थाना क्षेत्र में रहने वाली एक महिला से मदद के नाम पर एक व्यक्ति ने दुष्कर्म किया। फोटो और वीडियो वायरल करने की धमकी देकर उसे परेशान करने लगा। अब पीड़िता ने पुलिस में मामला दर्ज कराया है। पीडिता का आज मेडिकल परीक्षण कराया गया है।

नागौरी गेट पुलिस ने बताया कि एक महिला ने रिपोर्ट दी है। बताया गया कि पिछले साल जून माह में उसके पति के खिलाफ किसी ने केस दर्ज कराया था। पिछले साल जून में इसी मामले में उसकी मदद करने आए एक परिचित ने मदद के नाम पर उसे न्अपने घर बुलाया और पहली बार उसके साथ दुष्कर्म किया। आरोपी ने उसकी कुछ अश्लील फोटो और वीडियो भी बना ली। फिर वह उसे सार्वजनिक रूप से बदनाम करने की धमकी देकर उसका शारीरिक और आर्थिक शोषण करने लगा। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## कार का शीशा तोड़ 2.65 लाख से भरा बैग चोरी

अजमेर, (कासं)। कोतवाली थाना क्षेत्र में शादी की खरीददारी करने किशनगढ़ से अजमेर आए मार्बल व्यापारी के परिवार की कार का शीशा तोड़कर अज्ञात चोर 2 लाख 65 हजार रुपए से भरा बैग सहित अन्य सामान चोरी कर फरार हो गए। पीड़ित मार्बल व्यवसायी ने कोतवाली थाने में शिकायत देते हुए आज्ञत चोरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगाली जिसमें चोर चोरी कर जाते दिखाई दे रहे हैं।

किशनगढ़ निवासी मार्बल व्यवसायी दीपक मालू ने कोतवाली थाने में चोरी की शिकायत देते हुए बताया कि 2 जनवरी को शादी की खरीददारी के लिए परिवार सहित किशनगढ़ से अजमेर कचहरी रोड स्थित मांगीलाल शोरूम पर गए थे, उन्होंने अपनी गाड़ी को शोरूम की पार्किंग में खड़ा कर चले गए। जब वापस गाड़ी के पास आए तो

- **शादी की खरीददारी के लिए किशनगढ़ से अजमेर आया था व्यापारी परिवार**

कार में रखा एचपी का लैपटॉप और बैग में 2 लाख 60 हजार रुपए और एक लेडिस पर्स में 5 हजार रुपए नगदी गायब मिला और ड्राइविंग साइड का शीशा टूटा हुआ था और उसमें से बैग गायब थे। शातिर चोरों नेकार का शीशा तोडक़र नगदी से भरा बैग चोरी कर फरार हो गए। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि आरोपियों की तलाश के लिए घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी खंगले जा रहे हैं। पार्किंग के बाहर लगे सीसीटीवी में कुछ बदमाश चोरी का फरार होते दिखाई दे रहे हैं, जिन्हें पुलिस ने चिन्हित कर तलाश शुरू कर दी है।

## घर से कम्प्यूटर व मोटर चुराई

पावटा, (निसं)। कस्बा स्थित शर्मा कॉलोनी मे बुधवार को सूने मकान में घुसकर अज्ञात चोर कंप्यूटर सहित मोटर व करीब हजारों रुपए का सामान चुरा ले गए। चोर रात के समय मकान मे बने कमरे की खिड़की तोड़कर कमरे के अंदर घुसे, जहां कमरे में रखे कंप्यूटर व सीपीयू तथा अन्य सामान ले गए। वहीं अन्य कमरों के ताले भी तोड़ दिये। चोर खिड़की के कमरे से ही वापस गए। सुबह के समय जब मकान मालिक महेंद्र जाट पुत्र सांवत राम जाट ने सुबह आकर देखा को कमरों के ताले टूटे मिले व रोशनदान टूटा दिखाई दिया, जिसकी जानकारी फोन कर प्रागपुरा थाना पुलिस को दी गई। पुलिस ने मौका-मुआयना कर जांच शुरु की है। वहीं महेंद्र जाट व शंकर राठी ने बताया कि इस मकान मे एक शिक्षक किराये पर रहता है जो कि छुट्टियों में अपने घर गया हुआ था। मौका पाकर अज्ञात चोरों ने मकान के ताले व खिड़की तोड़कर हजारों का सामान चोरी कर ले गए।

# राजीव गांधी युवा मित्रों को वापस लगाने की मांग

## राजीव गांधी युवा मित्रों ने सीएम के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन दिया

भीलवाड़ा, (निसं)। जिले के राजीव गांधी युवा मित्रों ने गुरुवार को जिला मुख्यालय पर जिला कलेक्टर को सीएम के नाम ज्ञापन दिया।

ज्ञापन में बताया कि पूर्व राजस्थान सरकार द्वारा 2021-22 पर आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग के अंतर्गत राजीव गांधी युवा मित्र इंटर्नशिप कार्यक्रम की शुरूआत की थी जिसमें पांच हजार युवाओ को रोजगार प्राप्त हुआ था। केन्द्र सरकार व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर लागू करने के लिए आमजन से घर जाकर सीधा संवाद करने का कार्य करते थे। भारत संकल्प यात्रा शिविरों में पीएम मोदी की गारंटियों को आमजन तक पहुंचाने के लिऐ जिला कलेक्टर के आदेशानुसार लगे हुऐ थे।

सरकार ने 31 दिसम्बर को राजीव गांधी युवा मित्र इंटर्नशिप कार्यक्रम समाप्त कर दिया। जिससे राजीव गांधी


राजीव गांधी युवा मित्रों ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन दिया।

युवा मित्रो में सरकार के इस रवैया से भारी नाराजगी है। उन्होंने मांग की है, कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार के लिए राजीव गांधी युवा मित्रों को वापस लगाया जाए। ज्ञापन के दौरान सांवरमल जाट, राजकुमार खटीक, इरफान मीर, पलक, दर्शन चौहान, शरीफ मौहम्मद, ताराचंद, राजेश नायक, कन्हैयालाल, मुकेश चौधरी, ओमप्रकाश प्रजापत, जगदीश रैगर, सौरभ ओझा आदि उपस्थित थे।

## सरवाड़ में सर्दी के चलते जनजीवन अस्त-व्यस्त

सरवाड़, (निसं)। सरवाड़ कोहरे के करण ठंडी हवाओं के चलते जनजीवन अस्त-व्यस्त नजर आया। कोहरे के कारण वाहन चालकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। सुबह से लेकर शाम तक सूर्य भगवान के दर्शन नहीं हुए। जगह-जगह लोगों ने अलाव का सहारा लिया।

वहीं हाड़ कंपाने वाली सर्दी से लोगों की दिनचर्या बदल गई। सर्दी का खास असर देखने को मिला। लोग घर से बेहद जरूरी होने पर ही निकले। वहीं इधर मौसम बदले हुए मौसम का फायदा भी हैं। वहीं सर्द मौसम भले ही आमजन को ठिठुरने के लिए मजबूर कर रहा हो लेकिन इस मौसम ने किसानों के चेहरे पर खुशी

- **कोहरे से वाहन चालकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा**

ला दी है। वहीं फसलों के लिए यह मौसम लाभदायक साबित हो रहा है। अगर पाला पड़ा तो फिर फसलों को नुकसान हो सकता है। वहीं सर्दी बढ़ने से किसान अच्छी पैदावार की उम्मीद जता रहे हैं। शहर में पिछले दो-तीन दिनों से पड़ रही कंपकंपा देने वाली सर्दी से जनजीवन बेहाल है। वहीं गुरुवार को लगातार चौथे दिन भी कस्बा सुबह देर तक धुंध की आगोश में रहा। वाहन चालकों को भी लाइट जलाकर वाहन चलाने पड़े।


**भीलवाड़ा में गुरुवार को प्रातः मेजा बांध की दायी मुख्य नहर चैन संख्या 155 सुरास गांव पर बरसाती नाला में रिसाव से गुल्ला लगने के कारण नहर टूट गई। सूचना मिलते ही प्रातः 5.30 बजे जल संसाधन विभाग के अधिशाषी अभियंता सी.एल. कोली स्टाफ के साथ मौके पर पहुंचे और नहर की मरम्मत की गई। मौके पर किसी भी प्रकार का जानमाल का नुकसान नहीं हुआ**

## सूने मकान से एक लाख की नगदी सहित जेवर चोरी

उदयपुर, (निसं)। शहर के सुखेर थाना क्षेत्र में सूने मकान का अज्ञात चोर ताला तोड़ कर सोने चांदी के जेवर व नकदी चुरा ले गए।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार दिलिप लौढा पुत्र गोतम सिंह लौढा निवासी न्यू मंगलम भूमिया मंदिर के पास सुखेर ने पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया कि 27 दिसंबर 2023 को मकान का ताला लगा कर अहमदाबाद गया था। 3 जनवरी को लौटा तो मकान का ताला टूटा हुआ एवं कमरों में सामान बिखरा पड़ा था। तलाशी ली तो सोने का ब्रासलेट, चांदी के 5 जोड़ी पायल, 4 बिछियां, 2 कडे, दीपक, एक लाख रूपये नकदी गायब थी। पुलिस ने सूचना पर मामला दर्ज कर जांच जांच एएसआई हरीशचन्द्र को सौंपी है।

वहीं शहर के सुखेर थाना पुलिस ने दो अलग-अलग मामलो में अज्ञात चोर के खिलाफ मकान से सामान चोरी करने एवं मॉल में पर्स से मोबाईल चुराने का प्रकरण दर्ज किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़ित गिरीश मेहता पुत्र अवन्तीलाल मेहता निवासी हिलटॉप होटल के सामने ने पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया कि पुरोहितों की मादड़ी स्थित मकान से चोर लेपटॉप, 15-20 हजार रूपये नकदी, मोबाईल, चंदन पेड़ काट चुरा ले गए।

इसी तरह सांची एनक्लेव डीपीएस के सामने रहने वाली दीपिका लुहाडिया पत्नी विशाल सेठी ने पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया कि 1 जनवरी को सेलिब्रेशन मॉल गेमिंग जोन में गई थी। इस दौरान अज्ञात चोर पर्स से मोबाईल चुरा ले गया। इसका पता चलने पर तलाश की लेकिन सुराग नहीं लगा। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की।

# ब्लाइंड मर्डर का खुलासा, दो बहनें गिरफ्तार

## मृतक की वर्तमान व पूर्व पत्नी को गिरफ्तार किया

हनुमानगढ़, (निसं)। क्षेत्र में गत दिनों हुए हत्या के एक मामले में मृतक की पत्नी की संलिप्तता मिलने पर पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। साथ ही उसकी पत्नी की बहन को भी गिरफ्तार कर उसे जेल भिजवाया है। जानकारी के अनुसार धौलीपाल के पास गत दिनों हुई निर्मल सिंह हत्याकांड के मामले में जंक्शन थाना पुलिस ने मृतक की वर्तमान व पूर्व पत्नी को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार दोनों महिलाएं बहनें हैं। अनुसंधान के बाद पुलिस ने दोनों को कोर्ट के आदेश पर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भिजवा दिया।

पुलिस के अनुसार 16 नवम्बर को हुए निर्मल सिंह हत्याकांड में पूर्व में जोनी सिंह उर्फ हरपिन्द्र सिंह (22) पुत्र बिंदुसिंह मजहबी व राहुल सिंह उर्फ गुरविन्द्र सिंह (19) पुत्र केवल सिंह मजहबी निवासी अबुल खुराना पीएस सिटी मलोट जिला श्रीमुक्तसर पंजाब को गिरफ्तार किया गया था। अब अनुसंधान के दौरान मृतक निर्मलसिंह की पत्नी पायल और पूर्व पत्नी ममता को गिरफ्तार किया गया है। अनुसंधान के बाद मंगलवार को दोनों महिलाओं को मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भिजवा दिया। साथ ही जोनी सिंह व राहुल सिंह को भी पीसी रिमांड अवधि समाप्त

- **पुलिस ने दोनों को कोर्ट के आदेश पर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भिजवा दिया**

होने पर कोर्ट के आदेश पर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भिजवा दिया। वारदात में इस्तेमाल हथियार बरामद कर लिए गए हैं। आरोपियों के कपड़े भी बरामद किए गए हैं। आरोपियों की ओर से छीना गया मृतक निर्मलसिंह का मोबाइल फोन अभी बरामद नहीं हुआ है। वह मोबाइल आरोपियों ने तोड़कर नाले में फेंकने की जानकारी दी है।

गौरतलब है कि 16 नवम्बर 2023 को कालूराम पुत्र पतराम धानक निवासी तीन आरआरबी पदमपुर जिला श्रीगंगानगर ने रिपोर्ट दर्ज करवाते हुए बताया था कि उसका लडक़ा निर्मल सिंह (32) पिकअप चलाता था। 15 नवम्बर 2023 को निर्मलसिंह ने उसे बताया कि किसी सवारी को पदमपुर बस स्टैंड से श्रीगंगानगर तक छोड़कर आना है। वह पिकअप लेकर चला गया। 16 नवम्बर को सुबह के समय सूचना मिली कि निर्मल सिंह की पिकअप गाड़ी हिरणावाली व धोलीपाल के बीच रोही में रेलवे लाइनों के पास खून से सनी खड़ी है। तब सूचना पाकर वह व उसका भतीजा हिरणावाली व धोलीपाल के बीच लाइनों के बीच पहुंचे। वहां उसका शव मिला। जंक्शन पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर अज्ञात हत्यारों की तलाश शुरू की। जांच के दौरान पुलिस ने इस ब्लाइंड मर्डर का पर्दाफाश करते हुए दो युवकों को पकड़ा था। इसके बाद दोनों महिलाओं को गिरफ्तार किया है।

पूछताछ में यह बात सामने आई कि मृतक निर्मलसिंह की शादी पहले ममता से हुई थी। ममता और निर्मल सिंह के बीच अनबन हो गई। इस पर ममता अपने पति निर्मल को छोड़ श्रीमुक्तसर जिले में किसी और के साथ रहने लगी। चूंकि बच्चे नाबालिग थे, इसलिए निर्मल के ससुराल वालों ने ममता की छोटी बहन पायल की शादी निर्मल से कर दी। निर्मल से पायल का आठ महीने का बच्चा भी है। बाद में ममता उस आदमी के छोटे भाई जोनी से पायल की शादी कराने के लिए उत्सुक हो गई। जिसके साथ वह रह रही थी। निर्मल सिंह को रास्ते से हटाने के लिए जोनी ने अपने दोस्त राहुल से मिलकर श्रीगंगानगर जिले के पदमपुर से निर्मल सिंह का अपहरण कर धोलीपाल के पास लाकर धारदार हथियार से उस पर हमला कर दिया, इसमें उसकी मौत हो गई थी।

## छात्र की संदिग्ध मौत, पेड़ पर लटका मिला शव

भीलवाड़ा, (निसं)। बकरी चराने गए स्कूली छात्र की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई ।14 साल के किशोर का शव गांव से करीब दो ढाई किलोमीटर दूर उसी के खेत पर पेड़ से लटका मिला। इस घटना से गांव में सनसनी फैल गई। ग्रामीणों ने परिजनों और पुलिस को सूचित किया।


मामला रायपुर थाना क्षेत्र का है। सगरेव निवासी दशरथ 14 पुत्र गोपी गुर्जर बुधवार सुबह 11 बजे बकरियां चराने के लिए घर से खेत के लिए गया था, दोपहर तीन बजे तक भी नहीं लौटने पर परिजन व ग्रामीण दशरथ की तलाश करते हुये खेत की ओर गये, जहां पेड़ पर रस्सी से दशरथ का शव लटका देखा। मौके पर पहुंचे लोगों ने दशरथ को फंदे से उतार लिया, तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। सूचना मिलने पर रायपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची, जहां परिजनों के साथ ही ग्रामीणों ने हंगामा कर दिया।

उनका कहना है कि दशरथ आत्महत्या नहीं कर सकता, उसे मारकर पेड़ से लटकाया गया है। पुलिस से कार्रवाई की मांग को लेकर वहां हंगामा हो गया। परिजनों ने दशरथ की मौत को हत्या बताते हुये हत्या कर सबूत नष्ट करने संबंधित रिपोर्ट पुलिस को दी है। घटना का पता लगाने पर स्थानीय विधायक लादुलाल पितलिया देर रात मौके पर पहुंचे। उन्होंने पीड़ित परिवार और पुलिस अधिकारियों से मुलाकात कर कड़ी कार्यवाही करने को कहा।

# राष्ट्रीय गौरव व चेतना का अनूठा स्थल है प्रताप गौरव केन्द्र : देवनानी

उदयपुर, (निसं)। राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी गुरूवार को जयपुर प्रस्थान करने से पूर्व प्रातः उदयपुर के प्रताप गौरव केन्द्र पहुंचे। देवनानी ने वीरता, पराक्रम, त्याग और देश भक्ति के प्रतीक महान योद्धा महाराणा प्रताप के स्मारक को नमन कर श्रद्धा से पुष्पांजलि अर्पित की। देवनानी ने कहा कि प्रताप गौरव केन्द्र महज पर्यटन स्थल ही नहीं है बल्कि यह राष्ट्रीय गौरव और राष्ट्रीय चेतना का अनूठा केन्द्र भी है।

देवनानी ने कहा कि पर्यटन स्थल के रूप में प्रदेश और देश में इस केन्द्र ने राष्ट्रीय पर्यटन नक्शे में स्थान बनाया है। यह गौरव केन्द्र हमारे लिए तीर्थ स्थल भी है। वीर शिरोमणी महाराणा प्रताप राष्ट्र के लिए प्रातः स्मरणीय है। राष्ट्र के गौरव है। भारतीय मानव जीवन के आदर्श महाराणा प्रताप के जीवन से युवाओं को देश भक्ति और त्याग का पाठ सीखना चाहिए। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने अपने शिक्षा मंत्री काल के दौरान प्रदेश के विद्यालय शिक्षा में अकबर महान के अध्याय को हटवाकर प्रताप महान का नया अध्याय शामिल कराया था। उनके इस प्रभावशाली कदम और


**महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने पुष्पांजलि अर्पित की।**

चुनौतिपूर्ण पहल से देश और प्रदेश के इतिहास में महाराणा प्रताप को गौरवशाली स्थान मिला।

उल्लेखनीय है कि वासुदेव

- **विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी प्रताप गौरव केन्द्र पहुंचे**
- **देवनानी ने महाराणा प्रताप के स्मारक को नमन कर पुष्पांजलि अर्पित की**
- **देवनानी वीर शिरोमणी प्रताप समिति के प्रथम अध्यक्ष रहे है**

देवनानी की प्रताप गौरव केन्द्र के निर्माण और इसकी परिकल्पना में महत्वपूर्ण भूमिका रही है। देवनानी वीर शिरोमणी प्रताप समिति के प्रथम अध्यक्ष रहे है। वर्तमान में प्रताप गौरव केन्द्र समिति की कार्यकारिणी के सदस्य है। देवनानी की अध्यक्षता में बनी समिति की दूरगामी सोच की परिकल्पना के अनुरूप ही यहां प्रताप स्मारक स्थल का निर्माण किया गया और इसके संचालन के लिए प्रताप गौरव केन्द्र समिति का गठन किया गया।

# पुलिस कमिश्नर ने शिप्रापथ थाने पहुंचकर लोगों की समस्याएं सुनीं

## अधिकांश शिकायतें साइबर फ्रॉड, धोखाधड़ी, अतिक्रमण, जमीन पर अवैध कब्जे और फर्जी पट्टे, धमकी, मुकदमे, अवैध शराब बिक्री से जुड़ी प्राप्त हुई

**जयपुर** (कासं)। जयपुर पुलिस आयुक्त बीजू जॉर्ज जोसफ ने गुरुवार को शिप्रापथ थाने में जनसुनवाई कर परिवादियों की समस्याएं सुनी और मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को निस्तारण के निर्देश भी दिए। आमजन ने पुलिस द्वारा किए गए नवाचार को सकारात्मक कदम बताया। जनसुनवाई की खास बात यह रही कि परिवादियों की समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण किया गया। समय लगने वाली अन्य समस्याओं के जल्द समाधान के लिए भी निर्देश दिए गए।

बीजू जॉर्ज जोसफ ने कहा कि परिवादियों की समस्याओं के तुरंत समाधान के जल्द ही सप्ताह में 1 दिन सभी वृत क्षेत्रों में जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। चारों जिलों के एक-एक वृत्त क्षेत्र में जनसुनवाई की योजना है ताकि संपूर्ण जिला एक माह में कवर हो जाए और आमजन को तुरंत राहत मिले।



जयपुर पुलिस आयुक्त बीजू जॉर्ज जोसफ ने गुरुवार को शिप्रापथ थाने में जनसुनवाई कर परिवादियों की समस्याएं सुनी ।

- श्याम नगर निवासी युवक, अपने बेटे का अपहरण करने वालों को सजा दिलाने के लिए पहुंचा
- एक महिला, मानसरोवर थाने के तत्कालीन सीआई व एएसआई पर जमीन पर कब्जे की शिकायत लेकर कमिश्नर के समक्ष पहुंची

आयुक्त ने बताया कि जनसुनवाई के दौरान क्षेत्र में साइबर फ्रॉड, धोखाधड़ी, अतिक्रमण, मादक पदार्थों के सेवन, जमीन पर अवैध कब्जा, जमीन के डबल पट्टे, धमकी, मुकदमे, अवैध शराब बिक्री, क्षेत्र के हॉस्टल्स में रहने वाले छात्रों द्वारा असामाजिक कार्यों की शिकायत मिली। उन्होंने आसपास के क्षेत्रों में संचालित हॉस्टल्स में रहने वालों का वेरिफिकेशन करवाने, क्षेत्र में गश्त बढ़ाने, परिवादियों की समस्याओं की समस्याओं का तुरंत रिस्पॉन्स देने और निस्तारण करने के निर्देश दिए।

जनसुनवाई के दौरान अतिरिक्त पुलिस आयुक्त कैलाश चंद्र विश्नोई, डीसीपी साउथ योगेश गोयल, एसीपी अभिषेक शिवहरे और संबंधित थानों के एसएचओ और अधिकारी उपस्थित रहे। इस दौरान सोडाला, मानसरोवर, चाकसू व वृतों से संबंधित क्षेत्र के परिवादियों ने अपनी समस्याएं पुलिस आयुक्त को बताकर समाधान पाया।

जनसुनवाई में पहुंची महिला शाइनी ने बताया कि उसकी गजसिंहपुरा में जमीन है। उस पर तत्कालीन मानसरोवर थाने के सीआई दिलीप सोनी और मौजूदा एएसआई भगवान सहाय गुर्जर ने जबरन कब्जा किया हुआ है। इन दोनों ही पुलिस कर्मियों के खिलाफ पहले भी मानसरोवर थाने में शिकायत दी थी। पुलिस के द्वारा कोई एक्शन नहीं लिया गया। अभी भी पीड़िता के गजसिंहपुरा खसरा नंबर 125 से 31, 32 बीघा जमीन पर अलग-अलग लोग कब्जा कर लेते हैं। जयपुर पुलिस कमिश्नर ने शाइनी को आश्वासन दिया है कि उसकी जमीन पर किसी भी प्रकार का कोई कब्जा नहीं करेगा। दो कोर्ट स्टे होने के बाद भी पुलिस शाइनी की मदद नहीं कर रही थी। इसलिए शाइनी ने जयपुर पुलिस कमिश्नर के सामने अपनी पीड़ा को रखा। शाइनी ने बताया कि मानसरोवर थाने में तैनात एएसआई भगवान सहाय गुर्जर उन्हें धमकाता है। कहता है कि यह मकान भरतपुर के जाट ने बनाया हुआ है। वह बहुत ही खतरनाक आदमी है। अगर उसके बारे में कोई शिकायत की गई तो वह आप लोगों को देख लेगा।

श्याम नगर थाना इलाके में रहने वाले रामेंद्र सिंह के बेटे सौरभ सिंह का अपहरण अक्टूबर 2022 में 6 बदमाशों ने किया था। पुलिस ने इस दौरान करीब 4 बदमाशों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने फर्जी रिपोर्ट कोर्ट के सामने पेश की, जिससे चारों बाहर आ गए। पीडित ने इस बारे में तत्कालीन श्याम नगर थानाधिकारी को जानकारी दी। उन्होंने घटना की जानकारी होने से मना कर दिया। रामेंद्र ने आरोप लगाया कि धनंजय बागड़ा, रविंद्र मोरनी, युवराज सिंह, हर्ष राजेश चौधरी सहित कई बदमाशों ने उनके बेटे का अपहरण किया था और मारपीट की थी। पुलिस ने मुकदमा तो दर्ज किया, लेकिन अब तक इस पूरे केस में चालान पेश नहीं किया है।

टीचर नीलम गोयल शिकायत लेकर पहुंची कि उनका दुर्गापुरा शांति नगर में एक प्लॉट है। इस पर जबरन भू माफिया भोले शंकर और रामधन सैनी ने कब्जा कर लिया है। साल 2019 में नीलम गोयल ने शिप्रा पथ थाने में शिकायत दी थी। उसके बाद भी अभी तक आरोपी गिरफ्तार नहीं हुए हैं। ना ही वह कब्जा हटा पाए हैं। पीड़िता ने जयपुर पुलिस कमिश्नर को अपनी पीड़ा बताई। कमिश्नर ने कहा-तत्काल प्रभाव से आरोपियों के खिलाफ आज एक्शन ले लिया जाएगा।

मुहाना थाना इलाके में गाड़ियों का काम करने वाले राजेश सैनी भी जनसुनवाई में पहुंचे। राजेश ने बताया कि मुहाना थाने के कॉन्स्टेबल कैलाश चंद मीणा ने उसके पास गौरव जुनेजा नाम के युवक को भेजा था। उसमें गाड़ी की सर्विस और टायर बदलने के लिए कहा। मैंने काम करने से मना कर दिया। गत 9 दिसंबर को कैलाश चंद मीणा पीसीआर के साथ आए और मेरे साथ मारपीट शुरू कर दी। इसके बाद पुलिस का जाब्ता मौके पर बुलाया व परिवार के साथ मारपीट की। मेरे खिलाफ राजकार्य में बाधा का केस दर्ज कर दिया। राजेश सैनी ने बताया-अब पुलिस की तरफ से राजीनामे के लिए डेढ़ लाख रुपए मांगे जा रहे हैं। इसकी शिकायत के लिए जयपुर कमिश्नर बीजू जॉर्ज से मिलने आया था, लेकिन नहीं मिले।

## मेडिकल ऑक्सीजन उपलब्धता पर चर्चा

**जयपुर**। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने राज्य में ऑक्सीजन प्लांट्स की क्रियाशीलता व ऑक्सीजन उपलब्धता के संबंध में गुरूवार को समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

एसीएस सिंह ने शासन सचिवालय स्थित अपने कक्ष में आयोजित बैठक में बताया कि विभाग ने केन्द्र सरकार की ओर से जारी एडवाइजरी के दृष्टिगत कोविड-19 या अन्य बीमारियों के प्रबंधन के लिए राज्य में मेडिकल ऑक्सीजन की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए पूरी तैयारी कर ली गयी है। वर्तमान में राज्य में कोविड काल की तुलना में मेडिकल ऑक्सीजन उत्पादन क्षमता 2.5 गुना तक बढ़ गई है। प्रदेश में ऑक्सीजन की उपलब्धता के लिए 40 हजार से अधिक ऑक्सीजन कन्सन्ट्रेटर, 18 हजार से अधिक अतिरिक्त डी-टाइप सिलेण्डर, ऑक्सीजन कन्सन्टेटर बैंक तथा 46 लिक्विड मेडिकल ऑक्सीजन टैंक उपलब्ध हैं।

## सिंधी कैंप बस स्टैंड पर शव मिला

**जयपुर**। सिंधी कैंप बस स्टैंड पर बेकाबू बस ने एक युवक को कुचलकर मौत के घाट उतार दिया। बस स्टैण्ड के प्लेटफॉर्म पर युवक का शव पड़ा मिलने पर हादसे का पता चला। सूचना मिलने पर सडक दुर्घटना थाना पश्चिम पुलिस ने शव को सवाई मानसिंह अस्पताल के मुर्दाघर में रखवाया। मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में जुटी है। पुलिस ने बताया कि सिंधी कैंप बस स्टैण्ड के अंदर सडक हादसे में युवक की मौत की सूचना मिली। बस स्टैण्ड पहुंचने पर प्लेटफॉर्म नंबर-तीन पर युवक की लाश पड़ी मिली। पुलिस ने मृतक की पहचान के प्रयास किए, लेकिन शिनाख्त नहीं हो सकी। मौका-मुआयना कर शव को पोस्टमार्टम के लिए सवाई मानसिंह अस्पताल के मुर्दाघर में भिजवाया गया। पुलिस ने बताया कि मृतक की उम्र करीब 25 से 30 साल के बीच की है।

## सार-समाचार

### खेल मैदान में सफाई अभियान चलाया



**जयपुर**, (का.सं.)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा संपूर्ण देश में चलाए जा रहा स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत आज स्वच्छ भारत अभियान किशनपोल मंडल के सिंह द्वारा खेल मैदान में सफाई अभियान चलाया गया। जयपुर को इंदौर जैसा स्वच्छ बनाने का संकल्प सभी कार्यकर्ताओं ने लिया एवं नरेंद्र मोदी का जयपुर पधारने पर जयपुर को स्वच्छ बनाकर स्वागत करने का काम किया जिसमे किशनपोल विधानसभा प्रत्याशी चंद मोहन बटवारा, प्रदेश संयोजक राजू अग्रवाल मंगोड़ी वाला, मंडल अध्यक्ष मुकेश शर्मा, मूर्तिकार पूर्व मेयर ज्योति खंडेलवाल, भारत शर्मा राजनंदवाना, पार्षद अमर गुर्जर, संजय, ललित जायसवाल पार्षद प्रत्याशी बिना मीठी विनोद शर्मा एवम अन्य कई कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

### मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का स्वागत



**जयपुर**, (का.सं.)। अखिल विश्व गायत्री परिवार राजस्थान के एक प्रतिनिधि मंडल ने मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा से मुख्यमंत्री निवास पर भेंट कर दुपट्टा ओढ़ाकर और साहित्य भेंट किया। साथ ही गायत्री परिवार के प्रमुख डॉ. प्रणव पंड्या और शैलबाला पंड्या का आशीर्वाद पत्र सौंपा। गायत्री परिवार, राजस्थान के प्रभारी ओमप्रकाश अग्रवाल ने मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा को गायत्री परिवार द्वारा शिक्षा, स्वावलंबन, नारी जागरण, कुरीति उन्मूलन, व्यासन मुक्ति के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की संक्षिप्त जानकारी दी तो मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने इसकी सराहना की। प्रतिनिधि मंडल ने मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा को शांतिकुंज हरिद्वार आने का निमंत्रण दिया जिसे उन्होंने स्वीकार कर लिया। प्रतिनिधिमंडल में गायत्री परिवार जयपुर कार्यकारिणी के सदस्य दीपक नंदी, सतीश भाटी, डॉ. प्रशांत भारद्वाज शामिल थे।

### पंत को मुख्य सचिव बनने पर बधाई दी



**जयपुर**। राज्य का नया मुख्य सचिव सुधांश पंत को बनाए जाने पर विप्र फाउंडेशन के प्रदेश महामंत्री आरोग्य साथी सुनील शर्मा ने नव वर्ष की बधाई के साथ-साथ राज्य का नया मुख्य सचिव नियुक्त होने पर उन्हें गुलदस्ता भेंट कर बधाई दी।

### नि:शुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित

**जयपुर**। नि:शुल्क चिकित्सा शिविर गुरूवार को हरिकिशन पब्लिक स्कूल, मनसा राम पार्क, उत्तम नगर, दिल्ली में आयोजित किया गया। यह आयोजन मामकौर एजुकेशन सोसायटी रजि. द्वारा संचालित स्वास्थ्य शिक्षा अभियान के अध्यक्ष डॉ. बी.एस. डबास एवं भारतीय वरिष्ट नागरिक राष्ट्र सुरक्षा संघ सौजन्य द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में संघ के संस्थापक डॉ. बी.एस. डबास, उपाध्यक्ष एमपी. सिंह, मुख्य सचिव अनिल भंडारी और अन्य सदस्य व पदाधिकारी शामिल हुए। यह शिविर संघ के उपाध्यक्ष एक्स. कमांडेड बी.एस.एफओ. पी. शर्मा ने अपने क्षेत्र में रखवाया और इसमें वार्ड नं.122 से निगम पार्षद अनुराधा शर्मा अन्य कार्य में व्यस्त होने की वजह से उनके पति अशोक शर्मा ने कार्यक्रम में शिरकत की और चिकित्सा शिविर की काफी सराहना कि और कहा कि समाज को स्वस्थ बनाने के लिए डॉ. बी.एस. डबास का अच्छा प्रयास है इस आगे भविष्य में जारी रखें। इस नि:शुल्क चिकित्सा शिविर में मुख्यत: मधुमेह, बी.पी. व हड्डियों आदि की जांच की गई। सभी वर्ग के लोगों ने इसमें जांच करवाकर लाभ उठाया। इस मामकौर एजुकेशन सोसायटी रजि. के अध्यक्ष डॉ. बी.एस. डबास ने औषधि रहित नि:शुल्क चिकित्सा शिविर में आये लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वस्थ रहने के लिए और स्वस्थ होने के लिए औषधि खाना आवशयक नही है आयुर्वेद में बताये गए स्वस्थ वृत के नियमों का पालन करके स्वस्थ रह सकते है।

### रॉयल्स ने पांच रनों से जीता मैच

**जयपुर**, (का.सं.)। एएमपीएल में आज स्पार्कल, रॉयल्स और सनराइजर्स ने अपने अपने मुकाबले जीते। भगवान दास मंगल ने बताया कि गुरुवार को खेले गये पहले मैच में बापू नगर स्पार्कल को अग्रवाल फार्म ब्लास्टर्स से वॉकओवर मिला। दिन के बाकी रोमांचक मुकाबले में देवी नगर रॉयल्स ने टोंक रोड स्टार्स को 5 रनो से हराया। मैच की प्लेयर ऑफ द मैच रॉयल्स की शिल्पी गुप्ता रही। मानसरोवर क्वींस ने निर्माण नगर थंडरस्ट्रिर्कस को 6 रनो से हराया। मैच की प्लेयर ऑफ द मैच थंडरस्ट्रिर्कस की रेणुका रहीं। सुभाष नगर सनराइर्जस ने टोंक रोड स्र्टास को 17 रनो से हराया। मैच की प्लेयर ऑफ द मैच सनराइर्जस की साक्षी मोदी रही।

### परीक्षार्थी कर सकेंगे नि:शुल्क यात्रा

**जयपुर**, (का.सं.)। राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम द्वारा 7 जनवरी को आयोजित होने वाली सहायक आचार्य, पुस्तकालयाध्यक्ष एवं शारीरिक प्रशिक्षण अनुदेशक परीक्षा के परीक्षार्थियों को रोडवेज की साधारण एवं एक्सप्रेस बसों मे नि:शुल्क यात्रा सुविधा मिलेगी। इसके लिये गुरूवार को राजस्थान रोडवेज के प्रबन्ध निदेशक नथमल डिडेल ने परिवहन व्यवस्था सुचारू रखने के लिये आवश्यक दिशा निर्देश जारी किये है। रोडवेज एमडी ने बताया कि सभी मुख्य प्रबन्धकों को प्रतियोगी परीक्षा में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थीयों को परिवहन सुविधा उपलब्ध कराने हेतु आवश्यकतानुसार स्थाई-अस्थाई बस स्टेण्ड, अतिरिक्त बसों की व्यवस्था, बसों के मेन्टीनेन्स, बुकिंग विण्डो एवं चालक-परिचालकों की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिये पाबन्द किया गया है। परीक्षार्थी नि:शुल्क यात्रा सुविधा का लाभ प्रवेश पत्र के साथ फोटो युक्त आईडी के आधार पर परिक्षा के एक दिवस पूर्व एवं एक दिवस बाद तक ले सकेंगे।

### संस्कृत विश्वविद्यालय में अवकाश 22 को

**जयपुर**। अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाले श्रीराम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के अवसर पर जगद्गुरु रामानंदाचार्य राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय में अवकाश घोषित किया गया है। विश्वविद्यालय के प्रवक्ता शास्त्री कोसलेन्द्रदास ने बताया कि कुलपति प्रो. रामसेवक दुबे ने 22 जनवरी को कुलपति के विशेषाधिकार से विश्वविद्यालय में अवकाश घोषित किया गया है। कुलपति प्रो. दुबे ने बताया कि शिक्षक, कर्मचारी एवं विद्यार्थी 22 जनवरी को श्रीराम की उपासना एवं आराधना के साथ ही अयोध्या से श्रीरामलला मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह का लाईव प्रसारण देख सकेंगे।

# पृथ्वीराज नगर में रोड कट पर पेचवर्क 2 दिन भी नहीं टिका

## जे.डी.ए. निदेशक इंजीनियरिंग का कहना है कि ''सड़क मरम्मत में लापरवाही बर्दाश्त नहीं करेंगे''

**जयपुर** (कासं)। पृथ्वीराज नगर में रोड कट के बाद की गई मरम्मत का काम इतना घटिया रहा कि 2 दिन भी नहीं टिक रहा है। सवेरे पेचवर्क के बाद की गई डामर दो दिन में ही बिखर गई। मौके पर किए गए डामरीकरण के काम में डामर की मात्रा भी काफी कम पाई गई। अब सड़क पर बिखरी कंक्रीट व रोडी आमजन की परेशानियां बढ़ा रही है। कोहरे के कारण दृश्यता कम होने से यह रोडी-कंक्रीट बाइक सवार लोगों के लिए हादसे का कारण बन रही है।

जेडीए के निदेशक इंजीनियरिंग देवेन्द्र गुप्ता से जब इस बारे में बात की गई तो उन्होंने कहा, रोडकट रिपेयरिंग के काम में लापरवाही को लेकर हमें शिकायतें मिली है। इंजीनियर्स की टीम भेजकर मौका निरीक्षण करवाया जा रहा है, जहां-जहां पर घटिया पेचवर्क हुआ है, वहां जिम्मेदार अधिकारी और ठेकेदार पर कार्रवाई की जायेगी। रोड कट की रिपेयरिंग सही तरीके से होनी चाहिए। अगर कही खामी मिली तो उसे सही कराएंगे।



स्थानीय लोगों की मानें तो पीआरएन उत्तर और दक्षिण में हाल ही में बीसलपुर की लाइनें डालने का काम हुआ है। इसके लिए सड़कों को उधेड़ दिया गया था। जेडीए की इंजीनियरिंग सेल इन सड़कों को सुधारने की बजाय बिगाडने में लगी हुई है। सी जोन बाइपास पर बजरी मंडी रोड पर जेडीए ने सड़कों को सुधारने का काम गोकुलनाथ कंस्ट्रक्शन को दिया हुआ है और सबसे ज्यादा खामियां भी यहीं मिली है। मौके पर जोन के जेईएन अवकाश पर थे और ठेकेदार ने मौके का फायदा उठा कर डामर कर दी, जो जगह-जगह से बिखर गई। रोड कट को रिपेयर करने में सड़क का लेवल भी खराब कर दिया। मौके पर डामर पुरानी सड़क से एक इंच ऊंची कर दी गई। रोड कट की रिपेयरिंग भी एक मीटर की जगह तीन मीटर की जा रही है। सड़क पर रोड कट एक मीटर के आसपास है जबकि रोड कट की रिपेयरिंग लगभग तीन मीटर में की जा रही है। रिपेयरिंग में डामर की मात्रा भी पूरी नहीं आ रही है।

## राजकार्य में पारदर्शिता और सुशासन के निर्देश

**जयपुर** (कासं)। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के शासन सचिव डॉ. समित शर्मा की अध्यक्षता में आज शासन सचिवालय स्थित अपने कक्ष में विभागीय अफसरों और जिलाधिकारियों की वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से विभागीय योजनाओं की प्रगति की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप भ्रष्टाचार मुक्त शासन एवम राजकीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करें। उन्होंने राजकार्य में सुशासन एवम प्रभावी प्रशासन हेतु जिलाधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि राजकीय सेवा का उद्देश्य आमजन के जीवन में परिवर्तन लाना है। उन्होंने लोक सेवा में अनुशासन और समय की पाबंदी का महत्व रेखांकित करते हुए नियमित रूप से समय पर कार्यालय आने आदि विभिन्न निर्देश दिए। छात्रवृति में हुई अनियमितता की रिकवरी करवाए और 3 दिन में नहीं होने पर दोषी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराए उन्होंने जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि छात्रवृति योजनाओं में हुए कुछ निजी विश्वविद्यालय निजी कॉलेजों और प्राइवेट आईटीआई द्वारा अनियमितताएं कर जो छात्रवृत्ति प्राप्त कर ली है उनकी रिकवरी करवाए और रिकवरी नहीं होने पर दोषी संस्थान/विद्यार्थी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराए।

# एस.एम.एस. अस्पताल में 28वां अंगदान हुआ

- किडनी और लिवर दान करके बचाई दो लोगों की जिन्दगी
- दिल के लिए नहीं मिला कोई मरीज

**जयपुर**। राजधानी के सवाई मानसिंह अस्पताल में गुरूवार को 28वां अंगदान हुआ। धौलपुर के युवक अजीत पाल के ब्रेनडेड होने के बाद परिजनों ने उसके अंगदान करने पर सहमति दी। इसके बाद मृतक युवक की एक किडनी सवाई मानसिंह हॉस्पिटल में ही एक मरीज को लगाई गई। दूसरी किडनी और लिवर जयपुर में ही संतोकबा दुर्लभजी मेमोरियल हॉस्पिटल में भर्ती एक ही मरीज को लगाया गया। दिल का रिसीवर राजस्थान में नहीं होने के कारण वो डोनेट नहीं किया जा सका।

सवाई मानसिंह हॉस्पिटल के नोडल ऑफिसर ऑर्गन ट्रांसप्लांट डॉ. देवेंद्र पुरोहित ने बताया कि अजीत पाल का 24 दिसम्बर की शाम को राजाखेडा, धौलपुर में किसी रिश्तेदार से मिलकर अपने घर लौटने के दौरान एक्सीडेंट हो गया था। बाइक के सामने जानवर के आ जाने से अजीत असंतुलित होकर गिर गया था।, जिससे उसके चोट आई। गंभीर घायल हो जाने पर उसे आगरा के रेनबो अस्पताल में भर्ती करवाया, जहां से उन्हें 25 दिसंबर को सवाई मानसिंह हॉस्पिटल जयपुर रैफर किया गया। सवाई मानसिंह के डॉक्टरों के अथक प्रयासों के बावजूद भी अजीत पाल को बचा पाना संभव नहीं हो पाया। उसे ब्रेन डैड घोषित कर दिया। डॉ. पुरोहित ने बताया कि डॉक्टरों और ट्रांसप्लांट कोर्डिनेटर्स की समझाइश के बाद अजीत पाल की मां चंद्रवती, पत्नी सुमन और अन्य रिश्तेदारों ने अंगदान की सहमति दी। उन्होंने बताया कि ये एसएमएस का 28वां और प्रदेश का 55वां अंगदान है।

डॉक्टर पुरोहित ने बताया कि स्टेट ऑर्गन एंड टिश्यू ट्रांसप्लांट आर्गेनाइजेशन राजस्थान की ओर से अंगों का आवंटन किया गया। इसमें अजीत पाल की एक किडनी सवाई मानसिंह हॉस्पिटल में भर्ती एक मरीज को दान की गई। जबकि दूसरी किडनी और लिवर संतोकबा दुर्लभजी मेमोरियल हॉस्पिटल में भर्ती एक ही मरीज को दान करके लगाई गई। उन्होंने बताया कि ये दूसरा केस है, जब एक ही मरीज को मल्टी ऑर्गन ट्रांसप्लांट किया गया है।

इससे पहले सीतापुरा स्थित महात्मा गांधी में एक मरीज को एक साथ दो अंग प्रत्यारोपित किए गए थे। उन्होंने बताया कि दिल को भी डोनेट करना था, लेकिन प्रदेश में कोई इस ग्रुप का रिसीवर नहीं मिला।

# डीजी-आईजी कॉफ्रेंस को लेकर ओ.टी.एस. चौराहे से के.वी. 3 तिराहे तक नो ट्रेफिक जोन

- शुक्रवार को बीजेपी कार्यालय पर प्रधानमंत्री के कार्यक्रम के दौरान यातायात को शाम साढ़े 5 बजे से आवश्यकता पड़ने पर डायवर्ट कर संचालित किया जायेगा

**जयपुर**। राजधानी में 5 से 7 जनवरी तक डीजी-आई कॉफ्रेंस को लेकर यातायात की विशेष व्यवस्था की गई है। कार्यक्रम के दौरान ओ.टी. एस. चौराहा से के.वी. 3 तिराहा तक के क्षेत्र को नो ट्रेफिक जोन रखा गया।

कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह और वी.वी.आई.पी. तथा वी.आई.पी. एवं काफी संख्या में अधिकारी शामिल होंगे। कार्यक्रम के दौरान जयपुर एयरपोर्ट से जे.डी.ए. चौराहा तक जवाहर लाल नेहरु मार्ग, भवानी सिंह रोड़, 22 गोदाम सर्किल से राममंदिर, राजभवन तक, 22 गोदाम सर्किल से परिवहन आयुक्त कार्यालय तक सहकार मार्ग एवं 22 गोदाम सर्किल से चौमू हाउस चौराहा तक तथा पोलो सर्किल से विधायक आवास (विधानसभा के पास) तक, का मार्ग उपयोग में लिए जाने की सम्भावना रहेगी। इन मार्गो पर अल्पावधि के लिए सुरक्षा कारणों से यातायात रोका जायेगा। ओ.टी. एस. चौराहा से के.वी. 3 तिराहा तक के क्षेत्र को नो ट्रेफिक जोन रखा जायेगा।

वहीं शुक्रवार को बीजेपी कार्यालय पर प्रस्तावित कार्यक्रम के दौरान सामान्य यातायात को शाम साढ़े 5 बजे से ज़रूरत पड़ने पर डायवर्ट कर संचालित किया जायेगा। इस दौरान चौमूं हाउस चौराहा से भाजपा मुख्यालय की तरफ जाने वाले सामान्य यातायात को चौमूं हाउस चौराहे से स्टैच्यू सर्किल की तरफ डायवर्ट कर संचालित किया जायेगा। राजमहल टी. पाईन्ट चौराहा से भाजपा मुख्यालय की तरफ जाने वाले सामान्य यातायात को राजमहल टी. पाईन्ट चौराहा से डियर पार्क चौराहा की तरफ डायवर्ट कर संचालित किया जायेगा।

जमना लाल बजाज मार्ग एवं पृथ्वीराज रोड़ से आजाद मार्ग पर आने वाले सामान्य यातायात को आवश्यकतानुसार डायवर्ट कर संचालित किया जायेगा। वहीं 22 गोदाम सर्किल से राजमहल टी. पाईन्ट चौराहा की तरफ जाने वाले सामान्य यातायात को आवश्यकतानुसार 22 गोदाम सर्किल से समानान्तर मार्ग की तरफ डायवर्ट कर संचालित किया जायेगा। डीयर पार्क चौराहे से राजमहल टी. पाईन्ट चौराहा की तरफ जाने वाले सामान्य यातायात को आवश्यकतानुसार डीयर पार्क चौराहा से समानान्तर मार्गों पर डायवर्ट कर संचालित किया जायेगा। सिविल लाईन फाटक से राजमहल टी. पाईन्ट चौराहा की तरफ जाने वाले सामान्य यातायात को सिविल लाईन फाटक से डायवर्ट कर परिवहन मार्ग पर संचालित किया जायेगा।

सिन्धी कैम्प की तरफ से दिल्ली, आगरा एवं टोंक रोड़ की तरफ संचालित होने वाली रोडवेज एवं प्राईवेट बसों को आवश्यकतानुसार गवर्नमेंट हॉस्टल चौराहा से एम.आई. रोड, अजमेरी गेट, यादगार तिराहा से टोंक रोड होकर संचालित की जायेगी। आगरा एवं दिल्ली रोड से आने वाली रोडवेज एवं प्राईवेट बसों को आवश्यकतानुसार नारायण सिंह तिराहे से पृथ्वीराज टी. पोईन्ट, पृथ्वीराज रोड, स्टैच्यू सर्किल, सेन्ट जेवियर चौराहा, अशोक मार्ग से गवर्नमेंट प्रेस चौराहे होकर सिन्धी कैम्प जा सकेंगी। टोंक रोड से आने वाली रोडवेज एवं प्राईवेट बसों को पुराना बाईपास चौराहा से बी-2 बाईपास, प्रधान वाटिका, न्यू सांगानेर रोड से किसान धर्म कान्टा, 200 फुट चौराहा से अजमेर रोड होती हुई सिन्धी कैम्प जा सकेगी। 10. सरदार पटेल मार्ग, पृथ्वीराज रोड, जनपथ, भवानी सिंह रोड, सहकार मार्ग पर वाहनो की पार्किग निषेध रहेगी।

# श्री क्षत्रिय युवक संघ के संस्थापक तनसिंह का जन्म शताब्दी समारोह 28 जनवरी को



उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी ने गुरूवार को श्री क्षत्रिय युवक संघ के संस्थापक तनसिंह की जन्म शताब्दी संदेश यात्रा को झोटवाड़ा स्थित संघ शक्ति कार्यालय से तिलक लगाकर रवाना किया।

**जयपुर**, (का.सं.)। उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने गुरूवार को श्री क्षत्रिय युवक संघ के संस्थापक तनसिंह की जन्म शताब्दी संदेश यात्रा को झोटवाड़ा स्थित संघ शक्ति कार्यालय, जयपुर से तिलक लगाकर रवाना किया। यह समारोह 28 जनवरी को जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम दिल्ली में आयोजित होगा।

उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कहा कि कर्तव्य निष्ठा को उत्तरदायित्व मानकर जीवन पर्यंत समाज की सेवा में समर्पित तनसिंह देश-प्रदेश का गौरव हैं। ऐसे कर्मशील महापुरुष की पुण्य स्मृति में आयोजित जन्म शताब्दी संदेश यात्रा उनके सिद्धांतों और आदर्शों को जीवन में धारण करने के लिए प्रेरित करेगी। इस अवसर पर श्री क्षत्रिय युवक संघ प्रमुख लक्ष्मण सिंह बेन्याकाबास, श्री प्रताप फाउंडेशन संयोजक, महावीर सिंह सरवड़ी सहित क्षत्रिय युवक संघ के महिला-पुरुष स्वयं सेवक भी मौजूद रहे।



## Thyroid Awareness Month

Thyroid Awareness Month is the perfect time of the year to turn attention to a small but mighty gland in the human body: *the thyroid*. Thyroid Awareness Month helps to create additional awareness of how thyroid disorders affect the lives of millions of people around the globe. It's also about spreading the word about diagnosing and treating thyroid-related issues. The thyroid may be small, still, its outsized impact on overall health significantly influences every facet of human health. From metabolism to heart rate, this gland is one necessary key for unlocking the secrets of staying fit.

#WINTER-SPECIAL

# Add a flavourful twist to your '*Saag*'

For those yearning to infuse a unique twist into their *saag experience*, consider exploring the enticing recipe recently shared by chef Thomas Straker on Instagram- the delightful '*saag aloo butter*.'





If you're bored to death with the same old '*makki ki roti*' and '*sarson da saag*', well, you're not alone! While *saag* remains a nutritional gem in North Indian and Punjabi cuisine, creativity often goes for a toss while making this dish. For those yearning to infuse a unique twist into their *saag experience*, consider exploring the enticing recipe recently shared by chef Thomas Straker on Instagram — the delightful '*saag aloo butter*.'

*Mustard saag* or mustard leaves are good for bone health, are rich in antioxidants, enhance iron absorption and promote good vision. Additionally, mustard leaves can be beneficial for pregnant women due to their rich folate content, essential for fetal development and support maternal health.



If you're in the mood to experiment with this seasonal green, dive into the recipe below and elevate your *saag game*.

## Recipe for '*saag aloo butter*'

### Ingredients

- 2 potatoes
- 2 teaspoons of salt
- 1 white onion
- 1 red chili
- 2 garlic cloves
- 1 tablespoon cooking oil
- 1 teaspoon mustard seeds
- 1 teaspoon cumin seeds (*jeera*)
- 1 teaspoon turmeric (*haldi*) powder
- 1 teaspoon *garam masala*
- 1 teaspoon fenugreek (*methi*) powder
- 50 grams butter
- 10-15 leaves of *saag* (mustard greens)

### Preparation

1. Begin by peeling and chopping the potatoes into substantial chunks.
2. Boil water in a pan, adding salt and potatoes into it.
3. Once the potatoes are cooked, set them aside on a plate.
4. Simultaneously, boil *saag leaves* in a separate pan and keep them aside.
5. Proceed by finely chopping the white onion, red chilli and garlic cloves.
6. In a heated pan, add oil followed by chopped onions, salt, mustard seeds, cumin seeds, chilli and garlic.
7. Ensure thorough mixing of all ingredients.
8. Add turmeric powder, *garam masala*, fenugreek powder and tomato paste to the pan, mixing it well.
9. Once the mixture is cooked, transfer it to a blender, add butter and create a smooth paste.
10. With the butter paste ready, add it to a hot pan along with the boiled potatoes.
11. Crown the dish with the *boiled saag* and cook everything together to marry the flavours.



The inclusion of women soldiers, under command of the Army in the Valley, is a most welcome step. Whenever and wherever they are deployed, they will be definite assets in overcoming problems associated with dealing with women of the local populace and particularly, in situations, where frisking of women or questioning them for information, is concerned. Frisking of women becomes necessary in an environment where they have been used by terrorists to transport weapons.



# Assam Rifles Has Riflewomen





● Team Salute

An *integral women cadre* was instituted in the *Assam Rifles* (AR) in 2013. Since then, *Riflewomen* (Rfw), as they are designated, are working hand-in-hand with their Riflemen (Rm) comrades on every front, braving the inhospitable and harsh terrain and all operational challenges in remote locations of the North East. After validating their professional acumen in the counter insurgency/ counter terrorist (CI/CT) environment of the North East, it was decided that AR Rfws were to be deployed in Kashmir under the operational control of the Indian Army. This is, indeed, a matter of great pride for the entire fraternity of *Assam Rifles*.

Notwithstanding all inhibitions related to their employment philosophy, AR Rfws underwent challenging four weeks of training at the Corps Battle School, Khreuh (J&K), before getting deployed in the intense CI/CT environment in Kashmir Valley.

The employment of Rfw in Kashmir has fulfilled a longstanding requirement of women combatants in many situations of CI/CT operations in Kashmir Valley. Often, women, among the local population, need to be dealt with. While women have been used by some terrorist groups as terrorists, but in the Valley, terrorists have used women as couriers for illicit smuggling or moving of arms and ammunition or for supportive over-ground activities. There are instances when women of the civil population have to be frisked or interacted with, for investigation, or when women need medical treatment. Availability of women, as security forces personnel, has been a major hurdle for the Army in combating terrorism, as policewomen of J&K Police or central armed police forces are not always available. Terrorist outfits have been taking advantage of this shortfall of women police personnel and



## #WOMANNED FRONTS



human rights issues by using local women as scapegoats.

The inclusion of women soldiers, under command of the Army in the Valley, is the most welcome step. Whenever and wherever they are deployed, they will be definite assets in overcoming problems associated with dealing with women of the local populace and particularly, in situations, where frisking of women or questioning them for information, is concerned. Frisking of women becomes necessary in an environment where they have been used by terrorists to transport weapons.

While terrorist groups in the North East have been known to include women in actual fighting and other supportive roles, in Jammu and Kashmir, the *Dukhtaran-e-Millat* (DeM) is an all-women outfit which can be categorized as soft-terrorist, in the sense that it uses extra-legal means, including threats, to impose its doctrines but has not taken to arms so far. During the 1990's, *DeM* was active in organizing protests against Kashmiri women who did not adhere to wearing the *burqa* (veil), as 'decreed' by it. In May 1993, the *DeM* issued warnings to the women in Srinagar, not to venture outside their houses, without wearing the *burqa*. It also organized protests against the alleged display of objectionable literature in Jammu and Kashmir. Another issue that the outfit periodically raised is alleged excess of security forces, conducting counter-insurgency operations in the State. It regularly cooperated with the *All Party Hurriyat Conference* in organizing protest demonstrations on this issue and was also active in radicalization of youth.

So far, there are only a few Riflewomen, integral to a battalion of *Assam Rifles*, deployed in the Valley, but deputed to Army for being included in CI/CT operations. However, with their professional and humane approach, they have made a positive impact on the local populace, wherever they have been deployed. Their deployment, in the Valley, is a good beginning

> The *Dukhtaran-e-Millat* (DeM) is an all-women outfit which can be categorized as soft-terrorist, in the sense that it uses extra-legal means to impose its doctrines but has not taken to arms so far. During the 1990's, DeM was active in organizing protests against Kashmiri women who didn't wear *burqa*.

but there need to be many more of them, in number, and deployed all over the affected areas of Jammu and Kashmir. All battalions of *AR* in the North East, which have women personnel on their roles, have certainly benefited.

While there have been women officers in the Army, Navy and Air Force, since 1992, the Army recently began entry of *women soldiers* in its *Corps of Military Police*.

'Rifle Women', deployed on duty for the first time in Kashmir, has, within a few days, managed to make a positive impact on the local populace.

Army officials in Kashmir have, now, got vital support in conducting security-related operations, with women soldiers from the *Assam Rifles*, assisting the troops in maintaining peace in the Valley.

"The *Assam Riflewomen* have been deployed in some areas of Kashmir, where they help the male soldiers in frisking women and children at motor-vehicle checkpoints," officials said.

"They also help in house-to-house searches during cordon and search operations," they said.

But more than their primary role, these *riflewomen* are happy, shattering the myths around Kashmir and inspiring local girls to dream bigger and aim higher in life.

Riflewoman Rekha Kumari, from Bardhaman district of West Bengal, has served in Manipur and Nagaland before arriving in the valley, a month ago.

"There are apprehensions and fears about coming to Kashmir but then, we are here in the service of the nation. Also, there is too much myth around Kashmir. People here are nice and we feel good while interacting with them," Ms. Kumari said.

She said that while being a part of the search operations, *riflewomen* present the soft side of the armed personnel to the local populace.

"We are women and have to deal with womenfolk. So, we start from that common ground. We have to be humane so that the local women repose their trust in us. We are here to serve them," Ms. Kumari said.

Riflewoman Rupali Dhangar, a native of Maharashtra, is more into tough soldiering.

"We do all the duties that male soldiers do. We guard the gate, we man the bunkers, we go into cordon and search operations. There is no fear. This is a part of our duty," she said.

Both riflewomen are happy that local girls look up to them for inspiration.

"Many girls want to be like us. It is not necessary that they also become soldiers. Let them follow their dreams, let them aim higher than the highest, they thought they could go," Ms. Dhangar said.

"The *Assam Rifles women* were initially deployed in Kupwara district to check the rising drug trafficking. The male officials, in the army, were finding it difficult to frisk the women suspects, moving close to areas along the Line of Control," a senior official said.

rajeshsharma1049@gmail.com



#PARENTING

# Parenting Resolutions for the New Year

Even while resolutions are sometimes broken as the year goes on, establishing attainable and realistic goals might improve your family's dynamic



It's a good idea to take stock of our parenting experience as we start a new year and make resolutions that will improve both, our own and our kids' well-being. Even while resolutions are sometimes broken as the year goes on, establishing attainable and realistic goals might improve your family's dynamic. Below are 5 parenting resolutions that you can stick to, in 2024.

### Make self-care for parents and children, a priority

Because parenting is a difficult job, it's simple to put off taking care of oneself, in the middle of everyday obligations. Decide together, that you and your child will give *self-care* first priority in 2024. Understand that caring for your health makes it possible for you to be a more patient and present parent.

Establish a self-care regimen that consists of your favourite things to do, like reading, working out, or hanging out with friends. Encourage your youngster to pursue their hobbies and partake in enjoyable and soothing activities.



This resolution highlights the significance of mental, emotional, and physical health in order to encourage a holistic approach to well-being.

### Prioritise quality times

It's simple to fall into the trap of thinking that having more time means that you're a better parent. But what really counts is the quality of the time that you spend with your kids. Decide to spend the time, you have together, being more attentive and involved. Make the most of the time, whether it's through a family game night, going for a walk or just reading stories together before bed.

### Accept a positive perspective on parenting

Without a doubt, being a parent is difficult, and there will be times when you feel tired and frustrated. Still, making the decision to keep an optimistic outlook can have a big impact. Instead of focusing on issues, concentrate on finding solutions. Honour modest accomplishments, cultivate thankfulness, and keep in mind that failures present chances for improvement, for both, you and your kids. Positivity may improve family dynamics and provide your children with a positive role model.

### Promote independence


The more your child grows, the more important it is to foster *independence*. Make a commitment to support independence that is age-appropriate. This can entail giving your kids the freedom to decide for themselves, accept responsibility, and grow from their mistakes. Developing a sense of independence raises a kid's self-esteem and gets them ready for *adult responsibilities*.

### Promote a healthy lifestyle

There is a connection between mental and physical health. Make a commitment to supporting your family's health by making time each day for wholesome food, consistent exercise, and enough sleep. Set a good example for your children. When they observe their parents engaging in healthy behaviours, they are more likely to follow suit.



## THE WALL




## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman




# अजमेर नगर निगम ने छह व्यवसायिक प्रतिष्ठान सीज किये

## भवन निर्माण व मरम्मत पर अस्थाई रोक के बावजूद चल रहे थे निर्माण कार्य

**अजमेर,** (कासं)। नगर निगम प्रशासन ने दरगाह क्षेत्र में भवन निर्माण एवं मरम्मत पर लगाई गई रोक के बावजूद चल रहे निर्माण कार्यों पर गुरूवार को दूसरे दिन भी कार्यवाही की। अवैध निर्माणरोधी दस्ते ने मेला क्षेत्र में 20 चल रहे भवन निर्माण के कार्य बंद करवाए। वहीं 6 व्यवसायिक प्रतिष्ठान सीज किए। दो दिन चली कार्यवाही में अब तक 10 व्यवसायिक प्रतिष्ठान सीज किए गए हैं।

निगम के अवैध निर्माणरोधी दस्ते के प्रभारी अधिकारी देवन बेरवाल, जेईएन हर्ष रॉय सहित पुलिस की टीम ने मेला क्षेत्र में चल रहे निर्माण कार्यों पर कार्यवाही करते हुए दरगाह और आस-पास के क्षेत्रों में चल रहे भवन निर्माण / मरम्मत इत्यादि के कार्य बंद करवाए। वहीं निर्माण कार्य पर अस्थाई रोक के बावजूद अजीत गोयल द्वारा 4 दुकानों का निर्माण किया जा रहा था। मौके पर अधिकारियों द्वारा मानचित्र मांगने पर दस्तावेज उपलब्ध नहीं करवाए। जिस पर अधिकारियों ने सीज की कार्यवाही की।



अजमेर में नगर निगम प्रशासन ने दरगाह क्षेत्र में रोक के बावजूद चल रहे निर्माण कार्यों पर कार्रवाई की।

इसी प्रकार मोती कटला क्षेत्र में नजीर हाशमी द्वारा पांच फुट की गली में आठ मंजिला होटल का निर्माण करवा जा रहा था। निगम अधिकारियों ने उन्हें बुधवार को काम रूकवाने के पाबंद किया था। निर्माणाधीन होटल का स्वीकृत मानचित्र नहीं होने पर अधिकारियों ने होटल को सीज कर दिया। लाखन कोठरी सत्यनारायण मंदिर के पास अनील गर्ग की छह मंजिला निर्माणाधीन होटल, कुम्हार मोहल्ला स्थित बर्फ फैक्ट्री के पास मनीष प्रजापत की 6 मंजिला होटल, सैयद खुशतर चिश्ती की पांच मंजिला होटल और धानमंडी चौक में मोहम्मद शबीर की पांच मंजिला होटल को सीज किया गया।

**मेला क्षेत्र में 16 जनवरी तक निर्माण पर है अस्थाई रोक :-** उल्लेखनीय है कि भवन निर्माण/मरम्मत स्वीकृति 28 दिसंबर से 16 जनवरी तक प्रभावी नहीं रहेगी।

■ **दरगाह और आसपास के क्षेत्रों में चल रहे भवन निर्माण, मरम्मत के कार्य बंद करवाए**

निगम स्तर पर चिन्हित किए गए दरगाह बाजार, नला बाजार, अन्दरकोट, खादिम मौहल्ला, ईमाम बाड़ा, सोलह खम्बा, लंगरखाना गली, फूल गली, डिग्गी, खजुर रोड, पन्नीग्राम चौक, शौरग्रान चौक, तारागढ़ रोड घाटी से विश्राम स्थली लौंगिया मौहल्ला, कुम्हार मौहल्ला, बाबुगढ़ क्षेत्र नला बाजार से घसेटी बाजार होते हुए डिग्गी बाजार, धानमंडी क्षेत्र मोती कटला, कड़क्का चौक, घोसी मौहल्ला, ईमली मौहल्ला, लाखन कोटड़ी, सिलावट मौहल्ला, नला बाजार से मदारगेट व आस-पास के क्षेत्र सिनेमा रोड इत्यादि क्षेत्रों में अस्थाई रोक लगाई गई है। इन क्षेत्रों में किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य नहीं करेंगे, ना ही अधूरे कार्य को पूरा करेंगे। चिन्हित किए गए क्षेत्रों में निर्माणाधीन भवन के आगे भवन निर्माण से संबंधित साम्रगी जैसे ईंट, चूना, पत्थर, पट्टियां, सीमेंट, मलबा आदि नहीं करेंगे ओर ना ही रोड कटिंग करेंगे।

# पूर्व कर्मचारियों ने रची थी लूट की साजिश, चार हिरासत में

## फ्रेश एन ग्रीन कर्मचारी से 9.75 लाख की लूट का मामला

**जोधपुर,** (कासं)। शहर के जेडीए सर्किल रेलवे हॉस्पिटल के पास सोमवार को फ्रेश एन ग्रीन कंपनी के अकाउंटेंट से हुई 9.75 लाख रुपए की लूट का पुलिस ने खुलासा कर दिया। इसमें चार लोगों को हिरासत में लिया गया है। जिसमें कंपनी में काम करने वाले पूर्व कर्मचारियों की संलिप्तता सामने आई है। फिलहाल आरोपियों से गहनता से पूछताछ की जा रही है। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर भारी मात्रा में रकम बरामद की है। सूत्रों के मुताबिक आरोपियों में एक पूर्व कर्मचारी भी शामिल है जिसे हिरासत में लिया गया है। उससे ही पूरी साजिश का खुलासा हुआ है।

■ **पुलिस ने 72 घंटे में किया घटना का खुलासा, बोलेरो लूटकर भागे थे**

अकाउंटेंट के पास कुल 12.49 लाख रुपये थे। उन्होंने गले में लटकाए बैग में 9.75 लाख रुपये और बाइक पर लटकाए कपडे के थैले में 2.74 लाख रुपये रखे थे। पिकअप ने उसे पीछे से टक्कर मारी और फिर एक युवक उतरकर उसके सिर पर रॉड से हमला कर दिया। इससे उनका हेलमेट टूट गया. तभी लुटेरे युवक ने उनके दाहिने पैर के घुटने पर रॉड से हमला कर दिया। इसके बाद उसके गले में लटका बैग छीन लिया।

मामले के अनुसार सोमवार 1 जनवरी को फ्रेश एण्ड ग्रीन में कलेक्शन का काम देखने वाले लोहावट के पीलवा के इन्द्रा नगर निवासी पुखराज विश्नोई पुत्र हीरालाल विश्नोई नामक युवक के साथ लूट की वारदात हुई थी। वह रोजाना की तरह सुबह 11 बजे कलेक्शन के पैसे लेने के लिए बासनी स्थित हेड ऑफिस से मोटरसाइकिल पर निकला था। उसने पहले शास्त्री सर्किल स्थित फ्रेश एंड ग्रीन से कलेक्शन लिया, फिर आखलिया चौराहा और फिर सरदारपुरा से कलेक्शन लेकर खतरनाक पुलिया के पास से जेडीए चौराहे की तरफ स्थित रातानाडा शाखा से कलेक्शन के पैसे लेने जा रहा था। जैसे ही कलेक्शन कर्मी रेलवे स्टेडियम से जेडीए सर्किल की ओर जा रहा था, तभी रेलवे अस्पताल के पास पीछे से आ रही एक बिना नंबर की सफेद पिकअप ने उसे टक्कर मार दी। इससे वह नीचे गिर गये. इसके बाद बोलेरो कैंपर से उतरे बदमाश ने उस पर रॉड से हमला कर दिया। हेलमेट पहने होने के कारण उनके सिर पर कोई चोट नहीं आयी. इसके बाद उसके दाहिने घुटने पर रॉड से वार किया।

कर्मचारी पुखराज विश्नोई ने रिपोर्ट में बताया कि वह 2010 से कंपनी के लिए कैश कलेक्शन का काम कर रहा है और हिसाब-किताब संभालता है। फिर वह कलेक्शन का पैसा पावटा स्थित एक निजी बैंक शाखा में जमा करा देता है। सोमवार को उनके पास दो दिन का कलेक्शन था। कुल 12.49 लाख रुपये थे लेकिन लुटेरा 9.75 लाख रुपये से भरा बैग लेकर भाग गया।

## चेक अनादरण के आरोपी को सजा सुनाई

**ब्यावर,** (निसं)। विशिष्ट न्यायाधीश एन आई एक्ट शैली परवाल ने चेक अनादरण के आरोपी टेलीफोन कॉलोनी निवासी सूरजमल चौहान सुपुत्र मोहनलाल चौहान को चेकअनादरण के मामले में दोष सिद्ध करते हुए 6 माह की सजा और नब्बे हजार रुपए के अर्थदंड की सजा के आदेश प्रदान किए है। परिवादी गुरुबचन सिंह की ओर से एडवोकेट प्रवीण जैन ने तर्क दिया कि उसकी उधार मांगती रकम के भुगतान के लिए चेक दिया गया था जो सूरजमल चौहान के खाते में अपर्याप्त राशि होने के कारण अनादरित हो गए थे। जिस पर एडवोकेट प्रवीण जैन के तर्क दिया कि चेक पर अभियुक्त के हस्ताक्षर प्रमाणित है एवं वर्तमान में चेक के प्रकरण बढ़ते जा रहे है। जैन के तर्कां से सहमत होते हुए न्यायाधीश ने सजा सुनाई एवं सजा वारंट बनाने के आदेश प्रदान किए।

# 'लखनऊ जेल में एक इंच मोटी कच्ची रोटी खाने में मिली थी'

**चूरू,** (कासं.)। काली कमली आश्रम के महंत मोहन मुनी महाराज ने कहा है कि 1990 में कार सेवा के दौरान उन्हें छह दिन तक लखनऊ जिला कारागृह में बंद रखा गया था।

इस दौरान उन्हें एक इंच मोटी कच्ची रोटी खाने में दी गई। दाल में पानी अलग और दाल अलग दिख रही थी। मोहन मुनी महाराज ने कहा कि वे एलनाबाद से 51 लोगों के एक दल के साथ अयौध्या जा रहे थे। उनका दल लखनऊ से ट्रेन में जा रहा था कि पहले स्टेशन पर ही उन्हें नीचे उतार दिया गया। वहां से सभी को लखनऊ जिला कारागृह में भेज दिया गया। वहां पहले दिन उन्हें कच्ची रोटी और दाल दी गई।



महंत मोहन मुनी

इसके विरोध में दूसरे दिन सभी ने खाना खाने से मना करके अनशन शुरू कर दिया। मोहन मुनी महाराज ने कहा कि उनके दल में शामिल लोगों में से एलनाबाद के डॉ. सुरेन्द्र गुप्ता श्रीगंगानगर वाले ही जीवित हैं। अन्य सभी साथी भगवान को प्यारे हो गए हैं। मोहन मुनी ने बताया कि वे छह दिन तक विचाराधीन बंदी के रूप में जेल में रहे। उसके बाद 26 नवम्बर 1990 को उन्हें रिहा कर दिया गया।

## रैन बसेरे का निरीक्षण किया

**उदयपुर,** (निसं)। सदस्य सचिव राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के तत्वावधान में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष चंचल मिश्रा के निर्देशों के क्रम में एडीजे कुलदीप शर्मा ने पहाड़ी बस स्टैंड पर संचालित रैन बसेरे का निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

एडीजे कुलदीप शर्मा ने आमजन से आह्वान किया कि यदि किसी भी व्यक्ति कोई भी खुले में सोया हुआ मिले तो नगर निगम उदयपुर में संचालित रैन बसेरो में नि:शुल्क आश्रय दिला सकता है। इसके पश्चात एडीजे शर्मा ने आशाधाम आश्रम का भी निरीक्षण किया औा वहां मानसिक रूप से विमंदित व्यक्तियों को राज्य सरकार द्वारा दी जा रही सुविधाओं की जानकारी दी। मानसिक रूप से विमंदित व्यक्तियों के परिवार का पता लगाकर जो परिवार में पुनर्वासित हो सकते है, उन्हे परिवार में पुनर्वासित करने के निर्देश प्रदान किए।

# अयोध्या के लिए साइकिल से रवाना हुए राकेश जांगिड़

**श्रीमाधोपुर,** (निसं)। अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाले राम मंदिर स्थापना दिवस के लिए राकेश जांगिड़ साइकिल से रवाना हुए। राकेश जांगिड़ का बजरंग दल के जिला सह संयोजक रवि प्रजापत, प्रखंड संयोजक दीपेंद्र योगी के नेतृव में भव्य स्वागत सम्मान किया गया।

श्री रघुनाथ मंदिर श्रीमाधोपुर में पहुंचने पर महंत बुद्धिप्रकाश नायनका जोशी ने माला पहना कर सम्मान किया। प्रखंड अध्यक्ष अजय मिश्रा ने बताया कि पांच सौ वर्ष बाद यह खुशी का दिन आया है। हर व्यक्ति खुशी मनाना चाहता है ऐसे ही खुशी का नजारा है राकेश जांगिड़ का जो कि साइकिल से अयोध्या जा रहे है। भगवान श्रीराम अपने निज स्थान पर 22 जनवरी को विराजमान होंगे जिसका लाइव प्रसारण श्रीमाधोपुर रामल्ला के मंदिर सीकर बाजार में दिखाया जायेगा और सभी को अपने घर पर दीप जलाने का आव्हान किया। इस मौके पर जिला मंत्री उमाशंकर ठठेरा, जिला उपाध्यक्ष मुकेश कुमार शर्मा, प्रखंड मंत्री महेश शर्मा, हिंदू जागरण मंच के जिला संयोजक दिलीप सिंह शेखावत, युवा शक्ति के सोनू गोठवाल आदि ने स्वागत किया। अशोक सोनी के द्वारा राकेश जांगिड़ को मिठाई खिला कर विदा किया।



राम मंदिर स्थापना के लिए रवाना हुये राकेश जांगिड़ का स्वागत किया।

## डंपर ने बाइक को टक्कर मारी

**खेतड़ी,** (निसं)। खेतडी के धोबी घाट स्थित गुरूवार को एक डंपर ने बाइक को टक्कर मार दी। इस दौरान हादसे में बाइक सवार घायल हो गया, जिसे गंभीर हालत में उपचार के लिए उप जिला अस्पताल में लाया गया है। हादसे में घायल खरखड़ा निवासी रामनिवास (35) पुत्र श्रीराम गुर्जर अपने ने बताया कि वह बाइक पर सवार होकर अपने घर से खेतड़ी बैंक में रूपए लेने के लिए आ रहा था। जब वह खेतड़ी के धोबी घाट स्थित पहुंचा तो अचानक मोड में सामने से आ रहे डंपर ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर लगने के बाद वह घायल होकर सड़क पर ही गिर गया। इस दौरान आस पास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे तथा 108 एंबुलेंस को सूचना दी गई। हादसे की सूचना पर पायलट सतीश मान व ईएमटी सलमान खान मौके पर पहुंचे तथा हादसे में घायल रामनिवास को घायल अवस्था में राजकीय अजीत उप जिला अस्पताल लाया गया।

# वकीलों के साथ अभद्रता के मामले पर रोष जताया

**पुष्कर,** (निसं)। पुष्कर कोर्ट में वकीलों के साथ अभद्रता के मामले में पुष्कर पुलिस थाने में रिपोर्ट देकर कार्रवाई की मांग की गई। वकीलों ने अभिभाषक कक्ष में मीटिंग कर वर्क सस्पेंड का निर्णय लेकर पुष्कर थाने में नागौर जिले के ग्राम पीह सरपंच अमरचन्द जाजड़ा के छोटे भाई देवकरण जाजड़ा पर अभद्रता करने आरोप लागते हुए रिपोर्ट दर्ज करवाई। वहीं वकीलों ने पुलिस थाने के सामने आरोपी के खिलाफ नारेबाजी कर कार्रवाई की मांग और रोष दर्ज कराया।




पुष्कर थाने के सामने वकीलों ने प्रदर्शन किया

पुष्कर कोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण पराशर ने बताया कि अधिवक्ता मदन सांखला उसके जूनियर वकील के साथ देवकरण जगन नामक व्यक्ति ने कोर्ट परिसर में धमकाने एवं अभद्रता करने को लेकर पुलिस कार्रवाई की मांग की है। वहीं दूसरी ओर देवकरण जाजड़ा ने मोबाइल फोन पर आरोपों को बेबुनियाद बताया। उन्होंने बताया कि ऊक्त वकीलों ने एसी एस टी का मुकदमा लगाने की धमकियां देकर मुझे ओर मेरे परिचितों को परेशान कर रहे थे। मेने किसी के साथ अभद्रता नही की, सभी आरोप गलत है। जाजड़ा परिचत के राजीनामे के मामले पुष्कर कोर्ट पहुचे थे। उन्होंने यह भी बताया कि मैं स्वयं पुलिस थाने में गया था पूरा मामले की जानकारी पुलिस को दे दी है। वकीलों जो आरोप लग रहे वह गलत है।

# सोशल मीडिया पर दोस्ती के बाद लड़की से रेप

**जोधपुर,** (कासं)। शहर के एक होटल में लड़की के साथ दुष्कर्म किया गया। सोशल मीडिया पर उसकी आरोपी युवक से दोस्ती हो गई थी।

पीड़िता की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। अग्रिम जांच की जा रही है। उदयमंदिर पुलिस के अनुसार एक पीड़िता ने रिपोर्ट दी कि उसकी मुलाकात सोशल मीडिया पर प्रिंस नाम के युवक से हुई थी।

बाद में उसने उसे रेलवे स्टेशन स्थित एक होटल में बुलाया जहां उसके साथ दुष्कर्म किया। फोटो वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर अपलोड किए। पुलिस ने दुष्कर्म और आईटी एक्ट का मामला दर्ज कर लिया है। अग्रिम जांच की जा रही है।

# आर.पी.एफ. ने दिसम्बर में 51 कार्रवाई की

**अजमेर,** (कासं)। उत्तर-पश्चिम रेलवे अजमेर मण्डल में रेलवे सुरक्षा बल द्वारा मंडल सुरक्षा आयुक्त, अजमेर के निर्देशन में दिसम्बर माह में रेल सीमा में अनाधिकृत रुप से प्रवेश की रोकथाम के लिये 51 कार्यवाही की गई। इस दौरान रेल सीमा के समीप के गांवों, पंचायतों व स्कूलों में 834 व्यक्तियों को समझाईश की गई तथा अनाधिकृत रुप से रेल सीमा में प्रवेश करने वाले 25 व्यक्तियों के विरुद्ध रेलवे एक्ट की धारा 147 के तहत कार्यवाही कर मामले दर्ज किये।

इसी प्रकार अजमेर मण्डल रेलवे सुरक्षा बल द्वारा सवारी गाड़ियों में बिना उचित कारण चैन पुलिंग (एसीपी) की रोकथाम के लिए कार्यवाही की गई। सवारी गाड़ियों में एसीपी की रोकथाम हेतु एस्कोर्टिंग हेतु महिला व पुरुष बल सदस्यों को तैनात किया गया तथा गाड़ियों के संचालन, समयपालन को सूचारु रखने के प्रयास किये गये। इस दौरान सवारी गाड़ियों में अनाधिकृत रुप से एसीपी करने वाले 94 व्यक्तियों के विरुद्ध रेलवे सुरक्षा बल द्वारा रेलवे एक्ट की धारा 141 के तहत कार्यवाही करते हुए मामले दर्ज किये गये।

जिस पर रेलवे कोर्ट द्वारा 19400 रुपये जुर्माना किया गया साथ ही अजमेर मण्डल से गुजरने वाली सवारी गाड़ियों में अनाधिकृत वैंडरों के विरूद्ध भी अभियान चलाकर 81 व्यक्तियों के विरुद्ध रेलवे एक्ट की धारा 144 के तहत कार्यवाही कर मामले दर्ज किये गये। जिस पर रेलवे कांर्ट द्वारा रुपये 7690 जुर्माना किया गया।

# आमिर खान की बेटी ईरा खान की शादी के कार्यक्रम आठ से

## बॉलीवुड स्टार आमिर आज परिवार सहित पहुंचेंगे, तैयारियों को खुद देख रहे हैं

**उदयपुर,** (निसं)। लेकसिटी में एक और हाई प्रोफाइल रॉयल वेडिंग होने जा रही है। यह शादी बॉलीवुड के मिस्टर परफेक्शनिस्ट आमिर खान की बेटी ईरा खान की है। हालांकि बुधवार को उन्होंने बॉलीवुड फिटनेस ट्रेनर नुपुर शिखरे के साथ रजिस्टर्ड मैरिज कर ली है लेकिन इस रॉयल वेडिंग के दुल्हन की ओर से होने वाले वेडिंग फंक्शन 8 से 10 जनवरी तक उदयपुर की ताज अरावली होटल में होंगे। वेडिंग फंक्शन को लेकर आमिर खान परिवार सहित शुक्रवार को उदयपुर पहुंच जाएंगे। इसके बाद वे यहां तैयारियां को देखेंगे और 7 जनवरी से मेहमानों का आना शुरू हो जाएगा जो 10 को लौटेंगे।

■ **250 मेहमानों के आने की संभावना**



आमिर खान की बेटी ईरा खान व नुपुर शिखरे।

झीलों के शहर में मिस्टर परफेक्शनिस्ट आमिर खान की बेटी ईरा खान की बेटी की शादी होने जा रही है। इससे पहले मुंबई में बुधवार को नुपुर-ईरा ने रजिस्टर्ड मैरिज की और रात को मुंबई में मैरिज पार्टी हुई जिसमें देश के सबसे बड़े उद्योगपति मुकेश अंबानी व नीता अंबानी ने शिरकत की। इधर, उदयपुर में होने वाली इस रॉयल वेडिंग के लिए 176 कमरे बुक किए गए हैं। ईरा-नुपुर की मुंबई में हुई रजिस्टर्ड मैरिज भी अलग अंदाज में हुई। दुल्हन ईरा जहां दिनभर 'ब्राइड टू बी' का हैयर बैंड लगाकर घूमती रही।

वहीं दुल्हा नुपुर शादी से पहले बनियान पहने वार्म-अप रन लगाते, ढोल बजाते व बारातियों के साथ नाचते दिखे। इसके बाद उन्होंने बनियान में ही रजिस्टर्ड मैरिज की और फिर तैयार होकर पार्टी में शामिल हुई। वहीं ईरा खान नो गिफ्ट पॉलिसी पर शादी कर रही है। उन्होंने मेहमानों को न्यौता देते हुए कहा कि आप उपहार या गिफ्ट नहीं सिर्फ अपनी अच्छी विश दीजिए। शादी में मेहमानों को बुलाने के लिए आमिर खान खुद बॉलीवुड सितारे सलमान खान, सायरा बानू, शाहरूख सहित कई सितारों के घर पहुंचे और उन्हें निमंत्रण दिया ऐसे में संभावना है कि कई बॉलीवुड हस्तियां इस रॉयल वेडिंग का हिस्सा बनने उदयपुर आ सकती है। तीन दिन वेडिंग आयोजनों के बाद 10 जनवरी को मेहमान उदयपुर से रवाना होंगे।

# पूर्व विधायक रामहेत यादव ने दिल्ली में केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव से मुलाकात की

## 'पांच साल से कांग्रेसराज में अटका ओवरब्रिज का काम अब जल्द खैरथल में होगा शुरू'

**किशनगढ़ बास,** (निसं)। राजस्थान में भाजपा सरकार के गठन के साथ ही पूर्व विधायक रामहेत सिंह यादव एक्शन में आ गए। कांग्रेसराज में पांच साल से अटके खैरथल के रेलवे ओवर ब्रिज निर्माण को लेकर केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव से दिल्ली में मुलाकात की और करीब 50 करोड की राशि से बनने वाले रेलवे ओवरब्रिज की जीऐडी तैयार कराकर रेलवे विभाग को भिजवाने के लिए आग्रह किया और खैरथल में ईएसआईसी हॉस्पिटल खोले जाने की मांग को रखा है। यादव ने कहा कि कांग्रेस राज्य में अटका कर रखे विकास के कार्य शीघ्र शुरू कराए जाएंगे।

पूर्व विधायक रामहेत यादव ने बताया कि खैरथल कोटपूतली स्टेट हाईवे नंबर 25 के खैरथल रेलवे फाटक संख्या 93 पर बनने वाले 50 करोड़ की लागत से बनने वाले रेलवे ओवरब्रिज के निर्माण के लिए रेलवे विभाग को भेजी जाने वाली जीऐडी को लेकर केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव से मुलाकात कर शीघ्र भिजवाए जाने का आठाह किया है जिससे शीघ्र कार्य शुरू कराकर लोगों को प्रतिदिन हो रही खैरथल क्षेत्र वासियों को यातायात जाम की समस्या से निजात दिलाई जा सके।



पूर्व विधायक रामहेत यादव ने केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव को खैरथल में ओवरब्रिज व ईएसआईसी हॉस्पिटल को लेकर मांग पत्र सौंपा।

पूर्व विधायक यादव ने केंद्रीय मंत्री को अलवर रेलवे मंडल की ओर से जयपुर अधिकारियों को लिखे गए पत्र से अवगत कराते हुए बताया कांग्रेस सरकार ने 5 साल से अटका कर रखा हुआ है। 18 दिसंबर 2023 को वरिष्ठ मंडल अभियंता (उत्तर पश्चिम रेलवे) के अधिकारियों की ओर से आर.ओ. बी. की जी. ऐ.डी. स्वीकृत करवाने हेतु अधिकारी को पत्र लिखकर भेजा गया। इसी के साथ पूर्व विधायक ने खैरथल में ईएसआईसी हॉस्पिटल खोले जाने की विशेष आवश्यकता जताते स्वीकृत किए जाने की मांग को रखा है। केंद्रीय मंत्री ने दोनो ही मांगों को शीघ्र पूरा कराने का आश्वासन दिया है।

■ **रामहेत यादव ने खैरथल में ईएसआईसी हॉस्पिटल खोले जाने की भी मांग को रखा**

पूर्व विधायक रामहेत यादव ने बताया कि वसुंधरा राजे सरकार व उनके विधायक कार्यकाल के दौरान मंजूर किए गए विकास के कार्यों को कांग्रेस ने अटका कर रखा है। खैरथल कोटकासिम किशनगढ़ बास क्षेत्र में अटके हुए सभी कार्यों को शीघ्र शुरू कराए जाने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। सरकार गठन के बाद एक्शन में आए पूर्व विधायक रामहेत यादव ने कांग्रेस राज में लगे भ्रष्ट निष्क्रिय अधिकारी कर्मचारियों की सूची तैयार की है जिसको लेकर पार्टी कार्यकर्ताओं में चर्चा बनी है।

## संक्षिप्त

### खेल सप्ताह 8 जनवरी से

**लालसोट।** उपखंड मुख्यालय पर खेलकूद प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों के व्यक्तित्व में सर्वांगीण विकास करने,उनमें आत्म विश्वास बढ़ाने और टीम स्प्रीट की भावना विकसित करने के उद्देश्य से राजकीय कन्या महाविद्यालय लालसोट में खेल सप्ताह का आयोजन किया जाएगा। महाविधालय के प्राचार्य प्रोफेसर सुभाष पहाड़िया ने बताया की दिनांक 8 जनवरी से 13 जनवरी तक विभिन्न आउटडोर तथा इंडोर खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा । महाविधालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों को कम से कम एक खेल गतिविधि में भाग लेना आवश्यक होगा तथा अधिकतम एक विधार्थी तीन खेलों में भाग ले सकता है। प्रोफेसर सुभाष पहाड़िया ने बताया की महाविधालय स्तर पर प्रतियोगिता वार सर्वश्रेष्ठ विजेता को जिला स्तर संभाग स्तर विश्वविद्यालय स्तर या राज्य स्तर पर आयोजित होने वाली खेलकूद प्रतियोगिताओ में महाविधालय का प्रतिनिधित्व करने का अवसर प्राप्त होगा।

### तीन जेब कतरें पकड़े

**मालपुरा ( निस )।** गुरूवार को मालपुरा विधानसभा क्षैत्र के एक दिवसीय दौरे पर पहुंचे केबिनेट मंत्री कन्हैयालाल चौधरी के स्वागत सत्कार मे उमडी भीड़ में घुसे तीन जैब कतरो को आमजन ने पकड़ किया पुलिस के हवाले। पुलिस उपाधिक्षक चक्रवर्ती सिंह राठोड ने बताया कि भीड़ में घुसे जयपुर निवासी तीन जैब कतरे तकरीबन आधा दर्जन लोगो की जैब काटने की जानकारी मिलने पर पुलिस के जवानो ने भीड मे शामिल जैब कतरो की पहचान का सर्च अभियान चलाया।

### कलेक्टर का अभिनंदन किया

कोटपूतली। अभिभाषक संघ कोटपूतली ने अध्यक्ष एड. दयाराम गुर्जर के नेतृत्व में गुरूवार को कोटपूतली-बहरोड़ जिला कलेक्टर आईएएस शुभम चौधरी का गुलदस्ता भेंटकर स्वागत व अभिनन्दन किया। साथ ही नववर्ष की शुभकामनायें भी प्रेषित की। अध्यक्ष एड. दयाराम गुर्जर ने जिला कलेक्टर को बार की समस्याओं से अवगत करवाया।

# ग्रामीणों ने जनसुनवाई का किया बहिष्कार

**लालसोट।** प्रदेश में भले ही नई सरकार बनी हो एवं नई सरकार ने शासन प्रशासन को चुस्त दुरुस्त होकर लोगों तक सरकारी योजनाओं का फायदा पहुंचाने के साथ नियमित जनसुनवाई करने के निर्देश दिए हो लेकिन अभी भी

■ 'सरकारी योजनाओं का फायदा पहुंचाने के साथ नियमित जनसुनवाई की जाये'

कर्मचारी पुराने ढर्रे पर ही चल रहे हैं। ऐसा ही एक आलम देखने को मिला लाडपुरा ग्राम पंचायत की जनसुनवाई में जहां कई विभागों के प्रतिनिधि मौजूद नहीं होने के कारण गुस्सा आए लोगों द्वारा जनसुनवाई शिविर का ही बहिष्कार कर दिया।

जनसुनवाई में कई विभागों के अधिकारी कर्मचारी एवं उनके प्रतिनिधि उपस्थित नहीं होने पर गुस्सा ग्रामीणों ने लाडपुरा ग्राम पंचायत के बाहर जमकर विरोध प्रदर्शन किया। जनसुनवाई शिविर में कई विभागों के अधिकारी कर्मचारी नहीं होने को लेकर ग्रामीणों ने कहा कि जब जनसुनवाई में कई विभागों के अधिकारी कर्मचारी ही नदारद है तो जनसुनवाई में उनको राहत कैसे मिल पाएगी। जनसुनवाई के लिए ग्राम पंचायत मुख्यालय पर आए ग्रामीणों ने कहा कि ऐसी जनसुनवाई का क्या फायदा जिसमे आधे अधूरे विभागों के अधिकारी हो एवं केवल जनसुनवाई के नाम पर खानापूर्ति की जाए। जनसुनवाई में यह लापरवाही भी उसे समय घटी है जब एक दिन पहले एसडीएम नरेंद्र मीणा द्वारा विभिन्न सरकारी कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया गया था उसमें कई कर्मचारी अधिकारी कार्यालय में नहीं मिले थे एवं उनको नोटिस जारी किया गया है। उसके बाद भी अधिकारी कर्मचारी अनियमित बरसाने से बात नहीं आ रहे हैं एवं पुरानी सरकार के समय चल रहे ढर्रे के अनुरूप ही खुद की कार्य शैली संपादित कर रहे हैं। इस खस्ता हाल के चलते ग्राम पंचायत मुख्यालय लाडपुरा पर उपस्थित पंच, सरपंच, ग्रामीणों के द्वारा अन्य विभागों के कर्मचारीयों के अनुपस्थित रहने के कारण जनसुनवाई का बहिष्कार किया गया है। कृषि विभाग, राजस्व विभाग पशु पालन विभाग के प्रतिनिधियों के शिविर में अनुपस्थित रहने के कारण ग्रामीणों में रोष व्याप्त है और ग्राम पंचायत सरपंच पंच व ग्रामीणों के द्वारा बहिष्कार करने के साथ जनसुनवाई में अनुपस्थित रहने वाले विभागों के कर्मचारियों अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई है।



लालसोट के लाडपुरा में जनसुनवाई में अधिकारी कर्मचारी नहीं होने पर ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया।

## नव मतदाता सम्मान के लिए प्रभारी बनाए

**रामगढ़ पचवारा।** विधानसभा लालसोट में नव मतदाता सम्मेलन सम्मान एव सम्पर्क अभियान को लेकर संयोजक आदि की नियुक्ति की गई है। भारतीय जनता पार्टी के राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी व भाजयुमो राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष अंकित गुर्जर चेची के द्वारा भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ प्रभू दयाल शर्मा की अनुशंसा पर पूर्व अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के नगर संयोजक रत्तीराम राहुवास को विधानसभा लालसोट का नव मतदाता सम्मेलन सम्मान एव सम्पर्क अभियान का विधानसभा संयोजक बनाया गया है वहीं दीपक बोहरा को संयोजक द्वितीय नियुक्त किया है। इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं सहित विधायक रामबिलास डूंगरपुर ने नव नियुक्त संयोजकों को बधाई दी। भाजपा मीडिया प्रभारी मोतीलाल शाहजहांनपुरा ने बताया कि संगठन को और मजबूती के लिए युवाओं को मौका दिया जा रहा है युवाओं में जोश उमंग के साथ नव मतदाताओं को जागरूक मतदाता सम्मेलन आयोजित किया जायेंगे महाअभियान को गति प्रदान करने के उद्देश्य से विधानसभा संयोजकों की नियुक्ति की गई है इस अवसर पर राहुवास भाजपा मंडल अध्यक्ष भंवरसिह झूपड़िया रामकेश राहुवास हेमराज मुंजपुरिया रोशन सीर्रा हामावास राजेश सहित अन्य युवाओं ने खुशी जताई।

## सार-समाचार

### संकल्प यात्रा की समीक्षा की



**दूदू ।** जिला कलेक्टर कार्यालय कक्ष में जिला कलेक्टर डॉक्टर आर्तिका शुक्ला ने विकसित भारत संकल्प यात्रा की प्रगति कार्यों की समीक्षा बैठक लेकर स्वरोजगार योजना में पात्र परिवारों का पंजीकरण कर लाभान्वित करने के निर्देश दिए बैठक में शुक्ला ने पीपीटी के माध्यम से विभाग बार सभी योजनाओं की समीक्षा करते हुए प्रधानमंत्री विश्वकर्म योजना के तहत चिन्हित 18 प्रकार के पारंपरिक व्यवसायों जुडे परिवारों का रोजगार के लिए पंजीकरण करने को कहा गया साथ ही विभागीय अधिकारियों को शिविरों में पहुंच कर मॉनिटरिंग करने एवं पेंडिंग प्रकरणों के निस्तारण के निर्देश दिए शुक्ला ने कहा कि आम जनता तक इन योजना के लाभ से कोई वंचित नहीं रह पाए यह हमारा दायित्व है इस कार्यक्रम में अधिकारी जनप्रतिनिधि एवं आमजन को जागरूक रहकर लाभान्वित करना हमारा दायित्व है।

### गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारी

**दूदू।** उपखंड अधिकारी कार्यालय सभागार में जिला कलेक्टर डॉक्टर आर्तिका शुक्ला की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की । बैठक में आगामी 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारी पर चर्चा की गई । शुक्ला ने जिला स्तरीय समारोह को सुचारू रूप से संचालन करने के लिए विभाग अधिकारियों को व्यवस्था के निर्देश दिए जाकर धूमधाम से मनाने के लिए निर्देशित किया गया इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दशरथ सिंह अतिरिकत मुख्य जिला कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद विजय सिंह चौहान उपखंड अधिकारी युगांतर शर्मा विकास अधिकारी राजेश्वरी यादव नगर परिषद आयुक्त शिकेष काकरिया जिला शिक्षा अधिकारी सुनील कुमार सिंघल एवं निजी शिक्षण संस्थानों के संचालक व जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे ।

### शहीद के सम्मान में निकालेंगे तिरंगा रैली

**पावटा।** क्षेत्र के ग्राम चौबाला भांकरी निवासी शहीद सूबेसिंह की पुण्यतिथि पर शहीद के श्रद्धांजलि कार्यक्रम में शहीद सूबेसिंह संघर्ष समिति के नेतृत्व मे 6 जरवरी को विधायक कुलदीप धनकड के मुय आतिथ्य क्षेत्र में तिरंगा रैली निकाली जाएगी।

## सुंदरकांड की चौपाईयां गूंजी

**कोटपूतली।** कस्बे के निकटवर्ती ग्राम शुक्लाबास के श्री सुखदेव गौशाला में बुधवार रात्रि को गौभक्तों के द्वारा गौ रक्षार्थ संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। इस दौरान श्री बालाजी सुंदरकांड पाठ सेवा समिति के संयोजक ओमप्रकाश जांगिड़ और उनकी टीम द्वारा गईया दुखयारी कहे बात ये रोते रोते, श्याम तेरी गईया दुख पा रही, पापियों के पाप धोते धोते, भजन सुनाकर माहौल को भक्तिमय बना दिया। अंत में श्री बालाजी की आरती उतारकर प्रसाद वितरण किया गया। इस मौके पर अशोक जोशी, महेंद्र यादव, कृष्ण, मायाराम गुर्जर, दिनेश गुर्जर, बलबीर यादव, लालाराम यादव, यादराम गुर्जर, महेंद्र गुर्जर, गिरवर सिंह, धर्मपाल यादव, मालाराम सैन, राहुल सोनी, लालचंद जांगिड़, संजय जोशी, गुड्डू सिंह, प्रशांत भारद्वाज, महेश जांगिड़ समेत ग्रामीण उपस्थित रहे।

# भगवान जगन्नाथ का वार्षिकोत्सव समारोह हुआ्

**कोटपूतली।** नारेहड़ा-पावटा मार्ग से करीब 02 किलोमीटर पश्चिम दिशा में पहाडियों के बीच स्थित ग्राम पुरुषोत्तमपुरा के प्राचीन भगवान श्री जगन्नाथ का गुरूवार को वार्षिकोत्सव समारोह आयोजित किया गया। इस मौके पर विशाल मेले एवं भण्डारे का आयोजन हुआ। मेले में लाखों श्रद्धालुओं ने भगवान श्री जगन्नाथ के प्रसाद चढ़ाकर धोक लगाई व मन्नतें मांगी। इस मौके पर मंदिर परिसर को विशेष रूप से सजाया गया।

मेले में लगी स्टालों पर महिला पुरुषों और बच्चों ने जरूरतमंद सामान की खरीदारी की। प्रातः 09 बजे कढ़ी बाजरे की प्रसादी का सबसे पहले भगवान श्री जगन्नाथ की प्रतिमा को भोग लगाया गया। जिसके बाद प्रसादी दिन भर मेले में आने वाले भक्तों को वितरित की गई। इस बार मेला कमेटी की ओर से प्रसादी ग्रहण करने वाले भक्तों के लिए विशेष व्यवस्था की गई। वही मंदिर परिसर वाले पूरे रास्ते में रोशनी के लिए विशेष लाईटें लगाई गई। मेले में विधायक हंसराज पटेल ने भगवान श्री जगन्नाथ के दर्शन कर कोटपूतली क्षेत्र की खुशहाली, शांति व समृद्धि की प्रार्थना की।

ग्रामीण बजरंग लाल मित्तल, सवाई सिंह, लक्ष्मण सिंह, महावीर सिंह, अशोक शर्मा, सरपंच विनोद योगी, पंसस धर्मपाल गुर्जर ने बताया कि जिन भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण होती है। वे मेले वाली रात को मशाल जलाकर भगवान जगन्नाथ के श्री चरणों में हाजरी लगाते हैं। इन मसालों को जलाने में 01 क्विंटल से ज्यादा सरसों के तेल का उपयोग होता है। इस दिन यहाँ पर आने वाले हजारों भक्तों की आस्था भगवान जगन्नाथ के प्रति श्रद्धा और विश्वास को दर्शाती है। पुजारी बजरंग लाल शर्मा ने बताया कि शाम 06 बजे भगवान जगन्नाथ की महाआरती उतारी गई। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। मेले वाली रात को सत्संग का आयोजन किया गया। जिसमें दूरदराज से आये प्रख्यात भजन गायकों ने भगवान जगन्नाथ की महिमा का गुणगान किया। इस मौके पर पूर्व जिला पार्षद धूड़सिंह शेखावत, पावटा प्रधान प्रतिनिधि जगन चौधरी, नरेश कुमार मित्तल, दिलीप मित्तल, डॉ. अरविन्द मित्तल, शशी मित्तल समेत लाखों श्रद्धालूओं ने भगवान श्री जगन्नाथ के धोक लगाई।

**धाम का इतिहास :** इस धाम के पीछे केशवदास नाम के एक शिष्य की अटूट आस्था से जुड़ी एक दिलचस्प कहानी है। बताया जाता है कि गांव में हजारों वर्ष पहले केशवदास नाम का एक भक्त हर वर्ष उड़ीसा के जगन्नाथ पुरी स्थित जगन्नाथ धाम के दर्शन करने पैदल जाया करता था। उसको जगन्नाथपुरी जाकर आने में करीब छह माह लगते थे। वक्त बीतने के साथ ही भक्त केशवदास वृद्ध हो गया। एक रोज केशवदास रास्ते में थक कर बैठ गया। तभी भगवान जगन्नाथ ने भक्त की लम्बी तपस्या से खुश होकर दर्शन दिए और कहा कि भक्त तेरे गांव के नजदीक पुरुषोत्तमपुरा गांव में एक अखेबड़ नाम का पर्वत है।

इस पर्वत से एक पत्थर की शिला टूटकर नीचे आएगी। जिसे मेरा स्वरूप मानकर पूजा करना। तभी से हर साल इस गांव में पौष माह कृष्ण पक्ष की नवमी को भगवान जगन्नाथ के वार्षिकोत्सव पर मेला भरता आ रहा है।


## कार्यालय कृषि उपज मण्डी समिति (अनाज) चौमूँ (जयपुर)

क्रमांक-696/709 दिनांक-04.01.2024

### नीलामी बोली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि इस मण्डी समिति के मुख्य मंडी प्रागंण (अनाज) चौमूं में जलपान व्यवस्था करवाने हेतु जलपान कियोस्क संख्या-01 तथा जलपान ठेला स्थान संख्या 2,3 व 4 को आगमी एक वर्ष की अवधि के लिये ठेके में देने हेतु दिनांक 11.01.2024 को दोपहर 1.00 बजे नीलामी बोली आयोजित की जावेगी। इच्छुक फर्म/व्यक्ति दिनांक 11.01.2024 को प्रात 11.30 बजे तक बोली प्रपत्र अपेक्षित पूर्तिया कर कार्यालय में 10,000 रू. बतौर धरोहर राशि सहित जमा करवा सकते है। नीलामी की अन्य जानकारी एवं शर्ते किसी भी कार्यदिवस में कार्यालय समय में कार्यालय में उपस्थित होकर तथा बोली प्रपत्र में और वेबसाइट www.sppp.rajasthan.gov.in व विभागीय पोर्टल agriculture.rajasthan.gov.in/mandi/ पर अवलोकन की जा सकती है।

NIB-DAM2324A0352

प्रशासक सचिव


# 'विद्यार्थी धैर्य के साथ अपने लक्ष्य पर ध्यान देंवे'

**कोटपूतली।** यहाँ के राजकीय एलबीएस पी.जी. महाविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग द्वारा स्नातकोत्तर पूर्वाद्ध एवं उत्तरार्द्ध के नियमित विद्यार्थियों के लिए आमुखीकरण एवं कैरियर काउंसलिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ. सुरेंद्र सिंह ने विद्यार्थियों को अर्थ का महत्व बताते हुए धैर्य के साथ अपने लक्ष्य के प्रति अडिग रहने का संदेश दिया। उन्होंने बताया कि व्यवस्थित जोखिम के साथ आगे बढ़ते हैं तो निश्चित रूप से सफलता प्राप्त करते हैं। अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष नीरू ने व्यवहारिक उदाहरणों के माध्यम से अर्थशास्त्र विषय की प्रासंगिकता के बारे में विस्तार से बताते हुए विद्यार्थियों को गहन अध्ययन के लिए प्रेरित किया।

■ कैरियर काउंसलिंग कार्यक्रम आयोजित

अर्थशास्त्र विषय के सहायक आचार्य डॉ. गजराज सिंह ने संचालन करते हुए स्नातक एवं स्नातकोत्तर के बाद विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार के अवसरों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अर्थशास्त्र विषय के साथ स्नातक करने के उपरांत संगणक, कंपाइलर, सांख्यिकी अन्वेषक, सार्वजनिक व निजी बैंक एवं अध्यापन के क्षेत्र में रोजगार प्राप्त कर सकते हैं। भारतीय प्रशासनिक सेवा एवं राजस्थान प्रशासनिक सेवा में विषय ज्ञान का लाभ उठा सकते हैं। स्नातकोत्तर के उपरांत सांख्यिकी अधिकारी, सहायक सांख्यिकी अधिकारी, मूल्यांकन अधिकारी, अनुसंधान सहायक, भारतीय आर्थिक सेवा, भारतीय रिजर्व बैंक, नीति आयोग, विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालयों में सहायक आचार्य, विद्यालयों में व्याख्याता, विश्व व्यापार संगठन, अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष, विश्व बैंक, अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन एवं अनुसंधान के क्षेत्र में विभिन्न पदों पर रोजगार के अवसर प्राप्त कर सकते हैं। डॉ. गजराज सिंह ने पाठ्यक्रम, प्रश्न पत्रों, उत्तर लेखन, विषय से संबंधित ऑनलाईन पुस्तकों की उपलब्धता, ई.कंटेंट, अर्थशास्त्र विभाग के यूट्यूब चौनल के संबंध में जानकारी दी। नेट, सेट की तैयारी एवं परीक्षा फॉर्म भरते समय सावधानियों के संबंध में मार्गदर्शन प्रदान किया।

## मनोज कुमार निर्विरोध वार्डपंच निर्वाचित

**रामगढ़ पचवारा।** राहुवास तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत ढोलावास में निर्वाचन आयोग के द्वारा कराए गए पंचायत राज चुनावों में पंचायत के वार्ड नंबर एक वार्ड पंच पद पर मनोज कुमार निर्विरोध निर्वाचित हुए

गौरतलब है की वार्ड एक से पूर्व निर्वाचित वार्डपंच मोतीलाल मीणा सरकारी सेवा में चयनित होने के उपरांत अपने पद से इस्तीफा दे दिया गया था। जिसके चलते वार्डपंच का पद रिक्त चल रहा था बुधवार को सम्पन्न हुई चुनाव प्रक्रिया में मनोज कुमार मीणा निर्विरोध चुने गए इस अवसर पर ग्राम पंचायत सरपंच छनमन मीणा समाजसेवी बाबुलाल ग्राम विकास अधिकारी विशाल शर्मा भगवान सहाय मीणा फैलीराम मीणा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा ग्रामीणों को कर रही लाभान्वित : पटेल

**पावटा।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत गुरुवार को पावटा पंचायत समिति की ग्राम पंचायत भोनावास व टसकोला में कोटपुतली बहरोड जिला कलेक्टर शुभम चौधरी, कोटपुतली विधानसभा क्षेत्रीय विधायक हंसराज पटेल, उपखंड अधिकारी बी एल स्वामी के निर्देश एवं ग्राम पंचायत भोनावास सरपंच रेवती कंवर व टसकोला सरपंच श्रवण देवी की अध्यक्षता मे शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर के दौरान भारत सरकार द्वारा

■ शिविर में विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी

संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का अंतिम छोर तक प्रचार-प्रसार एवं पहुंच सुनिश्चित करने के उद्देश्य से विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत मोदी की गारंटी नाम से लोकप्रिय आईईसी वैन का ग्राम पंचायत ग्राम पंचायत भोनावास व टसकोला में पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। इसी दौरान कोटपुतली बहरोड जिला कलेक्टर शुभम चौधरी, कोटपुतली विधानसभा क्षेत्रीय विधायक हंसराज पटेल, उपखंड अधिकारी बी एल स्वामी ने विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर का निरीक्षण किया।

इस दौरान जिला कलेक्टर शुभम चौधरी ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान आयोजित होने वाले शिविरों में आमजन आयुष्मान भारत योजना सहित 17 जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ ले सकते हैं। कोटपुतली विधानसभा क्षेत्रीय विधायक हंसराज पटेल ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत वंचित वर्ग प्रधानमंत्री आवास योजना, पीएम उज्जवला योजना तथा किसान वर्ग मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना, प्रधानमंत्री किसान समान निधि योजना आदि में पंजीकरण के माध्यम से लाभान्वित हो सकते है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा देश के गांव-गांव में जाकर आमजन को केंद्र सरकार की योजनाओं के प्रति जागरूक एवं लाभान्वित कर रही है। इस दौरान जिला कलेक्टर शुभम चौधरी, उपखंड अधिकारी बी एल स्वामी जिला कलेक्टर ने आमजन को विकसित भारत की शपथ दिलाई।


विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर के दौरान जिला कलेक्टर ने लाभान्वितों को योजनाओं का लाभ दिया।


## ऋण वसूली प्राधीकरण

पहली मंजिल, सुधर्मा ।।, लाल कोठी शापिंग सेन्टर, टोंक रोड, जयपुर-302015

केस नं. ओए/1287/2023

एक्ट के सैक्शन 19 के सब सैक्शन (4) ऋण वसूली प्राधीकरण (प्रक्रिया) नियम, 1993 के साथ पठित के तहत सम्मन

ईएक्सएच.नं. 10983

आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लि.
बनाम
मै. कनिष्का बुटीक एण्ड साड़ी

प्रेषित,
1. मै. कनिष्का बुटीक एण्ड साडी द्वारा प्रोपराइटर कार्यालय जी-1, प्लाट नं. 464, गली नं. 4, राजा पार्क, जयपुर, राजस्थान-302004
2. श्री अजय अग्रवाल निवासी जी-4, प्लाट नं. 464, गली नं. 4, राजा पार्क, जयपुर, राजस्थान-302004
3. श्रीमती नुपुर अग्रवाल पत्नी श्री जय अग्रवाल निवासी जी-1, प्लाट नं. 464, गली नं. 4, राजा पार्क, जयपुर, राजस्थान-302004

सम्मन

जैसा कि, ओए/1287/2023 माननीय पीठासीन अधिकारी/रजिस्ट्रार के समक्ष 10.10.2023 को सूचिबद्ध था,
जैसा कि, यह माननीय प्राधीकरण आपके खिलाफ रु. 3962374.77/- (आवेदन तथा दस्तावेजों की प्रतियाँ आदि संलग्न) के ऋण की वसूली के लिये, एक्ट के सैक्शन 19(4) के तहत दायर अकत आवेदन (ओ.ए.) पर सम्मन / नोटिस जारी करता है।
एक्ट के सैक्शन 19 के सब सैक्शन (4) के अनुसार, आप प्रतिवादी को निम्न अनुवाद निर्देशित किया जाता है-
(i) सम्मन प्राप्त होने के तीस दिन में कारण बताये कि प्रार्थना की गयी राहत क्यों नहीं दी जाये।
(ii) आवेदक द्वारा मूल आवेदन में क्रम संख्या 3ए के तहत वर्णित सम्पत्तियों तथा परिसम्पतियों के अतिरिक्त अन्य सम्पत्तियों अथवा परिसम्पत्तियों के विवरण प्रकट करें।
(ii) सम्पत्तियों की कुर्की के लिये किये गये आवेदन की सुनवायी तथा निस्तारण के लम्बित रहते सिक्योर्ड सम्पत्तियों अथवा मूल आवेदन में क्रम संख्या 3ए के तहत वर्णित अन्य परिसम्पत्तियों तथा सम्पत्तियों का लेन-देन अथवा बिक्री करने से आप प्रतिबन्धित हैं।
(iv) किसी भी परिसम्पत्ति जिन पर सिक्योर्ड हित बन चुका है, तथा/अथवा मूल आवेदन में क्रम संख्या 3ए के तहत वर्णित अथवा प्रकट अन्य परिसम्पत्तियों तथा सम्पत्तियों को आप व्यापार की सामान्य प्रक्रिया के अलावा, बिक्री, लीज अथवा अन्य प्रकार से प्राधीकरण की पूर्व अनुमति के बिना, ट्रांसफर नहीं करेंगे।
(v) व्यापार की सामान्य प्रक्रिया में सिक्योर्ड परिसम्पत्तियों अथवा अन्य परिसम्पत्तियों तथा सम्पत्तियों बिक्री के लिये तथा ऐसी बिक्री राशी को ऐसी परिसम्पत्तियों पर सिक्योर्ड हित रखने वाले बैंक अथवा वित्तीय संस्थान के खाते में जमा कराने के लिये आप उत्तरदायी होंगे।
आपको निर्देशित किया जाता है कि लिखित जवाब दायर करें व उसकी प्रति आवेदक को उपलब्ध करें तथा रजिस्ट्रार के समक्ष 24.03.2024 को प्रातः 10.30 बजे उपस्थित हो, अन्यथा आवेदन आपकी अनुपस्थिति में सुना जायेगा व निर्णय किया जायेगा।
**इस प्राधीकरण की सील तथा मेरे द्वारा इस तिथी 06.12.2023 को जारी किया गया।**

रजिस्ट्रार
ऋण वसूली प्राधीकरण, जयपुर

## ऋण वसूली प्राधीकरण

पहली मंजिल, सुधर्मा ।।, लाल कोठी शापिंग सेन्टर, टोंक रोड, जयपुर-302015

केस नं. ओए/584/2023

एक्ट के सैक्शन 19 के सब सैक्शन (4) ऋण वसूली प्राधीकरण (प्रक्रिया) नियम, 1993 के साथ पठित के तहत सम्मन

ईएक्सएच.नं. 10361

आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लि.
बनाम
दिलीप बाछावत एण्ड कं.

प्रेषित,
1. दिलीप बाछावत एण्ड कं. एफ-112, करतारपुरा इण्डस्ट्रीयल एरिया, बाईस गोदाम, जयपुर, राजस्थान
2. दिलीप बाछावत पुत्र विजय राज बाछावत 40 तीर्थनगर, न्यू सांगानेर रोड, श्याम नगर, न्यू सांगानेर रोड, जयपुर, श्याम नगर, जयपुर, राजस्थान-302019

सम्मन

जैसा कि, ओए/584/2023 माननीय पीठासीन अधिकारी/रजिस्ट्रार के समक्ष 12.09.2023 को सूचिबद्ध था,
जैसा कि, यह माननीय प्राधीकरण आपके खिलाफ रु. 2686493/- (आवेदन तथा दस्तावेजों की प्रतियाँ आदि संलग्न) के ऋण की वसूली के लिये, एक्ट के सैक्शन 19(4) के तहत दायर अकत आवेदन (ओ.ए.) पर सम्मन / नोटिस जारी करता है।
एक्ट के सैक्शन 19 के सब सैक्शन (4) के अनुसार, आप प्रतिवादी को निम्न अनुवाद निर्देशित किया जाता है-
(i) सम्मन प्राप्त होने के तीस दिन में कारण बताये कि प्रार्थना की गयी राहत क्यों नहीं दी जाये।
(ii) आवेदक द्वारा मूल आवेदन में क्रम संख्या 3ए के तहत वर्णित सम्पत्तियों तथा परिसम्पतियों के अतिरिक्त अन्य सम्पत्तियों अथवा परिसम्पत्तियों के विवरण प्रकट करें।
(ii) सम्पत्तियों की कुर्की के लिये किये गये आवेदन की सुनवायी तथा निस्तारण के लम्बित रहते सिक्योर्ड सम्पत्तियों अथवा मूल आवेदन में क्रम संख्या 3ए के तहत वर्णित अन्य परिसम्पत्तियों तथा सम्पत्तियों का लेन-देन अथवा बिक्री करने से आप प्रतिबन्धित हैं।
(iv) किसी भी परिसम्पत्ति जिन पर सिक्योर्ड हित बन चुका है, तथा/अथवा मूल आवेदन में क्रम संख्या 3ए के तहत वर्णित अथवा प्रकट अन्य परिसम्पत्तियों तथा सम्पत्तियों को आप व्यापार की सामान्य प्रक्रिया के अलावा, बिक्री, लीज अथवा अन्य प्रकार से प्राधीकरण की पूर्व अनुमति के बिना, ट्रांसफर नहीं करेंगे।
(v) व्यापार की सामान्य प्रक्रिया में सिक्योर्ड परिसम्पत्तियों अथवा अन्य परिसम्पत्तियों तथा सम्पत्तियों बिक्री के लिये तथा ऐसी बिक्री राशी को ऐसी परिसम्पत्तियों पर सिक्योर्ड हित रखने वाले बैंक अथवा वित्तीय संस्थान के खाते में जमा कराने के लिये आप उत्तरदायी होंगे।
आपको निर्देशित किया जाता है कि लिखित जवाब दायर करें व उसकी प्रति आवेदक को उपलब्ध करें तथा रजिस्ट्रार के समक्ष 10.01.2024 को प्रातः 10.30 बजे उपस्थित हो, अन्यथा आवेदन आपकी अनुपस्थिति में सुना जायेगा व निर्णय किया जायेगा।
**इस प्राधीकरण की सील तथा मेरे द्वारा इस तिथी 15.09.2023 को जारी किया गया।**

रजिस्ट्रार
ऋण वसूली प्राधीकरण, जयपुर

## ऋण वसूली प्राधीकरण

पहली मंजिल, सुधर्मा ।।, लाल कोठी शापिंग सेन्टर, टोंक रोड, जयपुर-302015

केस नं. ओए/1142/2023

एक्ट के सैक्शन 19 के सब सैक्शन (4) ऋण वसूली प्राधीकरण (प्रक्रिया) नियम, 1993 के साथ पठित के तहत सम्मन

ईएक्सएच.नं. 10972

आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लि.
बनाम
मै. गोयल पेपर कारपोरेशन

प्रेषित,
1. मै. गोयल पेपर कारपोरेशन द्वारा पार्टनर्स, कार्यालय 109, कृष्णा स्क्वैयर, सुभाष नगर, शापिंग सेन्टर, शास्त्री नगर, जयपुर, राजस्थान-302016
2. श्री मोहन लाल गोयल पुत्र श्री द्वारका दास गोयल निवासी फ्लैट नं. 103, कृष्ण कृपा-1, सुभाष नगर, शास्त्री नगर, जयपुर, राजस्थान-302016
3. श्री सौरभ गोयल पुत्र श्री मोहन लाल गोयल, निवासी फ्लैट 201/ए-34, रांका पैरैडाइज 9, गोयल हास्पिटल के सामने, शास्त्री नगर, जयपुर, राजस्थान-302016

सम्मन

जैसा कि, ओए/1142/2023 माननीय पीठासीन अधिकारी/रजिस्ट्रार के समक्ष 06.10.2023 को सूचिबद्ध था,
जैसा कि, यह माननीय प्राधीकरण आपके खिलाफ रु. 13183218.94/- (आवेदन तथा दस्तावेजों की प्रतियाँ आदि संलग्न) के ऋण की वसूली के लिये, एक्ट के सैक्शन 19(4) के तहत दायर अकत आवेदन (ओ.ए.) पर सम्मन / नोटिस जारी करता है।
एक्ट के सैक्शन 19 के सब सैक्शन (4) के अनुसार, आप प्रतिवादी को निम्न अनुवाद निर्देशित किया जाता है-
(i) सम्मन प्राप्त होने के तीस दिन में कारण बताये कि प्रार्थना की गयी राहत क्यों नहीं दी जाये।
(ii) आवेदक द्वारा मूल आवेदन में क्रम संख्या 3ए के तहत वर्णित सम्पत्तियों तथा परिसम्पतियों के अतिरिक्त अन्य सम्पत्तियों अथवा परिसम्पत्तियों के विवरण प्रकट करें।
(ii) सम्पत्तियों की कुर्की के लिये किये गये आवेदन की सुनवायी तथा निस्तारण के लम्बित रहते सिक्योर्ड सम्पत्तियों अथवा मूल आवेदन में क्रम संख्या 3ए के तहत वर्णित अन्य परिसम्पत्तियों तथा सम्पत्तियों का लेन-देन अथवा बिक्री करने से आप प्रतिबन्धित हैं।
(iv) किसी भी परिसम्पत्ति जिन पर सिक्योर्ड हित बन चुका है, तथा/अथवा मूल आवेदन में क्रम संख्या 3ए के तहत वर्णित अथवा प्रकट अन्य परिसम्पत्तियों तथा सम्पत्तियों को आप व्यापार की सामान्य प्रक्रिया के अलावा, बिक्री, लीज अथवा अन्य प्रकार से प्राधीकरण की पूर्व अनुमति के बिना, ट्रांसफर नहीं करेंगे।
(v) व्यापार की सामान्य प्रक्रिया में सिक्योर्ड परिसम्पत्तियों अथवा अन्य परिसम्पत्तियों तथा सम्पत्तियों बिक्री के लिये तथा ऐसी बिक्री राशी को ऐसी परिसम्पत्तियों पर सिक्योर्ड हित रखने वाले बैंक अथवा वित्तीय संस्थान के खाते में जमा कराने के लिये आप उत्तरदायी होंगे।
आपको निर्देशित किया जाता है कि लिखित जवाब दायर करें व उसकी प्रति आवेदक को उपलब्ध करें तथा रजिस्ट्रार के समक्ष 14.03.2024 को प्रातः 10.30 बजे उपस्थित हो, अन्यथा आवेदन आपकी अनुपस्थिति में सुना जायेगा व निर्णय किया जायेगा।
**इस प्राधीकरण की सील तथा मेरे द्वारा इस तिथी 05.12.2023 को जारी किया गया।**

रजिस्ट्रार
ऋण वसूली प्राधीकरण, जयपुर

## ऋण वसूली प्राधीकरण

पहली मंजिल, सुधर्मा ।।, लाल कोठी शापिंग सेन्टर, टोंक रोड, जयपुर-302015

केस नं. ओए/1285/2023

एक्ट के सैक्शन 19 के सब सैक्शन (4) ऋण वसूली प्राधीकरण (प्रक्रिया) नियम, 1993 के साथ पठित के तहत सम्मन

ईएक्सएच.नं. 10974

आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लि.
बनाम
खुशी मेडीकल एजेन्सीज

प्रेषित,
1. खुशी मेडिकल एजेन्सीज द्वारा प्रोपराइटर, कार्यालय 5, मोदी नगर, सुशीलपुरा वार्ड नं. 4 सोडाला, जयपुर, राजस्थान-302019
2. श्री विकास खंडेलवाल आर/05, मोदी नगर, सुशीलपुरा, वार्ड नं. 4 सोडाला जयपुर, राजस्थान-302019
3. श्रीमती सुनीता खंडेलवाल, पत्नि श्री विकास खंडेलवाल आर/05, मोदी नगर, सुशीलपुरा, वार्ड नं. 4 सोडाला, जयपुर, राजस्थान-302019

सम्मन

जैसा कि, ओए/1285/2023 माननीय पीठासीन अधिकारी/रजिस्ट्रार के समक्ष 10.10.2023 को सूचिबद्ध था,
जैसा कि, यह माननीय प्राधीकरण आपके खिलाफ रु. 3781454.47/- (आवेदन तथा दस्तावेजों की प्रतियाँ आदि संलग्न) के ऋण की वसूली के लिये, एक्ट के सैक्शन 19(4) के तहत दायर अकत आवेदन (ओ.ए.) पर सम्मन / नोटिस जारी करता है।
एक्ट के सैक्शन 19 के सब सैक्शन (4) के अनुसार, आप प्रतिवादी को निम्न अनुवाद निर्देशित किया जाता है-
(i) सम्मन प्राप्त होने के तीस दिन में कारण बताये कि प्रार्थना की गयी राहत क्यों नहीं दी जाये।
(ii) आवेदक द्वारा मूल आवेदन में क्रम संख्या 3ए के तहत वर्णित सम्पत्तियों तथा परिसम्पतियों के अतिरिक्त अन्य सम्पत्तियों अथवा परिसम्पत्तियों के विवरण प्रकट करें।
(ii) सम्पत्तियों की कुर्की के लिये किये गये आवेदन की सुनवायी तथा निस्तारण के लम्बित रहते सिक्योर्ड सम्पत्तियों अथवा मूल आवेदन में क्रम संख्या 3ए के तहत वर्णित अन्य परिसम्पत्तियों तथा सम्पत्तियों का लेन-देन अथवा बिक्री करने से आप प्रतिबन्धित हैं।
(iv) किसी भी परिसम्पत्ति जिन पर सिक्योर्ड हित बन चुका है, तथा/अथवा मूल आवेदन में क्रम संख्या 3ए के तहत वर्णित अथवा प्रकट अन्य परिसम्पत्तियों तथा सम्पत्तियों को आप व्यापार की सामान्य प्रक्रिया के अलावा, बिक्री, लीज अथवा अन्य प्रकार से प्राधीकरण की पूर्व अनुमति के बिना, ट्रांसफर नहीं करेंगे।
(v) व्यापार की सामान्य प्रक्रिया में सिक्योर्ड परिसम्पत्तियों अथवा अन्य परिसम्पत्तियों तथा सम्पत्तियों बिक्री के लिये तथा ऐसी बिक्री राशी को ऐसी परिसम्पत्तियों पर सिक्योर्ड हित रखने वाले बैंक अथवा वित्तीय संस्थान के खाते में जमा कराने के लिये आप उत्तरदायी होंगे।
आपको निर्देशित किया जाता है कि लिखित जवाब दायर करें व उसकी प्रति आवेदक को उपलब्ध करें तथा रजिस्ट्रार के समक्ष 24.03.2024 को प्रातः 10.30 बजे उपस्थित हो, अन्यथा आवेदन आपकी अनुपस्थिति में सुना जायेगा व निर्णय किया जायेगा।
**इस प्राधीकरण की सील तथा मेरे द्वारा इस तिथी 05.12.2023 को जारी किया गया।**

रजिस्ट्रार
ऋण वसूली प्राधीकरण, जयपुर

## संक्षिप्त

### कुएं में गिरने से युवक की मौत

**टोंक।** निवाई उपखण्ड के दत्तवास थाना क्षेत्र के गांव बड़ागांव में गुरुवार को एक युवक का शव कुए मिलने से परिजनों में कोहराम मच गया। परिजन राजेश मीणा ने बताया कि मृतक हीरालाल पुत्र हरसहाय जाती मीणा निवासी मेदारकला बुधवार की शाम करीब 6 बजे से लापता था, परिजनो ने काफी तलाश के बाद भी नही मिला। शुक्रवार की सुबह कुएं में गिरने की जानकारी मिली, जहां मौके पर दत्तवास थाना पुलिस पंहुची तथा दत्तवास थानाधिकारी मूलचंद वर्मा मय जाप्ता के पहूंच कर युवक को पानी भरे कुआं से बाहर निकाला। मृतक के चार लडकिया व दो लड़के हैं, घर की आर्थिक स्थिति कमजोर है।

### मादक पदार्थ सहित एक गिरफ्तार

**टोंक।** जिला पुलिस अधीक्षक राजर्षि राज द्वारा अवैध मादक पदार्थो के परिवहन व सेवन के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के तहत 3 जनवरी को टीम गठित कर मुखबिर की इतला पर डीएसटी टीम के सहयोग से नायरा पेट्रोल पम्प के पास देवली रोड टोक से आरोपी गंभ्भीर सिह पुत्र गंजानन्द साँसी उम्र 65 साल जाति साँसी निवासी ढीबरु थाना मेहन्दवास जिला टोक हॉल निवासी नायरा पेट्रोल पम्प के पास मोटर सिटी कॉलोनी टोक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 9 किलोग्राम 280 ग्राम गांजा जप्त कर एनडीपीएस एक्ट मे प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान जारी है।

### बस स्टैंड को स्थानांतण के आदेश

**किशनगढ बास।** शहर के बीचों-बीच स्थित बस स्टैंड को मोठूका चौक बाईपास पर 7 दिवस में स्थानांतरित कराए जाने के लिए एसडीएम डॉ घीरज कुमार ने नगर पालिका अधिशासी अधिकारी को पत्र भेजकर निर्देशित किया है। एसडीएम डॉ धीरज कुमार की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में बस स्टैंड को प्रस्तावित मोठूका चौक पर स्थानांतरित किए जाने का निर्णय लिया गया। सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में लिए गए निर्णय पर एसडीएम ने नगर पालिका अधिकारी को 7 दिवस के भीतर करवाई संचालित बस स्टैंड को प्रस्तावित मोठूका चौक पर स्थानांतरित कराए जाने के निर्देश दिए हैं।

# मालपुरा पहुंचे मंत्री कन्हैयालाल चौधरी के स्वागत में उमड़ा जनसमूह

**मालपुरा (निस)।** मालपुरा विधानसभा से लगातार तीसरी जीत दर्ज कर जीत की हैट्रिक बनाने के बाद मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के मंत्री मंडल ने केबिनेट मंत्री बने कन्हैयालाल चौधरी गुरूवार को पहली बार मालपुरा पहुंचे। चालीस साल बाद मालपुरा से

- **कैबिनेट मंत्री ने कल्याण जी महाराज के दर्शन किए**

केबिनेट मंत्री बने चौधरी के स्वागत मे अपार जनसमुह उमड पडा। विधानसभा क्षेत्र की बॉर्डर डेंचवास मोड से ही शुरू हुआ स्वागत का दौर मालपुरा पहुंचते-पहुंचते परवान चढ गया। डिग्गी पहुंचे केबिनेट मंत्री ने कल्याण जी महाराज के निज मंदिर में 22 मिनट तक विशेष पूजा अर्चना कर केन्द्र की मोदी सरकार व प्रदेश के मुखिया भजन लाल शर्मा की सरकार ने गांव के अन्तिम व्यक्ति का विकास करने के साथ-साथ मालपुरा विधानसभा क्षेत्र मे विकास के आयाम स्थापित कर एक नया इतिहास रचने का संकल्प लिया। पूजारी परिवार ने श्रीजी का दुपट्टा पहना छाया चित्र भेट किया। मालपुरा शहर की सीमा मे पहुंचे क्षेत्र के लाडले विधायक कन्हैयालाल चौधरी को युवाओं ने अपने कंधो पर उठा कर हाथी घोडा पालकी जय कन्हैयालाल की सहित सनातन धर्म की जय के जयघोष लगाकर भगवा पताकाऐं लहराते हुए वाहनो के लम्बे काफिले के साथ भाजपा कार्यालय पर लेकर पहुंचे। क्षेत्र की 38 ग्राम पंचायतो व स्थानीय नगरपालिका अध्यक्ष सोनिया मनीष सोनी सहित विभिन्न सामाजिक संगठनो व जनप्रतिनिधियो की और से 121 स्वागत द्वार पर केबिनेट मंत्री का गुलाब के फुलो की वर्षा से भव्य स्वागत किया। आदर्श नगर मे आयोजित स्वागत सभा स्थल पर पहुंचे हजारो की संख्या मे समर्थको ने 51 किलो फुलो का हार पहनाया। पालिका अध्यक्ष ने पार्षदो व शहर मंडल पदाधिकारियो के साथ अयोध्या मे भगवान श्री राम के मंदिर का छाया चित्र भेंट कर भगवा दुपट्टा पहनाया। जनता का प्यार व उत्साह से प्रफुल्लित हुये चौधरी ने मंच से शीश झुकाते हुए कहा कि मैं किसी एक पार्टी या व्यक्ति विशेष का नही 36 कौम का आभारी हूॅ। जनता के इसी प्यार व सनातन धर्म के आर्शीवाद से विधायक से आज केबिनेट मंत्री पद पर पहुंचा हूॅ। आने वाले एक साल मे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को साकार करने व केन्द्र की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ गांव के अन्तिम व्यक्ति तक पहुंचाने के साथ-साथ मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के नेतृत्व मे प्रेम व भाईचारे से सबको साथ लेकर राजस्थान मे विकास कार्य करवाने का विश्वास दिलाया। चौधरी ने मंच के माध्यम से कहा कि केन्द्र की ईआरसीपी योजना से पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेय का सपना नदी से नदी जोडकर बिसलपुर के ऑवरफलो पानी को टोरडी सागर बांध के साथ-साथ विधानसभा के एक दर्जन बांधो तक पहुंचा कर हरित क्रान्ति का सपना पूरा करने के बाद ही सिर पर पगडी पहनने का विश्वास दिलाया।



कैबिनेट मंत्री बनने के बाद पहली बार मालपुरा पहुंचे कन्हैयालाल चौधरी (बीच में) का अपार जनसमूह ने स्वागत किया।

### त्योहारों को देखते ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त

**टोंक।** जिला मजिस्ट्रेट ने 6 जनवरी को पाश्वनार्थ जयंती, 13 को लोहडी, 14 को मकर संक्राति, 17 को गुरु गोविंदसिंह जयंती एवं 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के त्यौहारों को देखते हुए जिले में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किये हैं। जिला मजिस्ट्रेट डॉ. ओमप्रकाश बैरवा ने बताया कि उपखंड मजिस्ट्रेट टोंक को संपूर्ण शहरी क्षेत्र, तहसीलदार एवं कार्यपालक मजिस्ट्रेट टोंक को संपूर्ण ग्रामीण क्षेत्र, उपखंड मजिस्ट्रेट उनियारा को संपूर्ण शहरी क्षेत्र, तहसीलदार एवं कार्यपालक मजिस्ट्रेट उनियारा को संपूर्ण ग्रामीण क्षेत्र का ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है। इसी तरह उपखंड मजिस्ट्रेट निवाई को संपूर्ण शहरी क्षेत्र, तहसीलदार एवं कार्यपालक मजिस्ट्रेट पीपलू को संपूर्ण ग्रामीण क्षेत्र का ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है। उन्होंने बताया कि उपखंड मजिस्ट्रेट देवली को संपूर्ण शहरी क्षेत्र, तहसीलदार एवं कार्यपालक मजिस्ट्रेट देवली को संपूर्ण ग्रामीण क्षेत्र, तहसीलदार एवं कार्यपालक मजिस्ट्रेट दूनी को संपूर्ण क्षेत्र एवं उपखंड मजिस्ट्रेट मालपुरा को संपूर्ण शहरी क्षेत्र तथा तहसीलदार एवं कार्यपालक मजिस्ट्रेट मालपुरा को संपूर्ण ग्रामीण क्षेत्र का ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया हैं।

## सार-समाचार

### ट्रैक्टर ट्रोली जप्त



**टोंक।** वृत्ताधिकारी निवाई महावीर सिंह व थानाधिकारी निवाई हरिपाल सिंह के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा निवाई क्षेत्र में दौराने गश्त कच्ची बस्ती खणदेवत रोड निवाई पर अवैध खनन कर पत्थर परिवहन करते एक ट्रैक्टर- ट्रोली को जप्त कर चालक राकेश मीणा पुत्र कैलाश जाति मीणा उम्र 23 साल निवासी ओकार बाबा की ढाणी, चोरपुरा थाना निवा जिला टोक को गिरफ्तार किया गया। चालक के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान जारी है।

### हत्यारों को पुलिस ने पकड़ा

**बहरोड/ भिवाडी।** 4 जनवरी 2024 जिला पुलिस भिवाडी क्षेत्र के घटाल गांव में दर्जी मोहम्मद अफसर की सर में डंडे से वार कर निर्माण हत्या करने के आरोपियों को गिरफ्तार कर घटना का खुलासा किया। गौरतलब है कि सड़क पर चलते हुए साइड को लेकर हुई कहा सुनी के कारण सिर में डंडे से वार कर हत्यारे ने घटना को अंजाम दिया था जिसमें दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। वहीं पुलिस के अनुसार 2 जनवरी 2024 को एस एस ए इंटरप्राइजेज प्राइवेट लिमिटेड कंपनी भिवाड़ी में काम करने वाले मोहम्मद अफसर पुत्र मोहम्मद फिरोज अंसारी निवासी वार्ड नंबर 8 उजान समस्तीपुर बिहार जो की हाल घटाल भिवाड़ी एवं तोहिबुल पुत्र फिरोज अंसारी जाति मुस्लिम निवासी सकरपुरा थाना रायपुर जिला बेगूसराय बिहार जो हाल घटाल भिवाड़ी कंपनी में अपने कमरे पर खाना खाने जा रहे थे। रास्ते में सामने से एक वेगन आर कार आई जो मोहम्मद अफसर व तोहिबुल से बगल से निकलते समय टच होने पर कार चालक को देखने पर चलने को कहकर चालक करीब 30 मीटर आगे गया और कार को वापस घूमा मोहम्मद अफसर व तोहिबुल के पीछे से आकर बगल में गाड़ी खड़ी करके नीचे उतरकर झगड़ा करने लगे। कांस्टेबल हुकम सिंह द्वारा महत्वपूर्ण सूचनाओं के माध्यम से महेश्वरी गांव के तालाब के पास से गिरफ्तार किया दोनों आरोपियों से गहनता से पूछताछ जारी है।

### अधिकारी को ज्ञापन सौंपा

**फुलेरा।** नगर पालिका मण्डल में भाजपा पार्षद दल ने नेता प्रतिपक्ष संजय पारीक के नेतृत्व में अधिशाषी अधिकारी शिकेशकांकरिया को एक ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापनके माध्यम से जानकारी देते हुए प्रतिपक्ष नेता संजय पारीक ने बताया किगत27 दिसम्बर2023 को बोर्ड की मिटिंग के दौरान नगर पालिका परिसर में कांठोसकमेटीके पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं तथावर्तमानविधायकके द्वारा धरना प्रदर्शन कर नगर पालिका अध्यक्ष/उपाध्यक्ष एवं कांठोस के पार्षदों द्वारा नगर पालिका के विभिन्न शाखाओं के रिकार्ड / पत्रावलियों के कमरे असंवैधानिक व मनमानी तरीके से सील कर दिये गये।जिससे आमजन के कार्य नही हो पा रहे है। अत: सील किये गये कमरो को अविलम्ब खुलवाये ताकि जनता के हित के कार्य शीघ्र हो सके। इसपरअधिशासी अधिकारी ने निदेशक को अवगत करवाकर जल्दी ही कार्यवाही करवाने काआश्वासन दिया है। इस अवसर पर पार्षद सरदार चौधरी, जितेन्द्र वर्मा, पूजा भाटी, ताराचन्द माली, आशा सैनी, यतेन्द्र झांकडा, अभिषेक वर्मा, मदन गढवाल, विजय लक्ष्मी, पार्षद प्रतिनिधि राजू रांवका, गजेन्द्र सिंह शेखावत, पूर्व पालिका अध्यक्ष रतन राजौरा सहित अन्य कई लोग उपस्थित रहे।

### शीतलहर से जनजीवन अस्त व्यस्त

**फुलेरा।** जयपुर जिले मेंपिछले करीब सात दिनों सेहाडकंपानेवाली कड़ाके की ठण्ड, घनाकोहरावशीतलहर का दौरलगातार जारी है।इसके चलते सर्दी से लोगों का जनजीवन प्रभावित हुआ है। गुरुवार की सुबह कड़ाके की सर्दी व कोहरे के साथ हुई।जबकि बुधवारको देर रात से ही हवाओं के साथ घना कोहरा छा गया।वहीं पेड़ पौधों पर व बाहर खड़े वाहनों पर ओस की बूंदे जम गई। गुरुवार अलसुबह छाए घने कोहरे के कारण वाहन हैडलाईट के सहारे रेंगते दिखाई दिए। पिछले 4-5 दिन में बादलों की आवाजाही के कारण सूर्यदेव ने दोपहर तक दर्शन नहीं दिए। लोगों ने सर्दी से राहत पाने के लिएजगहजगहपर अलाव व गर्म कपड़ों का सहारा लिया। अधिकतम तापमान में गिरावट होने से सर्दी में बढ़ोतरी हो गयी है। मौसम विज्ञान केन्द्र जयपुर केअनुसार प्रदेश में अभी कड़ाके की सर्दी का दौर जारी है। जो अभी कुछ दिन जारी रहेगा। प्रदेश के कुछ जिलों में घना कोहरा व अति घना कोहरा होने की भी प्रबल संभावना बनी हुई है। इधर जयपुर कलेक्टर ने बढ़ती हुई सर्दी को देखते हुए एक आदेश जारी कर आठवी तक के बच्चो का 13 जनवरी तक शीतकालीन अवकाश बढ़ाया है।गौरतलब है कि अब उच्च प्राथमिक विद्यालय 16 जनवरी को खुलेंगे। क्योंकि 14 को रविवार और 15 को मकर संक्रान्ति का जिला कलेक्टर की तरफ से पहले ही अवकाश घोषित है। साथ ही जिला कलेक्टर जयपुर प्रकाश राज पुरोहित ने आदेशों में साफ स्पष्ट किया है अवहेलना करने वाले राजकीय और गैर राजकीय विद्यालय पर कार्यवाही की जाएगी।

### कार्यशाला का आयोजन

**चाकसू (निस)।** कस्बा स्थित उच्च माध्यमिक आदर्श विद्या मंदिर में शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत गुरुवार को शिशु नगरी (बाल मेला) जयपुर जिला संस्था प्रधान कार्यशाला का आयोजन किया गया । जिसमें जयपुर जिला के 13 विद्यालयों के 25 संस्था प्रधानों ने भाग लिया। कार्यशाला के मुख्य अतिथि ओम प्रकाश शर्मा ,विद्या भारती राजस्थान क्षेत्र के शिशु वाटिका प्रमुख ने नई शिक्षा नीति के अंतर्गत छोटे-छोटे बालक- बालिकाओं को क्रिया आधारित , प्रयोग आधारित, शिक्षा के माध्यम से ज्ञानेंद्रिय और कर्मेंद्रिय के विकास का महत्व बताया। प्रोजेक्टर द्वारा ऑडियो वीडियो दिखाकर प्रशिक्षित किया। इस अवसर पर जिला सचिव किशोरी लाल शर्मा, जिला संगीत और संस्कार केंद्र प्रमुख गणेश नारायण मीणा,संकुल प्रमुख सुमेर सिंह शेखावत, लालचंद शर्मा , रामावतार जाट सहित अनेक संस्था प्रधानों ने अपनी जिज्ञासा भी व्यक्त की।

### बगराणियां की पुण्यतिथि मनाई

**श्रीमाधोपुर।** कस्बे में गुरुवार को शेखावाटी किसान आंदोलन नेता स्वतंत्रता सेनानी गणपतराम बगराणियां की 50 वी पुण्यतिथि आदिवासी मीणा धर्मशाला श्रीमाधोपुर में मनाई गई । वक्ताओ ने बगराणियां जी के दिए गए योगदान को अतुलनीय बताया । आदिवासी मीणा सेवा संघ युवा अध्यक्ष राजाराम मीणा ने बताया कि जब क्षेत्र में सामंतवाद चरम था किसानों से बेहिसाब लगान लगाया जाता था तब सन 1943 में बगराणियां ने शेखावाटी के किसानों के एक शिष्टमंडल का नेतृत्व कर प्रधानमंत्री सर मिर्जा इस्माइल खां से भेंट कर किसानों की समस्याओं से अवगत कराकर लगान को कम करवाया था। कार्यक्रम संयोजक विमल कुमार पबड़ी ने बताया की स्वतंत्रता संग्राम में भाग लेने पर सन फरवरी 1923 में बगराणियां को जयपुर स्टेट से देशनिकाले की सजा दी गई थी । मीणा जाति पर लागू जरायम पेशा कानून को खत्म करवाने के लिए जयपुर में आंदोलन किया तथा तत्कालीन जयपुर राज्य मीणा सुधार समिति के संस्थापक अध्यक्ष रहे।

# कलक्टर ने किया संकल्प यात्रा का निरीक्षण

**दौसा।** जिले के भांडारेज कस्बे में जिला कलेक्टर कमर चौधरी ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के चल रहे शिविर का औचक निरीक्षण कर शिविर में व्यवस्थाओं का जायजा लिया। आमजन को केंद्र सरकार की विभिन्न फ्लैगशिप योजनाओं से जोड़ने और उनके प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से जिले की ठााम पंचायतों एवं शहरी क्षेत्र में लगातार विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में गुरूवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर शहरी क्षेत्र भांडारेज में जिला कलेक्टर कमर चौधरी ने व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा विभागीय अधिकारियों को आवश्क दिशा निर्देश दिये।

जिला कलेक्टर ने सभी विभागों द्वारा आमजन को योजनाओं से जोड़कर लाभान्वित करने की व्यवस्थाओ को जायजा लिया।

जिला कलक्टर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि कैंप आयोजन से पहले क्षेत्र में प्रमुखता से प्रचार-प्रसार किया जाए ताकि आमजन बढ़ चढ़कर हिस्सा ले सके। आमजन को अधिकाधिक योजनाओ से लाभान्वित किया जाए। निरीक्षण के दौरान जिला कलेक्टर ने आमजन को केंद्र सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं के बारे में अवगत करवाया एवं बीमा योजनाओं में परिवार एवं स्वयं की सुरक्षा के लिए जुड़ने का अनुरोध किया। इस मौके पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा किए जा रहे हेल्थ चेकअप के बारे में जानकारी ली।

इस मौके पर दौसा एसडीएम संजय कुमार गोरा सहित जिलास्तरीय अधिकारी, ब्लॉक स्तरीय अधिकारी, जनप्रतिनिधियो सहित बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे ।


जिला कलेक्टर ने भांडारेज में आयोजित शिविर में व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

# मोदी की गारंटी से लोगों का विश्वास बढ़ा : रत्ना कुमारी

**जमवारामगढ़ ।** विधानसभा क्षेत्र की थोलाई ग्राम पंचायत में ''विकसित भारत संकल्प यात्रा'' के तहत आयोजित कार्यक्रम में विधायक महेन्द्र पाल मीणा और भाजपा नेत्री रत्ना कुमारी शामिल हुए। इस दौरान रत्ना कुमारी ने सरकार की योजनाओं के लाभार्थियों के साथ संवाद किया।

भाजपा नेत्री रत्ना कुमारी ने बताया कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के अद्भुत परिणाम आ रहे हैं। आज देश के करोडों लाभार्थी सरकारी योजनाओं को आगे बढ़ाने का माध्यम बन रहे हैं। 1 करोड लोगों को आयुष्मान कार्ड दिए जा चुके हैं। 11 करोड़ ग्रामीण परिवारों को नल से पानी का कनेक्शन उपलब्ध कराया गया है। उज्ज्वला गैस कनेक्शन के लिए 4.5 लाख नए लाभार्थियों ने आवेदन किया है। मोदी की गारंटी वाली गाड़ी जहां जा रही, लोगों का विश्वास बढ़ा रही है।इस यात्रा के माध्यम से जन-जन की सेवा करने और विकसित भारत की संकल्पना को साकार करने के लिए हम सभी प्रतिबद्ध हैं। रत्ना कुमारी ने कहा है कि विकसित भारत के संकल्प से जुड़ने और देशवासियों को जोड़ने का ये अभियान लगातार विस्तार ले रहा है। दूर-दूर के गांवों तक पहुंच रहा है। महिला, युवा या फिर गांव के वरिष्ठ नागरिक सब केन्द्र सरकार की योजनाओं का लाभ उठा रहे हैं।


''विकसित भारत संकल्प यात्रा'' के तहत आयोजित कार्यक्रम में विधायक महेन्द्र पाल मीणा और भाजपा नेत्री रत्ना कुमारी शामिल हुए।

# विधायक रामविलाश ने बिजली अधिकारियों की बैठक ली

**लालसोट।** लालसोट विधानसभा क्षेत्र के नए विधायक रामविलास मीणा इन दोनों एक्शन मोड पर दिखाई दे रहे हैं वहीं विधानसभा चुनाव में खुद के द्वारा किए गए विभिन्न वादों को लेकर अधिकारियों की बैठक लेकर लोगों की समस्या समाधान को लेकर सक्रिय रहने के निर्देश दे रहे हैं। विधायक मीणा द्वारा विधानसभा चुनाव में किसानों को दिन में बिजली आपूर्ति एवं आमजन को बिजली की निर्बाध आपूर्ति को लेकर बिजली अधिकारियों से दो टूक शब्दों में कहा कि बिजली सप्लाई को लेकर अगर शिकायत मिली तो कार्रवाई होगी किसी को बक्सा नहीं जाएगा। उपखंड कार्यालय में गुरूवार को विधायक रामबिलास मीणा ने बिजली निगम के अधिकारियों के साथ मीटिंग की। इस दौरान क्षेत्र में बिजली की समस्याओं को लेकर सभी अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि लालसोट विधानसभा क्षेत्र में किसानों को सिंचाई के लिए दिन में विद्युत आपूर्ति की जाना सुनिश्चित की जाए। वहीं क्षेत्र में कई जगह किसानों को सिंचाई के लिए रात में बिजली दी जा रही है। ऐसे में किसानों को अत्यधिक ठंड में सिंचाई करने पर मजबूर होना पड़ रहा है। उन्होंने कहाकि सभी फीडरो की मेंटेनेंस करवाकर किसानों को दिन में ही बिजली दी जाना सुनिश्चित की जाए। अगर एक-दो दिन में लालसोट क्षेत्र के किसी भी किसान भाई की अगर कोई शिकायत आई की रात को सिंचाई के लिए बिजली आ रही है तो संबंधित अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई होगी। वहीं बिजली निगम के अधिकारियों ने बताया कि कोथून रोड पर कई इलाकों में सिस्टम सपोर्ट नहीं करने की वजह से और ज्यादा लोड होने की वजह से दिन में विद्युत आपूर्ति करना संभव नहीं हो पा रहा है। ऐसे में कई इलाकों में रात को ही सिंचाई के लिए विद्युत आपूर्ति की जा रही है। जिसे भी एक-दो दिन में दिन में सुचारू कर दिया जाएगा।

# सांभर में अक्षत व मंदिर के चित्र का वितरण किया

**सांभरझील, (निसं)।** आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में प्रभु श्रीराम मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा व भव्य धार्मिक समारोह की तैयारी के मद्देनजर अब हर गांव, गली, मोहल्लों में सभी जगह अयोध्या को लेकर चर्चा जोरों पर चल रही है, वहीं लोगों में इसको लेकर जबरदस्त कोतूहल भी बना हुआ है।

- **22 जनवरी को दीपक हर घर में जलाए जाये**

यहां भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं की ओर से इसको लेकर जोरों से प्रचार प्रसार कर लोगों को संदेश दिया जा रहा है कि आगामी 22 तारीख को हर घर में दीपावली की तरह दीप प्रज्ज्वलित कर प्रभु श्री राम की आराधना जरूर करें।

भाजपा के वरिष्ठ नेता सत्यनारायण स्वामी व राजेश पारीक के संयुक्त नेतृत्व में अयोध्या से आए अक्षत और निर्माणाधीन राम मंदिर का कलर युक्त चित्र घर-घर वितरण किया गया। प्रभु श्री राम के जयकारे लगाते हुए लोगों ने श्रद्धालुओं की टोली का अभिनंदन भी किया। इस मौके पर अजय व्यास, चंद्रप्रकाश, श्यामलाल, सुनील, राधाकिशन सहित अनेक ने इसमें अपना योगदान दिया।


भाजपा के वरिष्ठ नेता सत्यनारायण स्वामी व राजेश पारीक के संयुक्त नेतृत्व में अयोध्या से आए अक्षत को बांटा गया।

### पशुओं का ठंड से बचाव करें : पाण्डेय

**टोंक।** जिले में पड़ रही कड़ाके की ठंड के कारण तापमान में आ रहे परिवर्तन से पशुओं के स्वास्थ्य एवं पशुओं में रोगों का होना संभव है। पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. अशोक कुमार पाण्डेय ने सर्दी से पशुओं में होने वाले रोगों से के बचाव के लिए जिले समस्त प्रथम श्रेणी पशुचिकित्सालयों, पशुचिकित्सालयों, पशु औषधालय एवं पशु चिकित्सा उपकेंद्रों के प्रभारियों को कहा है कि पशुपालकों के पशु उनकी अमूल्य धरोहर है, कड़ाके की ठंड से पशुपालकों की अमूल्य धरोहर को ठंड से बचाना पशुचिकित्सकों की नैतिक जिम्मेदारी है। पशुचिकित्सक सक्रिय रहकर बीमार पशुओं का उपचार तत्काल प्रभाव से करें।

संयुक्त निदेशक डॉ. अशोक पाण्डेय ने बताया कि तेज सर्दी को देखते हुए पशुपालक भी अपने पशुओं को शीत आघात से बचाने के लिए पशु आवासों, पशुग्रहों एवं पशु बाड़ों में समुचित गर्मी की व्यवस्था करें। साथ ही, पशु आवास में जूट की टाट्पट्टी अथवा तिरपाल आदि का उपयोग कर विशेष रूप से छोटे पशु एवं कुक्कुट आदि सर्दी से बचाएं।

# रिटायर्ड हुए सूबेदार कैलाश चंद जांगिड का स्वागत किया

**पावटा ।** भारतीय थल सेवा में 28 वर्ष की सेवा कर ग्राम मांजूकोट के सूबेदार कैलाश चंद जांगिड रिटायर्ड हुए। वे सेना में सूबेदार के पद से सेवानिवृत्त होकर वापस अपनें गृह नगर पहुंचें। समय व अनुशासन के पाबंध कैलाश चंद जांगिड ने सेना में रहतें हुए निरंतर अपनी मातृभूमि को अपनी सेवा दी।

पावटा कस्बे मे नोकड्या मोड पर उनके मित्रों व परिजनों एवं ग्रामीणों ने माला व साफा पहनाकर एवं आतिशबाजी कर भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर सेवानिवृत्त होकर लौटनें पर जैसे ही सूबेदार कैलाश चंद जांगिड ने गांव में कदम रखा, ढोल, नगाडों की आवाज गूंज उठी। फूलों से सजी खुली जीप में ग्रामीणों ने उन्हें बैठाया। जुलूस निकाल कर पूरे गांव में घुमाया। लोगों ने घरों की छत से फूलों की बारिश की। इस बीच पूरे गांव में भारत माता की जय के जयकारे गूंजते रहे। युवाओं की टोली नाचते गाते जुलूस के आगे आगे उनका स्वागत कर रही थी। हर कोई इस भारतीय सेना के रिटायर जवान से मिलकर बधाई देने को आतुर दिखा। फूल माला से लदे सूबेदार कैलाश चंद जांगिड ने कहा कि अब गांव के युवाओं को भारतीय सेना में जाने के लिए प्रेरित करेंगे। उन्होंने गांव में मिले इस समान के लिए सबको हाथ जोडकर आभार किया। इस अवसर पर भाजपा नेता जगन चौधरी, पावटा तहसील ब्राह्मण महासभा अध्यक्ष राजेश शर्मा, पावटा प्रागपुरा नगरपालिका वाइस चेयरमेन अशोक सैनी, नरपत सिंह, हरी सैनी, दिनेश जांगिड सहित जन प्रतिनिधि, ग्रामीण व परिजन मौजूद रहे।


भारतीय थल सेवा में 28 वर्ष की सेवा कर ग्राम मांजूकोट के सूबेदार कैलाश चंद जांगिड रिटायर्ड होने पर ग्रामीणों ने सम्मान किया।



टेस्ट क्रिकेट के भविष्य और उसके ऊपर चल रही चर्चाओं को ध्यान में रखते हुए क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया विश्व टेस्ट चैंपियनशिप में कम से कम तीन टेस्ट मैचों की सीरीज खेले जाने की वकालत करने की तैयारी कर रही है। - निक हॉकले

ऑस्ट्रेलिया टीम के मुख्य कार्यकारी अधिकारी, अपनी टीम के बारे में बोलते हुए।




**आज का खिलाड़ी** — **जसप्रीत बुमराह**



**जसप्रीत बुमराह** के छह विकेट की घातक गेंदबाजी की बदौलत भारत ने दूसरे टेस्ट मैच में दक्षिण अफ्रीका को गुरुवार को दूसरी पारी में 176 रन पर ढेर कर दिया है। अब भारत को जीत के लिये 79 रन बनाने है। कल के तीन विकेट पर 62 के स्कोर के आगे खेलते हुए दक्षिण अफ्रीका को बुमराह के कहर का सामना करना पड़ा। हालांकि इस दौरान एडेन मारक्रम ने शतकीय पारी खेली। उन्होंने 17 चौकों और दो छक्कों की मदद से 103 गेंदों में 106 रन बनाये। उन्हें सिराज ने रोहित के हाथो कैच आउट कराया।

**क्या आप जानते हैं ?...** भारत को 1950 (ब्राजील) के विश्वकप फुटबॉल में फीफा ने इसलिए खेलने से रोक दिया क्योंकि वह नंगे पैर यहां खेलना चाहता था।

# टेस्ट के इतिहास में खेले गए सबसे छोटे मैच में भारत ने दक्षिण अफ्रीका पर जीत हासिल की

## 147 साल के इतिहास में ऐसा सिर्फ 25वीं बार हुआ है, भारत ने तीनों टेस्ट में जीत हासिल की

केपटाउन, 4 जनवरी। भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच केप टाउन में खेला गया टेस्ट मैच 2 दिन में ही खत्म हो गया। भारतीय टीम ने साउथ अफ्रीका को 7 विकेट से हराया। टेस्ट क्रिकेट के 147 साल के इतिहास में ऐसा सिर्फ 25वीं बार हुआ है। भारत के लिए यह सिर्फ तीसरा मौका है जब उसकी भागीदारी वाले मैच का नतीजा दो दिन में आ गया। भारत ने ऐसे तीनों टेस्ट में जीत हासिल की है।

टेस्ट क्रिकेट की शुरुआत 1877 में हुई थी। तब से अब तक 2522 टेस्ट मैच खेले जा चुके हैं। इनमें से सिर्फ 25 टेस्ट मैच ऐसे हुए, जिनका नतीजा दो दिन के अंदर आ गया। यानी 0.99 टेस्ट ही इतनी जल्दी खत्म हुए हैं। इंग्लैंड इनमें से 12 टेस्ट मैचों का हिस्सा रहा है। वहीं, ऑस्ट्रेलियाई टीम के 12 टेस्ट मैच दो दिन में खत्म हुए हैं। साउथ अफ्रीका 10 मैचों का हिस्सा रहा।

जिम्बाब्वे 4, वेस्टइंडीज 2 और पाकिस्तान 1 मैच का हिस्सा रहा है। सबसे ज्यादा 6 ऑस्ट्रेलिया इंग्लैंड टेस्ट मैच 2 दिन में खत्म हुए हैं। चार साउथ अफ्रीका इंग्लैंड टेस्ट भी 2 दिन में खत्म हुए। इनमें से सबसे ज्यादा टेस्ट इंग्लैंड के मैदान पर 2 दिन में खत्म हुए। इनमें से 4 टेस्ट ऐसे थे जो लंदन के द ओवल मैदान पर हुए।

1882 में पहली बार कोई टेस्ट मैच 2 दिन में खत्म हुआ। यह मुकाबला ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच 1882 में ओवल (लंदन) में खेला गया था। 9 टेस्ट मैच 19वीं सदी (1801-1900) में 2 दिन में खत्म हुए थे। 8 टेस्ट 20वीं सदी (1901-2000) और 8 टेस्ट 21वीं सदी (2001 से अब तक) खत्म हुए हैं। एक ओर जहां पिछले 3 साल में 4 टेस्ट ऐसे हो गए जिनका नतीजा 2 दिन में आ गया, वहीं दूसरी ओर मार्च 1946 से लेकर अगस्त 2000 तक के बीच 54 साल ऐसे भी बीते जब एक भी टेस्ट मैच 2 दिन में खत्म नहीं हुआ।

2 दिन में खत्म होने वाले टेस्ट मैचों में भारतीय टीम का सक्सेस रेट 100 रहा है। जून 2018 में भारत और अफगानिस्तान के बीच बेंगलुरु में खेला गया टेस्ट मैच 2 दिन में खत्म हुआ था। इससे पहले आज जसप्रीत बुमराह के छह विकेट की घातक गेंदबाजी की बदौलत भारत ने दूसरे टेस्ट मैच में दक्षिण अफ्रीका को गुरुवार को दूसरी पारी में 176 रन पर ढेर कर दिया है।



जसप्रीत बुमराह के 6 विकेट की घातक गेंदबाजी की बदौलत भारत ने जीत दर्ज की।

### दक्षिण अफ्रीका का न्यूजीलैंड में कमजोर टीम भेजना टेस्ट के लिए खतरे की घंटी

सिडनी, 4 जनवरी। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के मुख्य कार्यकारी अधिकारी निक हॉकले ने कहा कि दक्षिण अफ्रीका का न्यूजीलैंड में कमजोर टीम भेजना टेस्ट के लिए खतरे की घंटी है। हॉकले ने कहा कि दक्षिण अफ्रीका का न्यूजीलैंड में एक कमजोर टीम भेजना टेस्ट क्रिकेट के लिए खतरे की घंटी है। इसके साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड और भारत जैसे तीन बड़े देशों के इतर भी टेस्ट क्रिकेट को प्रासंगिक बनाए रखा जा सकता है। उन्होंने कहा कि टेस्ट क्रिकेट के भविष्य और उसके ऊपर चल रही चर्चाओं को ध्यान में रखते हुए क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया विश्व टेस्ट चैंपियनशिप में कम से कम तीन टेस्ट मैचों की सीरीज खेले जाने की वकालत करने की तैयारी कर रही है।

मौजूदा विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के प्रावधानों के अनुसार एक टेस्ट सीरीज में कम से कम दो मैच खेलना अनिवार्य है। दक्षिण अफ्रीका और भारत के बीच चल रही सीरीज के 1-1 की बराबरी पर समाप्त होने की संभावना अधिक है। पिछली बार भारत, ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड को छोड़कर कोई तीन टेस्ट मैचों की श्रृंखला 2018-19 में खेली गई थी, जब पाकिस्तान ने दक्षिण अफ्रीका का दौरा किया था।

उन्होंने कहा, कम से कम तीन टेस्ट मैच प्राथमिकता में होने चाहिए। इसलिए हम इसकी वकालत करते रहेंगे। जहां तक घरेलू स्तर की टी-20 श्रृंखलाओं की बात है तो हम यह सुनिश्चित करने का प्रयास करेंगे कि यह उन देशों में खेले जाने वाली श्रृंखलाओं के साथ ओवरलैप ना हो जहां ऐसी श्रृंखलाएं उनकी कमाई का अहम जरिया हैं।

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने एसए-20 लीग के कारण दक्षिण अफ्रीका के राजस्व पर पड़े प्रभाव को स्वीकारा है लेकिन इसके अफ्रीकी टीम का न्यूजीलैंड में अपनी दूसरे दर्जे की टीम को भेजने का फैसला चर्चा को अलग स्तर पर ले गया है। दक्षिण अफ्रीका ने इस पर बल देते हुए कहा है कि वह टेस्ट क्रिकेट के प्रति समर्पित हैं और आगे पूरी कोशिश करेंगे कि भविष्य में ऐसे टकराव की स्थिति उत्पन्न ना हो।

उन्होंने कहा, यह हम सभी के लिए खतरे की घंटी है। बच्चों और नए लोगों को क्रिकेट की ओर आकर्षित करने में टी-20 की भूमिका को नकारा नहीं जा सकता लेकिन हमारा विश्वास है कि इन दोनों का अस्तित्व एक साथ बना रह सकता है। मुझे लगता है कि हम ऑस्ट्रेलिया में इस बात को लेकर पूरी तरह से स्पष्ट हैं कि बिग बैश के दौरान भी हम अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को ही प्राथमिकता देंगे। और हम इस मसले पर आईसीसी के साथ आगे काम भी करेंगे। हॉकले इस बात को लेकर आत्मविश्वास से भरे हैं भारत, ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बाहर भी देश टेस्ट क्रिकेट के भविष्य को लेकर समर्पित हैं लेकिन इस प्रारूप का आर्थिक पक्ष बड़ी चुनौती है। उन्होंने कहा, आर्थिक चुनौती बड़ा कारण है। कई देशों में टेस्ट, एकदिवसीय और टी-20 तीनों से एक जैसा ही राजस्व प्राप्त होता है लेकिन टेस्ट में लगने वाला धन अधिक होता है। हमारे सामने उन देशों की मदद करने की चुनौती है जो टेस्ट क्रिकेट के लिहाज से संघर्ष कर रहे हैं।

### युवाओं की ऊर्जा के सदुपयोग में खेल महाकुंभ की प्रभावी भूमिका : अनुराग

हमीरपुर, 4 जनवरी। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण और युवा व खेल मामलों के मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर बुधवार को हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के घुमारवीं विधानसभा में सांसद खेल महाकुंभ 2.0 के समापन समारोह में शामिल हुए। इस अवसर पर हिमाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री व विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष श्री जयराम ठाकुर जी समेत कई गणमान्य भी उपस्थित रहे।

अनुराग ठाकुर ने कहा कि किसी व्यक्ति के समग्र विकास और राष्ट्रिनर्माण में खेलों की अहम भूमिका है। हमीरपुर संसदीय क्षेत्र और हिमाचल प्रदेश में खेल और खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने और उन्हें एक प्लेटफॉर्म उपलब्ध कराने के लिए लगातार प्रयासरत। हमारे ग्रामीण और पंचायत स्तर पर बहुत सी अनूठी प्रतिभाएँ मौजूद हैं जिन्हें बस ढूँढ कर सामने लाने के लिए एक मंच की ज़रूरत है। इसे ध्यान में रखते हुए 2018 में हमीरपुर संसदीय क्षेत्र में खेल महाकुंभ की शुरुआत की जोकि बहुत ही सफल रहा। इस बार के खेल महाकुंभ 2.0 में भी खिलाड़ियों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। इस बार खेलों में 49000 से ज्यादा प्रतिभागियों ने 7 से ज्यादा खेल विधाओं में भाग लिया। क्रिकेट में 831, वॉलीबॉल में 539, कबड्डी में 371, बास्केटबॉल में 295, फुटबॉल में 169, रेसलिंग में 800 से ज्यादा और एथलेटिक्स में भी 4000 से ज्यादा प्रतिभागियों ने अपना दमखम दिखाया।

ठाकुर ने प्राइज मनी की जानकारी देते हुए बताया, "इस बार लगभग 50 लाख प्राइज मनी के तौर पर खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से बांटे गए। कबड्डी, वालीबाल बास्केटबाल और फुटबॉल की सर्वश्रेष्ठ टीमों को 51000 प्रति टीम दिए गए। इन्हीं चार खेल विधाओं में दूसरे नंबर की टीमों को 31000 प्रति टीम, तीसरे नंबर की टीमों को 21000 प्रति टीम और चौथे नंबर की टीमों को 11000 रुपए प्रति टीम दिए गए। इसके साथ हीं क्रिकेट की विजेता टीम को एक लाख रुपये, रनर अप को 50000, तीसरी टीम को 31000 और चौथी टीम को 21000 प्रोत्साहन के तौर पर दिए गए।

समापन समारोह को संबोधित करते हुए श्री अनुराग ठाकुर ने कहा, "मोदी के नेतृत्व में पूरे देश में पिछले 10 वर्षों में खेलों के प्रति अप्रोच में 360 डिग्री का परिवर्तन आया है। आज चारों ओर बेहतरीन खेल इंफ्रास्ट्रक्चर का निर्माण हो रहा है। मोदी ने फिट इंडिया मूवमेंट और खेलो इंडिया गेम्स की शुरुआत की जिसने भारत के युवाओं को वैश्विक प्रतिस्पर्धाओं में परचम लहराने वाला बना दिया। आज खेलो इंडिया यूथ गेम्स के साथ-साथ खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स और खेलो इंडिया पारा गेम्स भी होते हैं।" ठाकुर ने कहा कि जहां एक ओर अन्य राजनीतिक पार्टियां युवाओं का गलत तरीके से फायदा उठाती हैं वहीं हमने खेलों के जरिए युवाओं को नशा मुक्त बनाने और उन्हें आगे बढ़ने का रास्ता चुना है।

**श्रीलंका ने घोषित किया नया टेस्ट कप्तान**

## दिमुथ करुणारत्ने की जगह धनंजय डिसिल्वा को मिली जिम्मेदारी

कोलंबो, 4 जनवरी। धनजंय डी सिल्वा के सामने बतौर कप्तान फरवरी में अफगानिस्तान के खिलाफ एक टेस्ट मैच की सीरीज है। टी-20 और वनडे के बाद श्रीलंका क्रिकेट ने टेस्ट टीम के कप्तान को भी बदल दिया है। दिमुथ करुणारत्ने की जगह धनजंय डी सिल्वा को टेस्ट टीम की कमान सौंपी गई है। श्रीलंका क्रिकेट टीम के मुख्य चयनकर्ता उपुल थरंगा ने टेस्ट टीम के कप्तान बदले जाने की पुष्टि की है।

इससे पहले 6 जनवरी से शुरू हो रही जिम्बाब्वे के खिलाफ घरेलू टी-20 और वनडे सीरीज के लिए अलग-अलग कप्तान नियुक्त किया था। वनडे की कमान कुसल मेंडिस को और टी-20 की जिम्मदारी वानिंदु हसरंगा को सौंपी गई थी। धनंजय डी सिल्वा श्रीलंका टेस्ट टीम के 18वें कप्तान हैं। धनंजय डी सिल्वा ने श्रीलंका के लिए अब तक खेले 51 टेस्ट मैचों में 39.77 की औसत से 3301 रन बनाए हैं। उन्होंने 100 शतक और 13 अर्धशतक भी बनाए।




वहीं दिमुथ करुणारत्ने ने 2019 में श्रीलंका टेस्ट की कप्तानी संभाली थी। उन्होंने श्रीलंका के लिए 30 टेस्ट मैचों में कप्तानी की है, जिसमें 12 में टीम को जीत और 12 में हार मिली। वहीं 6 मैच ड्रॉ रहे। उनकी कप्तानी में श्रीलंका टीम ने 2019 में साउथ अफ्रीका में टेस्ट सीरीज जीत कर अफ्रीका में टेस्ट सीरीज जीतने वाली पहली एशियाई टीम बनी थी। वहीं करुणारत्ने ने बतौर कप्तान खेले 30 मैचों में 49.86 की औसत से 2643 रन बनाए। जिसमें 8 शतक और 12 अर्धशतक भी शामिल है। जबकि श्रीलंका के लिए 88 मैचों में उन्होंने 40.93 की औसत से 6631 रन बनाए।

श्रीलंका को फरवरी में अफगानिस्तान के खिलाफ एक टेस्ट मैच खेलना है। यह टेस्ट 6 फरवरी से होना है। उसके बाद श्रीलंका को अगस्त में इंग्लैंड दौरे पर जाना है, जहां पर तीन टेस्ट मैचों की सीरीज खेलनी है।

### इटली महिला हॉकी टीम अपने पहले खेल में न्यूजीलैंड के साथ मुकाबला करेगी

रांची, 4 जनवरी। अपनी पहली ओलंपिक जगह की उम्मीद लिए इटली महिला हॉकी टीम ने गुरुवार सुबह झारखंड के रांची में पहुंचते हुए एफ आईएच हॉकी ओलंपिक क्वॉलीफायर्स 2024 के लिए उत्साहित रूप से अपनी यात्रा शुरू की। इटालियन टीम सारा पुग्लीसी के नेतृत्व में 13 जनवरी 2024 को अपने पहले मैच में न्यूजीलैंड के खिलाफ खेलेगी। दोनों टीमों के बीच सात सालों के बाद की पहली मुलाकात होगी।

रांची पहुंचते ही कैप्टन सारा पुग्लीसी ने आगामी टूर्नामेंट के बारे में उत्साह व्यक्त किया और आने वाले मैचों के लिए टीम की तैयारियों पर खुलकर बातचीत की। उन्होंने कहा कि "हमने कुछ महीनों की साझा तैयारियों की हैं। हमने काफी काम किया है - हम यहाँ आए हैं और हम इस हफ्ते अपनी अंतिम कदमों की प्रशिक्षण को समाप्त करेंगे और फिर हम साथ में टूर्नामेंट शुरू करेंगे।

यह काफी रोमांचक है।" इटली, जो एफ आई एच विश्व रैंकिंग में 19वीं स्थान पर है, पूल बी में है और 14 जनवरी को अमेरिका के साथ अपना मैच खेलेगी, और फिर 16 जनवरी को अपना अंतिम पूल मैच भारत के खिलाफ खेलेगी। इस प्रतियोगिता में शामिल अन्य टीमों में शामिल हैं ओलंपिक सिल्वर मेडलिस्ट जर्मनी, पूर्व एशियाई खेल विजेता जापान, चिले और चेक रिपब्लिक। टूर्नामेंट से शीर्ष 3 टीमें 2024 पैरिस ओलंपिक खेलों के लिए क्वॉलीफाई करेंगी।

टूर्नामेंट में उच्च रैंक की टीमों के खिलाफ मुकाबले का सामना करने पर भी, इटालियन स्किपर ने अपनी टीम की क्षमताओं में आत्मविश्वास जताया। उन्होंने कहा कि "हम जानते हैं कि यह कठिन प्रतिस्पर्धा होगी। लेकिन सब कुछ खुला है और कुछ भी असंभावित नहीं है। हम उन परिणामों को प्राप्त करने के लिए जो हमें अपने पक्ष में मिलेगा, वही करेंगे।"

इटली होस्ट इंडिया के बाद रांची पहुंची दूसरी टीम है, और कैप्टन सारा ने टीम के शीघ्र पहुंचने के पीछे एक स्पष्ट कारण बताया। "हम चाहते थे कि हम यहाँ अपनी तैयारियों को समाप्त करें ताकि हम मौसम और टर्फ का अभ्यास कर सकें - इसलिए हमने तय किया कि हम जल्दी आएं।" हालांकि, इटली ने महिला हॉकी में कई विभिन्न उपाधियाँ प्राप्त की हैं।

### वंदना कटारिया चोट के कारण टूर्नामेंट से बाहर

*रांची, 4 जनवरी। बहुप्रतीक्षित एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर 2024 के लिए बुधवार शाम को रांची पहुंची भारतीय महिला हॉकी टीम से वंदना कटारिया चोट के कारण टूर्नामेंट से बाहर हो गई है। उत्साहित भारतीय टीम को उस समय झटका लगा जब उसकी अनुभवी फारवर्ड वंदना कटारिया, जिन्हें उप कप्तान भी नामित किया गया था चोट के कारण टूर्नामेंट से बाहर हो गईं। उनकी जगह युवा खिलाड़ी बलजीत कौर लेंगी जिन्होंने भारत के हालिया दौरों में शानदार प्रदर्शन किया है इस बीच स्थानीय स्टार निक्की प्रधान को उप कप्तान नामित किया गया है। विशेष रूप से निक्की 2016 में ओलंपिक खेलों में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाली झारखंड की पहली महिला हॉकी खिलाड़ी थीं। मुख्य कोच जेनेके शोपमैन ने कहा,यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि वंदना टूर्नामेंट का हिस्सा नहीं होंगी। एक प्रशिक्षण सत्र के दौरान उनके गाल की हड्डी में फ्रैक्चर हो गया और उन्हें आराम करने की सलाह दी गई है। जबकि हमें वंदना के अनुभव की कमी खलेगी, टीम के लिए अच्छा प्रदर्शन करने वाली बलजीत कौर अपने वरिष्ठ हमवतन के स्थान पर कदम रखेंगी और भारत के लिए एक बहुत ही अनुभवी खिलाड़ी निक्की भी उप-कप्तान की जिम्मेदारी संभालेंगी। गोलकीपर सविता के नेतृत्व में भारतीय टीम 13 जनवरी को अमेरिका के खिलाफ अपना अभियान शुरुआत करेगी। रांची पहुंचने पर कप्तान सविता ने कहा, हम सभी महत्वपूर्ण एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर 2024 के लिए रांची में वापस आने के लिए उत्साहित हैं। पिछली बार जब हम महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी के लिए यहां थे, तो घरेलू दर्शकों ने हमारा बहुत समर्थन किया था और हम यहां खेलने का भरपूर आनंद लिया। हम अपना अभियान शुरू करने के लिए उत्सुक हैं और दिलचस्प बात यह है कि हमारा पहला मैच अमेरिका के खिलाफ है जिसके साथ हमने पिछला ओलंपिक क्वालीफायर खेला था।*

### खेल सप्ताह का आयोजन 8 जनवरी से

कोटपूतली, 4 जनवरी। आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा राजस्थान के निर्देशानुसार राजकीय महाविद्यालयों में खेल सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में कस्बा स्थित राजकीय एलबीएस पी.जी. महाविधालय में 08 से 13 जनवरी तक खेल सप्ताह का आयोजन किया जायेगा। प्राचार्य डॉ. सुरेन्द्र सिंह ने बताया कि महाविद्यालय में अध्ययनरत नियमित विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि आयोजित होने वाले खेलों की सूचना महाविद्यालय के सूचना पटट् पर चस्पा कर दी गई है। खेलो में भाग लेने वाले विद्यार्थी अपना महाविद्यालय परिचय पत्र साथ लेकर आवें। सभी विद्यार्थियों का कम से कम एक खेल में भाग लेना अनिवार्य है।

## विराट कोहली ने राम-सिया-राम गाने पर जोड़े हाथ

**एल्गर को आउट होने पर गले लगाया, यानसन को चतुराई से किया आउट**

केपटाउन, 4 जनवरी। भारत और साउथ अफ्रीका के बीच दूसरे टेस्ट के पहले ही दिन तीन पारियों का खेल देखने को मिला। दोनों टीमों के कुल 23 विकेट गिरे। साउथ अफ्रीका ने केप टाउन में टॉस जीतकर पहले बैटिंग चुनी लेकिन टीम 55 रन पर ही सिमट गई। उनके 11 खिलाड़ी 23.2 ओवर ही बैटिंग कर सके। वहीं, पहली पारी में भारत में 153 रन के स्कोर पर आउट हो गया। दिन का खेल खत्म होने तक साउथ अफ्रीका ने दूसरी पारी में 3 विकेट पर 62 रन बना लिए। यहीं से दूसरे दिन का खेल शुरू होगा।

साउथ अफ्रीका के विकेटकीपर काइल वेरियन रिव्यू लेने के कारण एक बार आउट होने से बच गए। 14वें ओवर की पहली बॉल पर मोहम्मद सिराज ने वेरियन को इनस्विंगर फेंकी। वेरियन इसे समझ नहीं सके और बॉल उनके बल्ले के अंदरूनी किनारे के पास पैड पर लगी। सिराज ने की अपील की और आउट करार दे दिए गए।

वेरियन ने अंपायर के फैसले को चुनौती दी और लिया। रिप्ले और हॉकआई में देखा गया कि बॉल लेग स्टंप को मिस कर रही है। अंपायर को के बाद अपना फैसला बदलना पड़ा और वेरियन आउट होने से बच गए। वेरियन भले ही बच गए, लेकिन 18वें ओवर में वे 15 रन बना कर मोहम्मद सिराज की ही गेंद पर आउट हुए।

भारतीय स्टार विराट कोहली अनोखे अंदाज में स्पिनर केशव महाराज का पिच पर स्वागत करते नजर आए। साउथ अफ्रीका की पहली पारी का छठा विकेट गिरने के बाद जब महाराज बल्लेबाजी करने आए, तब स्टेडियम में राम सिया राम गाना बजाया गया। स्लिप में फील्डिंग कर रहे कोहली को भगवान राम के अंदाज में धनुष और बाण की मुद्रा करते देखा गया। स्टार बल्लेबाज ने मुस्कुराते हुए फिर हाथ जोड़कर प्रणाम किया।

विराट कोहली को मार्को यानसन के विकेट के लिए बेहतरीन रणनीति बनाते देखा गया। कोहली ने 16वें ओवर में विकेट की तलाश में तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज को यानसन के खिलाफ गुड लेंथ आउट स्विंगर फेंकने को कहा। सिराज ने कोहली की बात मानी और 16वें ओवर की 5वीं बॉल पर सिराज ने ठीक वैसी ही गेंद फेंकी जिस पर यानसन स्लिप में कैच थमा बैठे और आउट हो गए। इस तरह कोहली के रणनीति काम आई।

# आईसीसी ने स्टंपिंग और कन्कशन के नियमों में किया बदलाव

## अंपायर स्टंपिंग चेक करने के दौरान बल्ले का किनारा लगना चेक नहीं करेंगे

नई दिल्ली, 4 जनवरी। इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) ने क्रिकेट के नियमों में कुछ बदलाव किए हैं। अब थर्ड अंपायर स्टंपिंग रिप्ले देखने के दौरान बैट के किनारे को चेक नहीं करेगा। क्रिकेट वेबसाइट क्रिकबज के अनुसार, अब अंपायर स्टंपिंग के दौरान विकेट के पीछे कैच की जांच नहीं करेंगे। इसके अलावा कन्कशन रिप्लेसमेंट को लेकर भी नियमों में कुछ बदलाव किए गए हैं।

रिपोर्ट में दावा किया गया है कि ये बदलाव 12 दिसंबर 2023 से लागू हो गए हैं। हालांकि ने नियमों में बदलाव की आधिकारिक घोषणा नहीं की है। सबसे महत्वपूर्ण बदलाव स्टंपिंग के वीडियो रिव्यू को लेकर है। अब अगर विकेटकीपर स्टंपिंग की अपील करते हैं तो अंपायर सिर्फ साइड-ऑन कैमरों की मदद से ही रिप्ले देखेंगे ताकि इसमें बैट और बॉल के संपर्क का पता नहीं चल सके।

दरअसल, पिछले कुछ सालों में स्टंपिंग रिव्यू के नियम का गलत इस्तेमाल हो रहा था। बॉलिंग टीम अपने रिव्यू बचाने के लिए बैटर के साफ तौर पर क्रीज में होने के बावजूद स्टंपिंग कर दे रहे थे। इसके बाद थर्ड अंपायर को मजबूरी में स्टंपिंग के साथ बल्ले से बॉल लगने का रिप्ले भी देखना पड़ता था। अगर कभी बल्ले का किनारा लगता था तो अंपायर को उसे आउट भी करार देना पड़ता था। इस रिप्ले में बॉलिंग टीम के रिव्यू बच जाते थे और उन्हें फायदा भी मिल जाता था, इसलिए ने स्टंपिंग रिप्ले का नियम ही बदल दिया। उदाहरण के लिए, पिछले साल भारत-ऑस्ट्रेलिया टेस्ट




सीरीज में कंगारू विकेटकीपर एलेक्स कैरी कई बार जानबूझ कर स्टंपिंग कर रहे थे। जब अंपायर स्टंपिंग के लिए तीसरे अंपायर की ओर इशारा करते थे तो बल्ले का किनारा भी चेक होता था।

एलेक्स कैरी ने 2023 में भारत के खिलाफ टेस्ट सीरीज में बैट का एज चेक करने के लिए कई बार बेवजह स्टंपिंग की थी। एक बदलाव बॉलर कन्कशन रिप्लेसमेंट को लेकर भी किया है। नए नियम के अनुसार, अगर बाहर गए खिलाड़ी को गेंदबाजी करने से सस्पेंड किया गया है तो उसकी जगह रिप्लेसमेंट पर आया खिलाड़ी भी बॉलिंग नहीं कर सकेगा। खिलाड़ी को चोट लगने पर सपोर्ट स्टाफ को ऑन फील्ड ट्रीटमेंट के लिए 4 मिनट का ही समय दिया जाएगा। कन्कशन सब्सटीट्यूट का नियम 1 अगस्त, 2019 को लागू हुआ था। 18 अगस्त को ऑस्ट्रेलिया के मार्नस लाबुशेन क्रिकेट इतिहास में पहले कन्कशन सब्स्टीट्यूट प्लेयर बने थे। उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ स्टीव स्मिथ की जगह ली थी।

डेड बॉल नियम के अनुसार, फील्डिंग टीम का कोई सदस्य गलत तरीके से मूवमेंट करता दिखाई देता है तो बैटिंग साइड टीम को पेनल्टी के तौर पर 5 रन दिए जाएंगे। ऐसे में यदि बैटर शॉट मारता था तो वह रन नहीं माने जाते थे। अब वे माने जाएंगे। नए नियम के मुताबिक डेड बॉल पर वाइड और नॉ बॉल हुई तो उसका भी रन होगा। बॉलिंग एंड पर खड़े अंपायर को लेग अंपायर के साथ ही फील्डिंग टीम के कप्तान और बैटर्स को डेड बॉल देने का कारण भी बताना होगा।

# प्र.मंत्री मोदी के स्वागत के लिए भाजपा मुख्यालय में तैयारियां जोरों पर

## प्र.मंत्री के कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा के लिए मु.मंत्री भजन लाल व प्रदेशाध्यक्ष सी.पी. जोशी ने पदाधिकारियों की बैठक ली

जयपुर, 4 जनवरी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भाजपा के पहले प्रधानमंत्री हैं जो राजस्थान प्रदेश मुख्यालय आएंगे और विधायकों और पदाधिकारियों की बैठक लेंगे। इसके लिए भाजपा मुख्यालय को दुल्हन की तरह सजाया गया है।

शहर में 5 जनवरी से लेकर 7 जनवरी तक होने वाले महानिदेशक और

- प्रदेश कार्यालय में प्रधानमंत्री मोदी भाजपा के प्रदेश पदाधिकारियों की बैठक लेंगे।
- प्रदेश अध्यक्ष सी.पी. जोशी ने पत्रकारों से बात करते हुए बताया कि, मोदी भाजपा के पहले प्रधानमंत्री हैं जो पार्टी के प्रदेश कार्यालय आएंगे।

महानिरीक्षक सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह के आगमन को लेकर भाजपा और प्रशासन दोनों तैयारियों में जुट गए हैं।

इस संबंध में आज भाजपा प्रदेश कार्यालय में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी, भाजपा संगठन महामंत्री चन्द्रशेखर के नेतृत्व में पार्टी पदाधिकारियों की बैठक हुई। बैठक में प्रधानमंत्री मोदी के




*प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रदेश मुख्यालय आगमन संबंधी तैयारियों का जायजा लेने के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल व प्रदेश अध्यक्ष सी.पी. जोशी ने पार्टी पदाधिकारियों की बैठक ली।*

कार्यक्रम के संबंध में दिशा-निर्देश दिये गये। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा कि, प्रधानमंत्री के जयपुर आगमन पर शहर और भाजपा प्रदेश कार्यालय को सजाया जा रहा है। प्रशासन और भाजपा के पदाधिकारी व्यवस्थाओं का जायजा ले रहे हैं। प्रभु श्री राम मंदिर के शुभारंभ को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 14 से 22 जनवरी तक स्वच्छता अभियान चलाने का आ ान किया है। इसी के साथ प्रदेश भाजपा प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के अवसर पर सुशासन दिवस मना रही है, जिसके तहत तीन दिवसीय सघन स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। अभियान की इस कड़ी में धार्मिक स्थलों के साथ-साथ सार्वजनिक पार्कों को साफ किया जा रहा है। इस अभियान में बूथ, मंडल और प्रदेश पदाधिकारियों सहित सभी स्थानीय जनप्रतिनिधि शामिल हो रहे हैं।

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी का मतलब कार्य पूरा होने की गारंटी है। राजस्थान में विधानसभा चुनावों के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जनता को गारंटी दी थी, भाजपा की सरकार बनने के साथ ही मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने उन गारंटियों को पूरा करने की दिशा में कदम उठाया और 450 रुपए में रसोई गैस सिलेंडर सब्सिडी योजना से लोगों को लाभान्वित किया।

भाजपा सरकार विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान शिविर लगा रही है, जहां अधिक से अधिक संख्या में आयुष्मान भारत योजना सहित मोदी सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से लोगों को जोडने का कार्य किया जा रहा है।

## हाटी समुदाय को एस.टी. दर्जा देने का मामला फिर लटका

शिमला, 04 जनवरी। हाटी समुदाय को जनजातीय का दर्जा देने का मामला एक बार फिर से लटक गया है। हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय ने सरकार की अधिसूचना के लागू होने पर 18 मार्च तक के लिए इसपर रोक लगा दी है।

एस.सी. समुदाय की तरफ से हाटी को जनजातीय दर्जा देने को लेकर उच्च न्यायालय में अपील की गई, जिस पर गुरुवार को न्यायालय ने अंतरिम आदेश जारी किए। हालांकि, केंद्र सरकार से कानून बनने के बाद हिमाचल सरकार ने भी इसको हरी झंडी दिखा दी थी, क्योंकि मामला न्यायालय में विचाराधीन था। ऐसे में अब हाटी समुदाय के लोगों को प्रमाणपत्र लेने के लिए न्यायालय के निर्णय का इंतजार

- हाटी समुदाय को अनुसूचित जनजाति का दर्जा देने के खिलाफ अनुसूचित जाति समुदाय ने हाई कोर्ट में अपील की थी।

करना पड़ेगा।

इस मामले में याचिकाकर्ताओं के अधिवक्ता रजनीश ने बताया कि, हाटी समुदाय को जनजातीय दर्जा देने के लिए केंद्र सरकार द्वारा किए गए संविधान संशोधन और प्रदेश सरकार की ओर से की गई अधिसूचना पर उच्च न्यायालय ने रोक लगा दी है। उन्होंने बताया कि जनजातीय दर्जा देने के लिए स्थानीय समुदाय मानदंड को आधार बनाया गया है। इसके तहत इलाके के आर्थिक पिछड़ेपन और साक्षरता को कसौटी पर रखा जाता है लेकिन हाटी समुदाय इन मानदंडों को पूरा करने में असफल रहा।

उच्च न्यायालय ने पाया कि ट्रांसगिरि क्षेत्र में रहने वाला हाटी समुदाय निर्धारित शैक्षणिक और आर्थिक प्रावधानों को पूरा नहीं कर पाया है।

# राजस्थान में धौलपुर और बांसवाड़ा आएगी राहुल की यात्रा

जयपुर, 4 जनवरी (का.प्र.)। कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा, जो 14 जनवरी से शुरू हो रही है इस बार राजस्थान में सिर्फ दो जिलों से गुजरेगी। लगभग 6700 किलोमीटर की दूरी तय करने वाली यह यात्रा राजस्थान में 128 किलोमीटर तक का ही सफर करेगी।

राहुल गांधी की अगुवाई में मणिपुर से शुरू होने वाली यह यात्रा उत्तर प्रदेश में आने के बाद आगरा से धौलपुर जिले में प्रवेश करेगी और वहां से फिर मध्य प्रदेश के ग्वालियर चली जाएगी। वही मध्य प्रदेश की यात्रा पूरी होने के बाद उज्जैन से यात्रा बांसवाड़ा जिले में प्रवेश करेगी और बांसवाड़ा के बाद गुजरात के दाहोद में प्रवेश कर जाएगी। ऐसे में इस बार राहुल गांधी की न्याय यात्रा का राजस्थान में बहुत ज्यादा प्रवास नहीं रहेगा। इससे पहले राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा राजस्थान में 11 दिन से

- कांग्रेस के सूत्रों ने कहा कि, भारत जोड़ो न्याय यात्रा प्रदेश में 128 किलोमीटर का सफर करेगी।
- पहले तो यात्रा आगरा से धौलपुर में प्रवेश करेगी फिर वहां से मध्य प्रदेश जाएगी। मध्य प्रदेश से यात्रा बांसवाड़ा आएगी वहां से गुजरात चली जाएगी।

ज्यादा रही थी और झालावाड़, कोटा, बूंदी, सवाई माधोपुर, दौसा और अलवर जिले से गुजरी थी।

## केजरीवाल और ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

है। दिल्ली भाजपा प्रमुख विरेन्द्र सचदेव ने "आप" को "चोरों की बारात" बताया।

उन्होंने कहा कि "मैं आज सुबह से ही देख रहा हूं कि चोरों की बारात केजरीवाल के लिए हाय-हुल्लड़ और विलाप कर रही है। जब आपने भ्रष्टाचार किया था, उस वक्त क्या हो गया था? आप जांच एजेंसी से भाग रहे हैं। ई.डी. ने आपको तीन बार तलब किया, लेकिन आप उपस्थित नहीं हुए। अब आप विलाप कर रहे है कि आपको गिरफ्तार किया जा सकता है। दिल्ली के मुख्यमंत्री, नियमों की पालना करना आपकी जिम्मेवारी है लेकिन आप उसका पालन नहीं कर रहे है।"

आप नेता जैस्मीन शाह ने दावा किया कि भाजपा "आप" को खत्म करना चाहती है। उन्होंने कहा कि "यह स्पष्ट है कि भाजपा लोकसभा चुनावों से पूर्व आम आदमी पार्टी को समाप्त करना और अरविन्द केजरीवाल को गिरफ्तार करना चाहती है। वह कानूनी प्रक्रिया के साथ सहयोग को तैयार हैं। उन्हें अब तक भेजे गए सभी समन अवैध हैं।"

भाजपा सांसद रमेश बिधूड़ी ने इस पर पलटवार करते हुए कहा है कि "आप" के नेता विलाप कर सवाल कर रहे हैं कि क्या अरविन्द केजरीवाल को गिरफ्तार किया जा सकता है। मैं सभी से एक प्रश्न पूछना चाहूंगा कि यदि पुलिस बार-बार किसी के घर जाकर उसे अपने साथ चलने को कहती है और वह इससे इन्कार करता है तो क्या उसे गिरफ्तार किया जाना चाहिए अथवा नहीं? या क्या कानून किसी साधारण व्यक्ति और किसी वी.आई.पी. के लिए अलग-अलग है?

## आखिर किस...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

थे, इसके बावजूद कि उनकी पार्टी 2020 के विधानसभा चुनावों में आर.जे.डी. व भाजपा के बाद तीसरे स्थान पर रही थी। स्पष्ट है कि, अब नीतीश कुमार के आर.जे.डी. के साथ पुराने जैसे संबंध नहीं हैं, क्योंकि, लालू यादव अपने पुत्र तेजस्वी यादव को मुख्यमंत्री बनाना चाहते है। संभवत: जद (यू) ने एक साथ चुनाव कराने की बात इसलिए शुरु की है, ताकि, नीतीश कुमार महागठबंधन का नेतृत्व करना बरकरार रख सकें, जिसका एक और संभावित लाभ होगा, बिहार विधानसभा में जद (यू) की शक्ति में इज़ाफा। कहा जा रहा है कि, कुमार लालू को एक साथ चुनाव करवाने के लाभ समझा रहे हैं। उनका मुख्य तर्क यह है कि, इससे "नौकरी के बदले जमीन" घोटाले में तेजस्वी यादव तथा लालू के परिवार के अन्य सदस्यों की संभावित गिरफ्तारी को टाला जा सकता है। तथापि, राजद इस विचार को लेकर अधिक उत्साहित और इच्छुक नहीं है, क्योंकि, ऐसा होने पर कुमार को जद (यू) की ताकत को बढ़ाने का मौका मिलेगा और राजद को कोई फायदा नहीं होगा। लोकसभा के साथ विधानसभा चुनाव कराने के आइडिया पर चर्चा सही समय पर शुरु हुई है। कुछ ही महीनों में लोकसभा चुनाव होने हैं, यही समय है जब कुमार अपने तथा अपनी पार्टी के लिए सबसे अच्छा सौदा कर सकते हैं।

## आंध्र में कांग्रेस ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

था कि पिछले दशक में पार्टी छोड़ चुके नेताओं का कांग्रेस में फिर से आने के लिए स्वागत है। खड़गे ने उम्मीद जताई कि कांग्रेस कार्यकर्ता उन प्रगाढ़ संबंधों को पुनर्स्थापित करने के लोगों के कभी कांग्रेस पार्टी के साथ रहे थे।"

जगन मोहन रेड्डी को जब भ्रष्टाचार के एक केस में जेल की सजा हो गई थी तब शर्मीला ने वर्ष 2012-13 में अपने भाई के लिए एक अभियान चलाकर 3100 किमी की पदयात्रा की थी।

भाई के जेल में छूटने के बाद वर्ष 2019 में आंध्र प्रदेश में हुए विधानसभा चुनावों में शर्मीला ने वाय.एस.आर.पी. की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, लेकिन भाई से मतभेद होने के बाद उन्होंने वर्ष 2021 में एक और पदयात्रा निकाली।

पिछले वर्ष हुए तेलंगाना विधानसभा चुनाव से पूर्व उन्होंने निर्णय लिया था कि उनकी पार्टी यहां चुनाव नहीं लड़ेगी। इस प्रकार से उन्होंने कांग्रेस के प्रति अपने समर्थन को जाहिर कर दिया था।

शर्मीला ने कहा कि "राहुल गांधी ने भारत जोड़ो यात्रा निकालकर ना केवल मेरा बल्कि भारत के अधिकांश लोगों का भरोसा बढ़ाया है और इसी यात्रा के कारण कर्नाटक में कांग्रेस की जीत हुई। मुझे आभास हो गया था कि इस यात्रा का तेलंगाना में भी दूरगामी प्रभाव पड़ेगा क्योंकि वहां उसके जीतने की संभावना थी। मैंने तेलंगाना में चुनाव ना लड़ने का निर्णय बड़ी सादगी से लिया क्योंकि मैं के.सी.आर. विरोधी वोटों का बिखराव नहीं चाहती थी।

# सी.बी.आई. को राज्य में जांच के लिए सामान्य सहमति के आदेश

जयपुर, 4 जनवरी (का.सं.)। राज्य सरकार प्रदेश में भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरैंस की नीति अपनाते हुए कार्य कर रही है। भ्रष्टाचार मुक्त प्रशासन एवं दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई राज्य सरकार की प्राथमिकता है। इसी क्रम में मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने गुरूवार को केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को राज्य से जुड़े मामलों में जांच के लिए राज्य सरकार से सामान्य सहमति की अनुमति दे दी है। अब केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो को राज्य में अनुसंधान के लिए प्रत्येक मामले में राज्य सरकार की अनुमति की आवश्यता नहीं होगी। इस संबंध में गृह विभाग द्वारा अधिसूचना जारी करने के बाद अब भ्रष्टाचारियों के विरूद्ध सी.बी.आई. त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई कर पाएगी।

उल्लेखनीय है कि, पिछली सरकार द्वारा सीबीआई को अनुसंधान हेतु दी गई

- अब सी.बी.आई. को राज्य से जुड़े मामलों में जांच के लिए राज्य सरकार की स्वीकृति नहीं लेनी होगी।
- मुख्यमंत्री भजन लाल ने भ्रष्टाचार उन्मूलन के लिए इस आदेश को स्वीकृति प्रदान की है।

सामान्य सहमति का निर्णय वापस ले लिया गया था। इससे अनुसंधान में विलम्ब एवं अपराध के साक्ष्य नष्ट होने की संभावना बनी रहती थी। मुख्यमंत्री के इस निर्णय से सीबीआई राज्य में भ्रष्टाचारियों के विरूद्ध प्रभावी कार्रवाई कर सकेगी, इससे राज्य में भ्रष्टाचार पर लगाम लगेगी।

## राम मंदिर के प्रवेश द्वार पर शेर, हाथी, हनुमान व गरूड़ की मूर्ति स्थापित

अयोध्या, 04 जनवरी। भगवान राम की जन्मभूमि पर निर्माणाधीन मंदिर के प्रवेश द्वार पर आज गज, सिंह, हनुमान और गरुड़ जी की मूर्तियाँ स्थापित की गईं। राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास ने यह जानकारी दी। न्यास ने बताया कि, आज राम जन्मभूमि मन्दिर के प्रवेश द्वार पर

- ये मूर्तियाँ राजस्थान के भरतपुर के ग्राम बंसीपहाड़पुर के हल्के गुलाबी रंग के बलुआ पत्थर से बनी हैं।

गज, सिंह, हनुमान और गरुड़ जी की मूर्तियाँ स्थापित की गई हैं। ये मूर्तियाँ राजस्थान के भरतपुर जनपद के ग्राम बंसीपहाड़पुर के हल्के गुलाबी रंग के बलुआ पत्थर से बनी हैं। उल्लेखनीय है कि, मंदिर का निर्माण भी इसी पत्थर से किया जा रहा है। न्यास ने मूर्तियों की तस्वीरें भी जारी की हैं।

# तेजस्वी ने की नीतीश से मुलाकात, अटकलें तेज

पटना, 04 जनवरी। लोकसभा चुनाव के लिए जद (यू) द्वारा अरुणाचल प्रदेश की एक सीट और बिहार की सीतामढ़ ी सीट पर अपने उम्मीदवारों की एकतरफा घोषणा के एक दिन बाद आज उपमुख्यमंत्री एवं राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव की मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मुलाकात को लेकर सियासी अटकलें तेज हो गई हैं।

विपक्षी गठबंधन इंडिया के घटकों के बीच सीट बंटवारे पर किसी अंतिम निर्णय से पहले ही जद (यू) द्वारा अपने उम्मीदवारों की घोषणा के बाद राजनीतिक गलियारे में कई अटकलें लगाई जा रही हैं। उपमुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव ने गया से लौटने के तुरंत बाद मुख्यमंत्री कुमार से मुलाकात की।

पिछले दो-तीन दिनों से कुमार को विपक्षी गठबंधन इंडिया का संयोजक बनाए जाने की संभावनाओं को लेकर

- लोकसभा चुनाव के लिए जद (यू) द्वारा अरूणाचल प्रदेश व बिहार की सीतामढ़ी सीट पर उम्मीदवारों की एकतरफा घोषणा से बिहार में सियासी हलचल तेज हो गई है।
- इंडिया ब्लॉक के घटकों से चर्चा के बिना जद (यू) ने यह घोषणा की है।
- जद (यू) में नीतीश समर्थकों का कहना है कि, कुमार को इंडिया गठबंधन का संयोजक पहले ही बना देना चाहिए था, इसमें इतनी देरी क्यों हो रही है।

अटकलबाजी चल रही है लेकिन गठबंधन में अब तक इस मुद्दे पर कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया है। बिहार के भवन निर्माण मंत्री और मुख्यमंत्री के करीबी अशोक चौधरी ने बुधवार को कहा था कि, यदि कुमार इतने व्यापक रूप से स्वीकार्य नेता हैं तो उन्हें बहुत पहले ही इंडिया गठबंधन का संयोजक बना दिया जाना चाहिए था। उन्होंने पूछा था, गठबंधन के नेताओं ने इतनी देरी क्यों की?

वहीं, दूसरी ओर महागठबंधन सरकार में जद (यू) कोटे से दो वरिष्ठ मंत्रियों, मदन सहनी और रत्नेश सदा ने कुमार को गठबंधन का प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार बनाने की पुरजोर वकालत करते हुए कहा कि, इस कदम से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को अगले लोकसभा चुनाव में केंद्र की सत्ता से बाहर करना आसान हो जाएगा। हालांकि, दोनों नेताओं ने कहा कि, यह उनकी सलाह है, मांग नहीं।

उपमुख्यमंत्री यादव ने बुधवार को कुमार को इंडिया गठबंधन का संयोजक बनाने के किसी भी कदम के बारे में अपनी अनभिज्ञता जताई थी। हालांकि, उन्होंने कहा था कि, यह अच्छा होगा कि यदि कुमार जैसे व्यापक अनुभव वाले नेता को इंडिया का संयोजक बनाया जाए।

मुख्यमंत्री आवास से बाहर निकलने के बाद यादव ने मीडियाकर्मियों से बात नहीं की। मुख्यमंत्री से मुलाकात के बाद यादव की चुप्पी ने गठबंधन की गतिविधियों और कुमार के अगले कदम को लेकर अटकलें और तेज कर दी हैं।

## सुप्रीम कोर्ट से...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

किया था।

न्यायाधीश बी.आर. गवई व संदीप मेहता की बैंच इलाहाबाद हाई कोर्ट के उस आदेश के खिलाफ दाखिल विशेष अनुमति याचिका पर सुनवाई कर रही थी जिसमें हाई कोर्ट ने खेड़ा के खिलाफ चल रहे आपराधिक मामले को रद्द करने से इंकार कर दिया। खेड़ा ने मुम्बई में आयोजित प्रैस वार्ता में नरेन्द्र मोदी के नाम को लेकर टिप्पणी इस प्रकार की थी "नरेन्द्र गौतम दास मोदी"। गुरूवार को सुनवाई के दौरान खेड़ा की याचिका को सरसरी तौर पर खारिज कर दिया गया। उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से मामले की पैरवी कर रहे सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि खेड़ा की याचिका का जवाब आरोप पत्र के तथ्यों के आधार पर दाखिल किया गया है।

जस्टिस गवई ने वरिष्ठ वकील सलमान खुर्शीद से कहा जो खेड़ा के मामले में पैरवी के लिए उपस्थित थे कि "उन्होंने केवल चार्जशीट पर ही भरोसा किया है। परन्तु अब आप माफी पर माफी मांग रहे हैं।" न्यायाधीश मेहता ने यह भी कहा कि "किसी भी किए गए अपराध को खत्म कर देने की कामना करना, क्या यह संभव है? अन्ततोगत्वा, बैंच ने विशेष अनुमति याचिका को खारिज करने का फैसला किया। आज की बैंच का समय समाप्त होने से पहले न्यायाधीश गवई ने कहा "वैसे भी, क्षमा करें, हम इसके इच्छुक नहीं है।"

# बडगाम में आतंकवादी मॉड्यूल का भंडाफोड़

श्रीनगर, 04 जनवरी। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने गुरुवार को बडगाम जिले में सात कथित ओवर ग्राउंड वर्कर्स (ओजीडब्ल्यू) को गिरफ्तार कर एक आतंकवादी मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया। पुलिस ने कहा कि, पकड़े गए आरोपी व्यक्ति बीरवाह क्षेत्र और उसके आसपास पोस्टर चिपकाकर राष्ट्र विरोधी आतंकवादी प्रचार प्रसार में शामिल थे। पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार किए गए लोगों की पहचान, रोमेन रसूल शेख, इरफान नजीर शेख, रिजवान नजीर शेख, साहिल जाविद शेख (सभी बोनेट बीरवाह के निवासी), जहांगीर बशीर मीर, तारिक अशरफ शेख (दोनों उटलीगाम बीरवाह के निवासी) और गांधीपोरा, बीरवाह निवासी शाकिर लतीफ पठान के रूप में हुयी है।

पुलिस ने कहा कि मॉड्यूल का नेतृत्व रोमेन शेख और इरफान शेख

- जम्मू-कश्मीर पुलिस ने सात लोगों को गिरफ्तार किया।
- इनके पास से राष्ट्र विरोधी पोस्टर मिले हैं।

करते थे। जांच के दौरान पता चला है कि, दोनों लश्कर-ए-तैयबा के पाकिस्तानी हैंडलर के सम्पर्क में थे।

एक पुलिस बयान में कहा गया, "सामने आया कि दोनों व्यक्ति स्थानीय प्रेरक के रूप में काम करते हुए अन्य पांच व्यक्तियों को सौंपे गए कार्यों को पूरा करने का निर्देश दिया करते थे।"

बयान में कहा गया है कि, पकड़े गए व्यक्तियों के पास से आपत्तिजनक साक्ष्य बरामद किए गए हैं और मामले की जांच की जा रही है।

# कांग्रेस ने राहुल गांधी की भारत न्याय ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

में ही इसका नाम बदल दिया गया है। वरिष्ठ कांग्रेसी नेता जयराम रमेश ने बताया कि पिछले साल की "भारत जोड़ो यात्रा" का जो प्रभाव पड़ा था, उसी माहौल को पुन: बनाने के लिए भारत न्याय यात्रा में जोड़ो शब्द जोड़ा गया है।

राहुल गांधी की यात्रा का उद्देश्य भारतवासियों का राजनीतिक, आर्थिक और सामाजिक न्याय दिलाना है। जयराम रमेश ने कहा कि न्याय, भारतीय संविधान की प्रस्तावना का पहला स्तंभ है जबकि भाईचारा, समानता और

- कांग्रेस नेताओं का मत है कि, भारत जोड़ो यात्रा के बाद आम लोगों में राहुल गांधी की छवि सुधरी है तथा लोग उन्हें गंभीर राजनेता के तौर पर स्वीकारने लगे हैं।

स्वतंत्रता बाद के स्तंभ है।

कांग्रेस के अनुसार, भारत जोड़ो कन्याकुमार-श्रीनगर यात्रा, जो कि दक्षिण से उत्तर भारत की ओर गयी थी, ने बहुत सद्भावना फैलायी थी। कांग्रेसी नेताओं के अनुसार, इस यात्रा से लोगों की राहुल गांधी के प्रति सोच में बदलाव आया था और उनकी छवि एक गंभीर और आम आदमी के नेता के रूप में स्थापित हुई थी।

भारत जोड़ो न्याय यात्रा इम्फाल से दोपहर 12:30 बजे शुरु होगी। यह मणिपुर, नागालैण्ड, आसाम, अरूणाचल, मेघालय और पश्चिम बंगाल होते हुये सैन्ट्रल इण्डिया पहुँचेगी।

पिछली यात्रा की तरह, यह पूरी तरह पैदल यात्रा नहीं होगी, जयराम रमेश ने कहा, यात्रा का कुछ भाग बसों में भी तय किया जायेगा।

यह परिवर्तन, वरिष्ठ नेताओं के स्वास्थ्य एवं आगामी लोकसभा चुनावों के नज़दीक आने के कारण किया गया है। क्योंकि गत वर्ष एकदम फिट राहुल गांधी के साथ कदम मिलाकर चलने की कोशिश में कई नेता बहुत ज्यादा थक गए थे, और ये घटनाएं बहुत चर्चा में आईं थीं।

जयराम रमेश ने कहा, "हम इण्डिया गठबंधन की सभी पार्टियों के नेताओं, समर्थकों, आमजन और एन.जी.ओ. को इस यात्रा में भाग लेने के लिए निमंत्रण दे रहे है।"

जब उनसे पूछा गया कि अरविन्द केजरीवाल की आप पार्टी को भी निमंत्रण दिया है तो उन्होंने कहा कि इण्डिया गठबंधन के सभी दलों को निमंत्रण दिया है और अरविन्द केजरीवाल और आप भी इण्डिया के भाग हैं। कांग्रेस ने कहा, विपक्षी दलों के सभी मुख्यमंत्री यात्रा को हरी झंडी दिखाने के लिए इम्फाल में मौजूद रहेंगे।

# 'कतर की सर्वोच्च अदालत में 60 दिन के भीतर अपील की जाएगी'

## विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर सिंह ने पत्रकारों को बताया

नयी दिल्ली, 04 जनवरी। कतर में सज़ायाफ्ता भारतीय नौसेना के आठ पूर्व अधिकारियों की सज़ा के खिलाफ़ वहां की सर्वोच्च अदालत में 60 दिन के भीतर अपील की जाएगी।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने आज यहां नियमित ब्रीफिंग में कतर की अपीलीय अदालत के 28 दिसंबर के फैसले के बारे में एक सवाल के जवाब में कहा कि, हमारी कानूनी टीम के पास कतर की अपीलीय अदालत का आदेश है जो गोपनीय है। कतर की सर्वोच्च अदालत में अपील करने के लिए 60 दिन का समय है। हम

- उल्लेखनीय है कि, कतर में जासूसी के आरोप में आठ पूर्व नौसैनिक अधिकारियों की मौत की सज़ा के मामले में 28 दिसम्बर को अपीलीय अदालत ने अपना फैसला सुनाया और उनकी सज़ा को अलग -अलग कारावास में बदल दिया गया।

सर्वोच्च अदालत में अपील करेंगे। हम परिवार के सदस्यों और कानूनी टीम के संपर्क में हैं।

उल्लेखनीय है कि, कतर में जासूसी के आरोप में आठ पूर्व नौसैनिक अधिकारियों की मौत की सज़ा के मामले में 28 दिसंबर को अपीलीय अदालत ने अपना फैसला सुनाया और उनकी सज़ा को अलग अलग कारावास में बदल दिया गया।

ब्रीफिंग में, यूक्रेन रूस युद्ध के बीच भारत निर्मित तोप के गोले मिलने की रिपोर्टों पर जब स्पष्टीकरण मांगने पर जायसवाल ने साफ शब्दों में कहा, हमने यूक्रेन को तोपखाने का कोई गोला-बारूद नहीं भेजा है।

अयोध्या में 22 जनवरी को श्रीराम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह में विदेशी प्रतिनिधियों को निमंत्रण दिये जाने के बारे में एक प्रश्न के उत्तर में प्रवक्ता ने कहा कि, निमंत्रण श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास दे रहा है और यह उन पर निर्भर करता है कि वे किनको बुलाते हैं। ईरान में कल हुई बम विस्फोट की घटना के बारे में पूछे जाने पर जायसवाल ने कहा कि, भारत ने कल एक बयान जारी किया है। हमने कहा है कि हम इस घटना की निंदा करते हैं। हम ईरान के लोगों और ईरान सरकार के साथ खड़े हैं। हमारी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं ईरान के लोगों के साथ हैं।

## उत्तर भारत ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

(विज़िबिलिटी) के कारण अधिकतम दिल्ली से आने व जाने वाली 26 ट्रेनों के आगमन व प्रस्थान में विलम्ब हुआ है। इस कड़ाके ठंड के चलते, घने कोहरे व अत्यधिक कम दृश्यता ने देश के उत्तरी एवं उत्तर पूर्व के क्षेत्रों को अपनी चपेट में ले लिया है।

दिल्ली के अतिरिक्त उत्तर प्रदेश के गोरखपुर में जबरदस्त धुंध और कोहरा देखा गया है तथा प्रयागराज के बाहर कोहरा छाया हुआ है और प्रयागराज शहर में तो गुरुवार सुबह हल्की बारिश भी हुई है।

जयपुर के भांकरोटा इलाके भी घने कोहरे व धुंध के कारण दृश्यता काफी कम रही। आई.एम.डी. के अनुसार राष्ट्रीय राजधानी में अधिकतम तापमान आज 15 के आस-पास रहने की संभावना है और आगामी दो दिनों में कोहरे की स्थिति में कमी रहेगी। हालांकि, अगले 2-3 दिननों तक दिल्ली व राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में शीतलहर बने रहने के आसार हैं।

## 'सरकारी ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

अनुमति प्रदान कर सकते हैं। न्यायाधीश ने यह भी कहा कि "आप सम्पदा निदेशालय को अपना प्रतिवेदन प्रस्तुत कीजिए और वो उस आवेदन पत्र पर नियम के प्रावधान अनुसार कार्यवाही करेंगे।"

इसके बाद कोर्ट ने मोइत्रा को अपनी याचिका वापस लेने की अनुमति प्रदान कर दी, सुनवाई के दौरान यह बात सामने आई कि कानूनन निदेशालय की और से सरकारी आवास में रहने वाले व्यक्ति को आवास खाली कराने के लिए उसे पहले नोटिस देने का प्रावधान है।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक:- राजेश शर्मा। आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालय:-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालय:-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालय:-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालय:-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय: एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908